दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 195 जयपुर | मंगलवार, 20 मई, 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत्-2082 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## अलवर में श्वेत क्रांति द्वितीय चरण एवं अलवर दुग्ध संघ दिवस कार्यक्रम

# राज्य और केन्द्र की सरकार किसान-पशुपालकों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री शर्मा

### कहा : डेयरी संघों से पशुपालकों के सामर्थ्य को मिली नई पहचान

### सहकार से आत्मनिर्भरता, आजीविका और विकास को मिली गति





## 300 करोड़ रूपये की लागत से अलवर में तैयार होगा 5 लाख लीटर क्षमता का नवीन दूध संयंत्रा - केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा ने कहा कि दुग्ध संघ पशुपालकों के सामर्थ्य के प्रतीक के रूप में उभर रहे हैं। छोटे पशुपालकों की यह संस्थाएं, जिस बड़े पैमाने पर संगठित होकर काम कर रही है, वह 'सहकार ही शक्ति है' को धरातल पर सफ्लता से क्रियान्वित कर रही है। इन संघों ने विकास, जनभागीदारी और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की डेयरी क्षेत्रा में सक्रियता प्रमुखता से बढ़ी है, जिससे उनका आर्थिक सशक्तीकरण हो रहा है। शर्मा सोमवार को अलवर में श्वेत क्रांति द्वितीय चरण एवं अलवर दुग्ध संघ दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सिलिसेढ़ क्षेत्रा से नलकूप व पाइपलाइन के माध्यम से अलवर शहर की पेयजल योजना संवर्द्धन कार्य (लगभग 23.27 करोड़) का शिलान्यास और अलवर डेयरी के नवीन उत्पाद मावा तथा 15 किलो के पैक में टोन्ड मिल्क के दही की लाचिंग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पशुपालकों और किसानों की मेहनत का उत्सव है। अलवर के गांवों ने 50 से अधिक साल पहले अलवर दुग्ध संघ के रूप में जो पौधा लगाया था, आज वह एक वटवृक्ष बन गया है। जब इस दुग्ध संघ की स्थापना हुई थी, तब यह 500 लीटर दूध का संकलन करता था, जोकि वर्तमान में रोजाना औसतन डेढ़ लाख लीटर हो गया है। साथ ही, यह संघ करीब 50 हजार लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करवा रहा है।

### केन्द्र और राज्य ने किसानों-पशुपालकों के कल्याण के लिए उठाए निर्णायक कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार किसान-पशुपालकों के कल्याण और डेयरी क्षेत्रा के उत्थान के लिए निर्णायक कदम उठा रही है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सम्मान निधि देने का काम किया है। जिसे हमने राजस्थान में बढ़ाकर 9 हजार रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गेहूं के समर्थन मूल्य पर अतिरिक्त बोनस दिया जा रहा है और आज यह देश में सर्वाधिक है।

### बिजली-पानी की पर्याप्त आपूर्ति होगी सुनिश्चित

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से राजस्थान को राम जल सेतु लिंक परियोजना की सौगात मिली है। इस योजना के माध्यम से अलवर सहित पूर्वी राजस्थान को पेयजल और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। वहीं, शेखावाटी क्षेत्रा के लिए यमुना जल समझौते और माही, देवास परियोजना के विकास का काम भी हाथ में लिया गया है। हमने इंदिरा गांधी नहर परियोजना के लिए 3400 करोड़ रूपये भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी किसानों को 2027 तक दिन में ही बिजली देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में लगभग 60 हजार से अधिक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध भी करवाई जा रही है। साथ ही, हम फीडर सुधार योजना पर भी प्रमुखता के साथ कार्य कर रहे हैं।

### 30 हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरित

श्री शर्मा ने कहा कि लगभग 47 लाख किसानों को करीब 30 हजार करोड़ रुपये के अल्पकालीन ब्याज मुक्त फसली ऋण का वितरण किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुओं के लिए टोल फ्री मोबाइल वेटनरी सेवा नंबर 1962 और मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना प्रारंभ भी की गई है। साथ ही, हमारी सरकार ने राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना लागू की, जिसके तहत 37 हजार से अधिक गोपालकों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध भी कराए जा चुके हैं।

### 17 महीनों के कार्यकाल में एक भी पेपरलीक नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं का सशक्तीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में नौनिहालों को सप्ताह में 5 दिवस दूध उपलब्ध करवाया जा रहा है। इससे नौनिहालों को उचित पोषण मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के बेटे के रोजगार के सपनों को पूरा करने के लिए पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। हमारे 17 महीनों के कार्यकाल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ है। वहीं हमनें पूर्ववर्ती सरकार के समय में पेपरलीक में लिप्त लगभग 300 आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया है।

### सेना ने दिखाया अदम्य साहस, आंतकी ठिकानों को किया तबाह

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 अप्रेल को पहलगाम में हुए आंतकी हमले से पूरे देश में रोष था। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए सीमापार आंतकी ठिकानों को तबाह किया। हमारी सेना हर दुस्साहस का मुहंतोड जवाब देती है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति रहा है और जल्द ही तीसरी आर्थिक शक्ति भी बनेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था भी वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, राजस्थान को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड एवं राजीविका की ओर से लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया।

### मुख्यमंत्री ने किया महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मोती डूंगरी स्थित पार्क में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। लगभग 50 लाख रूपये की लागत से बनी यह प्रतिमा पंचधातु से निर्मित है। इस प्रतिमा की उंचाई साढ़े 12 फीट और वजन 2 हजार 200 किलोग्राम है। श्री शर्मा ने यहां मौलश्री पौधे का रोपण भी किया। इस दौरान सर्व समाज द्वारा मुख्यमंत्री श्री शर्मा का साफा पहनाकर एवं राजपूत समाज द्वारा तलवार कर अभिनन्दन किया गया।

### 300 करोड रूपये की लागत से अलवर में तैयार होगा 5 लाख लीटर क्षमता का नवीन दूध संयंत्रा - केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री

केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने डेयरी को बढावा देने के लिए चार आयाम दिए हैं। इसमें महिला सशक्तिकरण, स्थानीय दुग्ध उत्पादन को बढावा, डेयरी की बुनियादी ताकत को मजबूत करना एवं डेयरी के निर्यात को बढावा देना शामिल है। उन्होंने मुख्यमंत्री का 23.26 करोड रूपये की सिलीसेढ पेयजल योजना का शिलान्यास करने एवं अलवर डेयरी के लिए सवा सौ करोड रूपये के बजट आवंटित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### आरसीए में सत्ता संघर्ष, कमेटी दो गुटों में बंटी

#### कन्वीनर बिहाणी के खिलाफ चार सदस्यों ने खोला मोर्चा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ की कार्यकारी समिति (एडहॉक कमेटी) अब दो गुटों में बंट गई है। 6 सदस्यों वाली इस कमेटी में जहां एक तरफ कन्वीनर के साथ एक अन्य सदस्य है, तो वहीं दूसरी तरफ चार अन्य सदस्य हो गए। इन्हीं 4 सदस्यों ने सोमवार को एक बैठक कर कन्वीनर जयदीप बिहाणी के खिलाफ प्रस्ताव पास करते हुए उनके पिछले दिनों लिए सभी निर्णयों को रद्द कर दिया। कमेटी की इस बैठक में सदस्यों की सहमति के बिना लिए गए बिहाणी के फैसलों को निरस्त कर दिया गया। इस बैठक में धनंजय सिंह खींवसर, धर्मवीर सिंह, हरिचंद्र सिंह और रतन सिंह थे। बैठक के बाद सदस्यों ने मीडिया से बातचीत करते हुए बिहाणी पर मनमर्जी से कमेटी चलाने का आरोप भी लगाया। गौरतलब है कि 19 दिन पहले डीसीए पाली के सचिव धर्मवीर सिंह को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में वित्तीय अनियमितताओं और चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए नोटिस दिया और जरूरी दस्तावेजों के साथ रिकॉर्ड मांगा गया था।

### ज्योति की गिरफ्तारी के बाद सुर्खियों में यूट्यूबर यात्री डॉक्टर

#### पाकिस्तान जा चुके हैं रोहतक के नवांकुर, बोले- जासूसी की हो तो जेल भेज देना

बढ़ता राजस्थान

**रोहतक/रेवाड़ी (एजेंसी)।** हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के पाकिस्तान के लिए जासूसी करने पर पकड़े जाने के बाद एक और यूट्यूबर सुर्खियों में है। यूट्यूबर का नाम नवांकुर धनखड़ है और वे डॉक्टर यात्री के नाम से यूट्यूब चैनल चलाते हैं। डॉक्टर यात्री भी पिछले साल मार्च में पाकिस्तानी दूतावास की नेशनल डे पार्टी में शामिल हुए थे, जिसमें ज्योति पाक दूतावास के अधिकारी दानिश से फ्रेंडली तरीके से मिलती हुई नजर आई थी। ज्योति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर डॉक्टर यात्री यूट्यूब चैनल चलाने वाले नवांकुर धनखड़ के साथ सेल्फी पोस्ट की थी।

ज्योति की तरह वह भी पाकिस्तान जा चुके हैं। इसके फोटो उन्होंने अपने अकाउंट पर शेयर किए थे। जिसके बाद सोशल मीडिया पर उन पर भी जासूस होने के आरोप लगने लगे। इसके बाद धनखड़ ने वीडियो जारी कर कहा- मैं अभी आयरलैंड में हूं। अगर मैंने कुछ गलत किया हो तो भारतीय पुलिस एयरपोर्ट पर आते ही मुझे पकड़कर जेल में डाल दे।

### हैदराबाद में आईएसआईएस से जुड़े 2 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद में आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं। इन पर बम धमाके की साजिश रचने का आरोप है। रविवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना पुलिस ने दोनों को पकड़ा और बम ब्लास्ट होने से बचा लिया। संदिग्ध आतंकियों की पहचान सिराज उर रहमान (29) और सैयद समीर (28) के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि इन दोनों को सऊदी अरब में एक्टिव आईएसआईएस मॉड्यूल से निर्देश मिल रहे थे, जो हैदराबाद में हमला करवाना चाहता था। पुलिस को इनके पास से अमोनिया, सल्फर और एल्युमिनियम पाउडर जैसे विस्फोटक सामान मिले हैं। सिराज ने विस्फोटक सामग्री विजयनगरम से जुटाई थी।

## डोटासरा का विधानसभा की कमेटी के अध्यक्ष-पद से इस्तीफा

### बोले- स्पीकर देवनानी पक्षपात और मनमानी कर रहे, उनके कई फैसले संविधान के खिलाफ

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने स्पीकर पर मनमानी और पक्षपात का आरोप लगाते हुए विधानसभा की प्राक्कलन समिति-ख के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। डोटासरा ने सोशल मीडिया पोस्ट कर इस्तीफा देने की घोषणा की। डोटासरा ने विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी पर पक्षपात करने, मनमाने फैसले करने और सरकार के दबाव में काम कर संविधान के खिलाफ फैसले लेने सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं। डोटासरा ने एक्स पर लिखा- राजस्थान विधानसभा की प्राक्कलन समिति 'ख के सदस्य पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं। प्रजातंत्र में संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की निष्पक्षता सर्वोच्च होती है, लेकिन जब निर्णय पद की गरिमा के विपरीत और पक्षपातपूर्ण प्रतीत हों तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए घातक है। डोटासरा ने लिखा- राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के हालिया निर्णय संविधान की मूल आत्मा के विरूद्ध और पूर्णत: पक्षपातपूर्ण प्रवृत्तियों को उजागर करते हैं। लोकतंत्र के मंदिर में जब निष्पक्षता सवालों के घेरे में हो, तब चुप रहना जनादेश का अपमान होता है। इसलिए इसका हम पुरजोर विरोध करते हैं और मैं प्राक्कलन समिति के सदस्य पद से त्यागपत्र देता हूं। डोटासरा ने लिखा- समितियां सिर्फ सत्ता पक्ष की मोहर नहीं होतीं, इनमें संतुलित संवाद और निगरानी की भूमिका अहम होती है। कांग्रेस विधायक नरेंद्र बुडानिया को हाल ही में विशेषाधिकार समिति का अध्यक्ष बनाया गया, लेकिन 15 दिन में उन्हें हटा दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष का यह रवैया स्तब्ध करने वाला है, क्योंकि संभवत: ऐसी समितियों के अध्यक्ष न्यूनतम 1 साल के लिए होते हैं। कंवरलाल मीणा को सजा होने के बाद अब तक विधायकी खत्म नहीं की, स्पीकर की मनमानी संविधान की खुली अवहेलना

डोटासरा ने लिखा- यह कोई पहला मौका नहीं है जब पक्षपात निर्णय देखने को मिला हो। हाल ही में हाईकोर्ट ने अंता से भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की 3 साल की सजा को बरकरार रखा।






## नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

### पांच याचिकाकर्ता आज हलफनामा देंगे; पर्सनल लॉ बोर्ड का प्रदर्शन दोबारा शुरू

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नए वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 20 मई को सुनवाई करेगा। उससे पहले केंद्र और 5 मुख्य याचिकाकर्ता आज अपना हलफनामा पेश करेंगे। 15 मई को दायर हुई नई याचिकाओं को खारिज करते हुए सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह ने कहा था कि अंतरिम राहत दिए जाने के मुद्दे पर ही सुनवाई की जाएगी। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी नए वक्फ कानून के विरोध में देशव्यापी प्रदर्शन दोबारा शुरू कर दिया है। 18 मई को जारी एक बयान में बोर्ड ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और देश में बने हालात देखते हुए, वक्फ बचाओ अभियान, जो 16 मई तक स्थगित किया गया था, उसे दोबारा शुरू किया




गया है। नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 70 से ज्यादा याचिकाएं दायर हुईं, लेकिन कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई करेगा। इसमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है। नया कानून अप्रैल में राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद लागू हुआ था। लोकसभा में 288 और राज्यसभा में 128 सांसदों ने इसका समर्थन किया था। कई विपक्षी पार्टियों ने इसका विरोध किया और सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

**केंद्र ने 25 अप्रैल को दायर किया था 1300 पेज का हलफनामा**-केंद्र ने 25 अप्रैल को दायर हलफनामे में कहा था कि कानून पूरी तरह संवैधानिक है। यह संसद से पास हुआ है, इसलिए इस पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए। 1332 पन्नों के हलफनामे में सरकार ने दावा किया 2013 के बाद से वक्फ संपत्तियों में 20 लाख एकड़ से ज्यादा का इजाफा हुआ। इस वजह से कई बार निजी और सरकारी जमीनों पर विवाद हुआ। हालांकि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सरकार के आंकड़ों को गलत बताया और कोर्ट से झूठा हलफनामा देने वाले वाले अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की थी।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

जन आरोग्य, आवास, संपर्क, जल शक्ति, पेयजल सप्लाई, मौसमी बीमारियों आदि को लेकर समीक्षा

# केंद्र एवं राज्य की प्रत्येक योजना का हो प्रभावी क्रियान्वयन, आमजन को मिले समुचित लाभ : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सोमवार को विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर समस्त योजनाओं में अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, सहायक निदेशक लोक सेवाएं लतिका पालीवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पेयजल सप्लाई की समीक्षा से की। इस दौरान समर कन्टिन्जेन्सी के लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह टैंकर से पेयजल सप्लाई को लेकर पीएचईडी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण की रिपोर्ट ली। कलक्टर ने कहा कि टैंकर्स से पेयजल सप्लाई का काम पूरी पारदर्शिता के साथ हो और अधिकारी नियमित जाँच करें तथा कहीं से भी लापरवाही की शिकायत न आए। हैंडपंप मरम्मत की समीक्षा के दौरान पीएचईडी ने बताया कि 977 हैंडपंप खराब पाए गए थे जिनमें से 950 की मरम्मत कर दी गई है। बाघेरी परियोजना से पेयजल सप्लाई की वर्तमान स्थिति से अवगत करने के निर्देश पीएचईडी और ग्रामीण विकास विभाग को दिए। जल शक्ति अभियान की समीक्षा के दौरान प्रगति बेहतर करने और हर पाक्षिक को एक समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। एवीवीएनएल ने विद्युत सप्लाई संतोषजनक होना बताया तथा पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना से अब तक जिलेभर में 505 घरों पर यूनिट लगा देने की जानकारी प्रस्तुत की। सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल से मौसमी बीमारियों, दवाइयों की उपलब्धता, तापघात के रिजर्व बेड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आदि की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए।

दिव्यांगजन के प्रमाण पत्र के आवेदन जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने बताया कि माह अप्रैल में 180 तथा मई में 160 आवेदन निस्तारित किए गए है। कलक्टर ने मिशन मोड पर शेष समस्त आवेदन निस्तारित करने के निर्देश दिए जिससे समय पर राहत दी जा सके। जिला रसद अधिकारी विजय सिंह से एनएफएसए में नवीन परिवारों के पंजीयन की समीक्षा के दौरान तीन ब्लॉक की प्रगति धीमी होने पर कलक्टर ने तुरंत प्रभाव से एनआईसी के डीआईओ को बुलाया और तीनों ब्लॉक से समन्वय तक शीघ्र से शीघ्र आवेदन निस्तारित करने के निर्देश दिए। सहायक निदेशक लोक सेवाएं लतिका पालीवाल ने संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों की स्थिति को कलक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया।



# गन्ने की ज्यूस की दुकानें बनी सड़क हादसों का कारण

हाइवे किनारे कचरा नहीं जलाये जाने के सख्त आदेश जारी करने की मांग, हाइवे पर उड़ती धूआ से सड़क हादसे की सम्भावना

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा पालिका क्षेत्र से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच 48 पर विभिन्न स्थानों पर अस्थायी गन्ने की रेहड़िया लगाकर ज्यूस की दुकाने संचालित करने वालों के चलते सड़क हादसा होने का अंदेशा बना है। सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला ने बताया कि पावटा और प्रागपुरा कस्बे में दर्जनों जगह सड़क के किनारे गन्ने की ज्यूज मशीन लगाकर युवा अपना व्यापार कर रहे है लेकिन ये सभी लोग हाइवे पर चलने वालों के लिए मुसीबत बने हुए है। ओपी बायला ने बताया कि इन लोगों की कमाई करने की जुगत तो सही है लेकिन ये सभी लोग दिनभर मशीन से ज्यूस निकालने के बाद एकत्रित कचरे को हाइवे किनारे नाले में डालकर उसमें आग लगा देते हैं और वो कचरा गिला होने से आसपास के क्षेत्र में चारों ओर धुआ हि धुआ हो जाता है। इससे हाइवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों की आंखों के सामने अचानक अंधेरा सा छा जाने व उनकी आंखों में गन्ने के कचरे की उड़ती हुई धुआ चली जाने से सड़क हादसे होने कि सम्भावना बनी रहती हैं। ओपी बायला ने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी फतेह सिंह मीणा व पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय से हाइवे पर संचालित गन्ने के ज्यूस का कार्य कर रहे लोगों को समझाइस कर गन्ने के कचरे को हाइवे किनारे नहीं जलाये जाने के सख्त आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

उन्होंने बताया कि इस गर्मी के मौसम में उमस की वजह से धुआ हवा के सम्पर्क में आकर फेफड़ों पर सीधा असर करती है जिससे कि उन्हें श्वांस लेने में भी अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ओपी बायला एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं जो हमेशा समाज के हित में काम करते हैं। उन्होंने इस मुद्दे को उठाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया है। उनकी मांग को सुनकर प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

# साहवा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

## राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव रामनिवास बिड़ोदि पहुंचे साहवा

बढ़ता राजस्थान



**साहवा (कृष्ण कुमार)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव व तारानगर विधानसभा प्रभारी रामनिवास बिड़ोदि ने साहवा पहुंचकर कांग्रेस मंडल व ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली।सोमवार को साहवा ब्लॉक अध्यक्ष मदनलाल पांडिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में साहवा कांग्रेस मंडल व ब्लॉक कमेटी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव व तारानगर विधानसभा प्रभारी रामनिवास बिड़ोदि ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले नगर निकाय व पंचायत चुनावों की तैयारियों में कार्यकर्ता अभी से मेहनत के साथ जुट जाए। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अपना निजी स्वार्थ त्याग कर, पार्टी भावना के साथ तथा पार्टी को संगठित व मजबूत करने की दिशा में काम करे। इस मौके पर साहवा मंडल अध्यक्ष भादरराम नायक, साहवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष रोहिताश सैनी, साहवा कांग्रेस मंडल प्रवक्ता शौकीन खान, यूथ कांग्रेस तारानगर उपाध्यक्ष सुनिल सैनी, कन्हैयालाल सैनी, सेवानिवृत्ति एसडीएम भानीराम धेतरवाल, रामस्वरूप भार्गव, अनवर हमीद कुरैशी आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस की रीति नीति के बारे में जानकारी दी तथा पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के साथ पार्टी हित में काम करने का आह्वान किया। इस दौरान कांग्रेस के अलीशेर खान कुम्हार, कुरड़ाराम सिहाग ,मेघराज बेरवाल, गफूरदीन ठेकेदार ,परमेश्वर लाल बेरवाल, अलीशेर खान डाल, हंसराज भाँभू ,राजपाल समरसोत, मनफूल राम समरसोत, ओंकारमल जोशी, सुनील सैनी, कपिल सैनी, लालचंद गौड़, दारासिंह सोनी, रामेश्वर लाल सोनी, किशन आसेरी, सेवानिवृत्ति ग्राम विकास अधिकारी शिवनारायण मुँदलिया, इकबाल खान चावली, बाबूलाल सैनी, भादरराम भगत , लाल मोहम्मद खान, राकेश कुमार , रोहिताश कुमार, महबूब खान, हुकमीचंद बेरवाल, विनोद कुमार, सुरेंद्र पाल धेतरवाल, रामचंद्र जोगी,श्रवण कुमार बसेर, राकेश कुमार बिस्सु , बनवारी लाल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच संचालन एनएसयूआई कार्यकर्ता संजय भरूँडिया ने किया ।

# जीव सेवा की अनूठी पहल : वीर सेवा संस्थान ने बेजुबान पशुओं के लिए लगाई प्याऊ

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** वीर सेवा संस्थान ने गर्मी के मौसम में बेजुबान पशुओं और पक्षियों के लिए एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। संस्थान ने शहर के विभिन्न हिस्सों में 200 से अधिक प्याऊ लगाई हैं, जहां पशु-पक्षी अपनी प्यास बुझा सकते हैं।वीर सेवा संस्थान के संस्थापक व अध्यक्ष तरुण जैन ने बताया कि संस्थान हर वर्ष गर्मी के मौसम में पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करता है। इस वर्ष भी हिंडौन शहर के विभिन्न स्थानों पर 11 पानी की प्याऊ घरों के बाहर लगाई गई हैं, उन्होंने बताया कि वीर सेवा संस्थान की यह पहल न केवल पशुओं की प्यास बुझा रही है, बल्कि यह हमें भी सिखाती है कि हम अपने आसपास के जीव-जंतुओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी कैसे निभा सकते हैं।इस मौके पर संस्थान के सचिव विपिन जैन ने इस मुहिम में आर्थिक व शारीरिक रूप से सहयोग करने वाले सभी भामाशाहों व सदस्यों का हृदय से आभार जताया। उन्होंने सर्व समाज से इस पहल में अपना सहयोग देने की और जीव सेवा के इस अभियान में साथी बनने की अपील की। इस मौके पर वीर सेवा संस्थान के पदाधिकारी विपिन जैन, केसी जैन, कुशल जैन, हितेश सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# उदयपुर में 18 मंदिरों में आयोजित प्राकृत विद्या शिक्षण शिविर का भव्य सामूहिक समापन एवं सम्मान समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** प्राकृत भाषा विकास फाउंडेशन एवं अखिल भारतीय दिगंबर जैन शास्त्री परिषद के तत्वावधान में उदयपुर के 18 मंदिरों में आयोजित प्राकृत विद्या शिक्षण शिविर का भव्य सामूहिक समापन एवं सम्मान समारोह आदिनाथ भवन सेक्टर 11 में परम पूज्य प्राकृताचार्य सुनील सागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं सानिध्य में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। शिविर संयोजक रितेश जैन ने बताया कि शिविर में सभी समाजजनो के लिए प्राकृत भाषा का प्रारंभिक ज्ञान,जैन संस्कार एवं प्राकृत के नीति ग्रंथों आदि का शिक्षण भारत के विभिन्न शहरों से पधारे विद्वान शिक्षकों द्वारा कराया गया जिसमें उदयपुर के 1200 शिविरार्थीयो द्वारा अत्यंत उत्साहपूर्वक प्राकृत भाषा का ज्ञानार्जन किया गया। शिविर के राष्ट्रीय संयोजक डॉ आशीष जैन आचार्य ने बताया कि समारोह की शुरुआत सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल जी वेलावत,आदिनाथ चेरिटेबल ट्रस्ट सेक्टर 11 के पारस चित्तौड़ा,कमल कांत जोलावत,अशोक शाह,भंवरलाल मुंडलिया, भगवतीलाल रजावत,विनोद रजावत, राजकुमार फत्तावत,अरुण मांडोत सहित सभी पदाधिकारियों एवं आमंत्रित अतिथियों द्वारा चित्र अनावरण,दीप प्रज्ज्वलन एवं पूर्वाचार्यों को अर्घ समर्पण कर कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया गया किया। समाज के विभिन्न जैन पाठशालाओं के विद्यार्थियों द्वारा प्राकृत भाषा की थीम पर मंगलाचरण एवं अन्य आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। समन्वयक धरनेंद्र शास्त्री ने बताया कि शिविर में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय आने वाले शिविरार्थियों को आकर्षक पुरस्कार,मेडल एवं सर्टिफिकेट द्वारा सम्मानित किया गया। साथ शिविर के सभी स्थानीय संयोजकों एवं विद्वानों का शाल,पगड़ी,प्रशस्ति पत्र द्वारा अभिनंदन किया गया।

# मिस्टर एंड मिस लेकसिटी' के तीसरे चरण के ऑडिशन सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** लेक सिटी मॉल में क्रिएशन ग्रुप की ओर से ग्रैंड फैशन इवेंट 'मिस्टर एंड मिस लेक सिटी' के तीसरे चरण के ऑडिशन का आयोजन किया गया। उदयपुर के मशहूर फैशन कोरियोग्राफर ,डांसर एवं क्रिएशन ग्रुप के डायरेक्टर- शो ऑर्गेनाइजर राजेश शर्मा ने बताया कि इस ऑडिशन में 2 वर्ष से लेकर 40 वर्ष तक के लगभग प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिया। ऑडिशन में प्रतिभागियों ने कैटवॉक के पश्चात संक्षेप में अपना परिचय एवं अपनी टैलेंट का प्रदर्शन भी किया। टैलेंट राउंड में प्रतिभागियों ने बॉलीवुड डांस,स्वरचित कविताएं, वाटर पेंटिंग, घूमर नृत्य, मोटिवेशनल पंक्तियां व पुशप्स की प्रस्तुतियां दीं एवं दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी। प्रतिभागियों ने इस अवसर पर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं उनमें इस ऑडिशन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्रिएशन ग्रुप की मैंटोर एवं एनआईसीसी की डायरेक्टर डॉ स्वीटी छाबड़ा,अशोक पालीवाल,आशीष हरकावत , इंस्टाग्राम इनफ्लुएंसर श्रीमती रमा शर्मा, उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रथम एवं द्वितीय ऑडिशन से चयनित मॉडल्स ने चमचमाते हुए आकर्षक डिजाइनर परिधानों में स्पेशल रैंप वॉक की। विगत वर्षों के विनर्स में फैशन डिजाइनर रिमझिम शर्मा,मिस्टर किंग लेक सिटी विनर खुश, एनिग्मा मिस इंडिया प्रिया कुमावत, मिस लेक सिटी टीन विनर शुभांगी जैन, डत टीन लेक सिटी रनर अप रौनक राव, मिस टीन लेकसिटी 2022 दिव्यांशी सालवी,मिस लेक सिटी 2022 रनर अप कशिश शर्मा, लेक सिटी प्रिंसेस नव्या औदिच्य ,प्रिंस लेक सिटी रनर अप गर्वित उपस्थित रहे। इन सभी मैं भी रैंप वाक की। इस अवसर पर फाइनल्स में विजेताओं को दिए जाने वाले क्राउंस, ट्रॉफीज एवं सैश भी प्रदर्शित किए गए।

# मल्टी स्पेशियलिटी चिकित्सा शिविर 25 को

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर (नि.स.)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भीलों का बेदला, उदयपुर उदयपुर टेक्स बार एसोसिएशन,उदयपुर टेक्स बार चौरिटेबल सोसायटी व सुखलेचा चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 25 मई को विशाल नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श, भर्ती एवं रक्तदान शिविर का श्री जिनदत सूरी जैन धर्मशाला, वासुपूज्य कॉम्प्लेक्स, सूरजपोल मेवाड़ मोटर्स गली में आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रात 9.30 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक चलेगा। सीए गौतम सुकलेचा ने बताया कि शिविर में मिलने वाली सेवाएँ एवं सुविधाएँ शिविर में उपलब्ध नि:शुल्क सेवाएं उपलब्ध रहेगी। जिसमें रोगियों को परामर्श, ईसीजी, शुगर व ब्लड प्रेशर की जाँच चयनित रोगियों के लिए ईको, टीएमटी, सोनोग्राफी,एक्सरे, मेमोग्राफी, पैप स्मीयर व रक्त जांच की जायेगी। सभी रोगियों को शिविर में नि:शुल्क दवाइयाँ उपलब्ध करवाई जाएँगी। उन्होंने बताया कि चयनित रोगियों हेतु विशेष नि:शुल्क सर्जिकल सेवाएँ एवं लैंस सहित मोतियाबिंद ऑपरेशन,हर्निया, अपेंडिक्स, नाक-कान गला के सामान्य ऑपरेशन,दंत चिकित्सा, दाँत निकालना, सफाई, भटराव आदि,विशेष खून की जांचे,शुगर, कोलेस्ट्रॉल, लीवर, किडनी, थायराइड, यूटिक एसिड, यूटिया सी.बी.सी. सीटम पी. एस. ए.. यूटीन आदि नि:शुल्क की जायेगी। इस असवर पर आयोजित बैठक में उदयपुर टैक्स बार सचिव सीए अंकुश जैन, कोषाध्यक्ष सी पी बंसल, उदयपुर टैक्स बार एसोसिएशन अध्यक्षएवं सुखलेचा चौरिटेबल ट्रस्ट के सचिव सीए गौतम सुखलेचा, सुखलेचा चौरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी एडवोकेट अमित तिवारी एवं टैक्स बारके सदस्य महेश मंडोवरा मौजूद थे।

# केन्द्र सरकार लघु अधोगों एवं हस्त संचालित कार्यो के प्रति हमेशा सजग : बाहरठ



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केंद्र सरकार द्वारा लघु उद्योगों व हस्त संचालित कार्यो को बढ़ावा देने के लिए संचालित विश्वकर्मा योजना के तहत राजसमन्द जिला स्तरीय विश्वकर्मा योजना क्रियान्वयन समिति के सदस्य पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मान सिंह बारहठ ने मुंडोल पंचायत के डिप्टी गाँव में कुल्हाड़ उद्योग चलाने वाले लघु कारोबारियों से मुलाक़ात करते हुए बताया कि केंद्र सरकार लघु उद्योगों एवं हस्त संचालित कार्यो के प्रति हमेशा सजग है साथ ही उन्होंने राजस्थान सरकार के श्री यादे माटी कला बोर्ड द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के तहत माटी कला कमगारो व कलाकारों के उत्थान हेतु 2000 विद्युत चलित चक्र एवं 2000 मिट्टी गुथने की मशीन जो निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है उसके बारे में विस्तृत बताते हुए कहा कि लघु उद्योग को शुरू करने हेतु कामगारों को मशीन का सेट उपलब्ध करवाने के लिए ऑनलाइन व ई मित्र के माध्यम से आवेदन करे इसी दौरान गाँव के लघु व्यापारी भंवर लाल प्रजापत के यहाँ कुल्हड़ बनाने की हस्तचालित मशीन पर बाहरठ द्वारा चाय की कुल्हड़ बनाई इस दौरान प्रजापत समाज के युवा सहित नर्बदा शंकर पालीवाल, टीआर शर्मा, सुनील पालीवाल मुंडोल सहित गाँव के लोग उपस्थित थे।

# पावटा में परिंडा लगाओ- परिंदा बचाओं अभियान के तहत पक्षियों के लिए परिंडे लगाए



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा द्वारा चलाये जा रहे परिंडा लगाओ-परिंदा बचाओं अभियान के तहत सोमवार को किला ऊपर हनुमान मंदिर स्थित पंचायत समिति परिसर में हेमंत दासजी महाराज भांकरी के कर कमलों एवं पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी की अध्यक्षता में पशु पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए गए। इस अवसर पर पावटा पंचायत समिति प्रधान मीरा देवी सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और पंडित द्वारकेश मिश्र ने कार्यक्रम में सानिध्य प्रदान किया। कार्यक्रम में पावटा बालाजी मंडल महामंत्री हितेंद्र लाटा, शिक्षाविद गजानंद टीलावत और प्रॉपर्टी डिलर भीम सिंह जाट के नेतृत्व में सीमेंट की बनी टंकिया रखकर निराश्रित गोमाताओं के लिए पानी की व्यवस्था की गई। एनजीओं अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने बताया कि परिंडा अभियान एक माह से निरंतर संचालित है और यह क्षेत्रीय भामाशाहों व दान दाताओं के सहयोग से जारी है। इस दौरान रामनिवास यादव ने स्वेच्छा से परिंडों में नियमित पानी भरने की जिम्मेदारी ली।

इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि टिंकू सैनी, समाज सेवी कैलाश चंद शर्मा, शिक्षाविद प्रमोद टेलर, महेश मिश्रा, पंचायत समिति कर्मचारी रतन लाल सेन, सुभाष गोयल, मोहन गढ़वाल समेत एनजीओं सदस्य उपस्थित रहे।

# जेडीए ने जोन-12 में छः बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 06 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियां को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया को जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिन्दायिका, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''गिर्राज नगर'' के नाम से बनाई गई ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिन्दायिका, जिला जयपुर में ही करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''केदार वाटिका'' के नाम से बनाई गई ग्रेवल सडकें, सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल, निर्माणाधीन मकान व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 153 आज तक कुल 536 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।



# हजरत मुहम्मद साहब की जीवनी पर इस्लामी विद्वानों द्वारा हुए व्याख्यान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हजरत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम के 1500वें जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सोमवार को यहां पहाड़गंज स्थित हिरा इंगलिश सीनियर सैकेंडरी स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम ह्यपरचम कुशाईह्ल का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि इस्लामिक इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर अमीर सुन्नी दावते इस्लामी हजरत मौलाना मोहम्मद शाकिर अली नूरी साहब (मुंबई) ने हुजूरे अकरम सल्ललाहु अलैहि वसल्लम का अखलाकी इंकलाब विषय पर कुरान व हदीस की रोशनी में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हुजूर नबी-ए-करीम सल्ल. ने किस तरह सहाबा किराम की तरबियत फरमाई और व्यवहारिक तौर पर उन्हें जीवन पद्धति में अपनाया। आले रसूल अल्हाज मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी साहब की निगरानी, मुफ्ती-ए-शहर जयपुर हजरत मुफ्ती अब्दुस्सत्तार साहब की सरपरस्ती एवं आईम्मा ए अहले सुन्नत की कयादत में आयोजित इस कार्यक्रम में हजरत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम की जीवनी पर विभिन्न वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर चारदीवारी क्षेत्र में विशेष सजावट की गई। गरीबों को खाद्य साम्रग्री, जेल व अस्पतालों में जरुरतमंदों को फल वितरित किए गए और यह सिलसिला जारी रहेगा। सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर, नूरी सुन्नी सेंटर विकास समिति और वाहिद मेमोरियल सोसायटी की ओर से आयोजित इस ह्यपरचम कुशाईह्लकार्यक्रम का आगाज हजरत मौलाना मोहम्मद शाकिर अली नूरी साहब ने परचम लहरा कर की। इससे पूर्व इनका एक व्याख्यान हुजूर सल्ललाहु अलैहि वसल्लम का अखलाकी इंकलाब विषय पर हुआ।

**जलसे और आमसभाएं होंगी :** वहीं कार्यक्रम संयोजक मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी साहब ने उपस्थित जनों से आग्रह किया कि वे इस साल जितना हो सके ज्यादा से ज्यादा हुजूर की बारगाह में दुरूद शरीफ पढ़े। उन्होंने बताया कि पूरे शहर जयपुर में झंडे लगाए जाएंगे। जगह-जगह आखरी पैगम्बर की सीरत-ए-पाक और उनके दुनिया में आने का मकसद क्या था, इस पर जलसे और आमसभाएं होंगी। सलातो सलाम व दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## रामाज् कुर्तिस फ़ैक्ट्री सीतापुरा में विशाल रक्तदान शिविर आज

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** सीतापुरा स्थित रामाज् कुर्तिस की फ़ैक्ट्री में मंगलवार को विशाल रक्त दान शिविर सुबह 9 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा । यह शिविर मंजू टेलर और महावीर टेलर की शादी की वर्षगाठ के उपलक्ष्य में रखा जाता है । ये रक्त दान शिविर पिछले 16 वर्ष से चला आ रहा है और ख़ास बात तो ये कि इस भरी गर्मी के मौसम में रक्त की काफ़ी आवश्यकता होती हे, इतनी भयंकर गर्मी में जल्दी से कोई रक्त दान शिविर इतने होते नहीं है , 20 मई को महावीर टेलर अपनी शादी की वर्षगांठ पर ऐसे लोगो की ज़िन्दगी बचाने के कार्य करते है,सामूहिक परिवार और समाज के साथ नेक कार्य कर अपनी जीवन में आनंद करते है।आप भी इस छोटी सी मुहिम में अपना ब्लड देकर किसी की जान बचा सकते है ।

## नागाजी की गौर के रास्तों पर छाया अंधेरा, अंधेरे से राहगीरों व स्थानीय निवासियों को हो रही भारी परेशानी

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी)। कस्बे के नागाजी की गौर में अधिकांश सडक़ लाईटें पिछले कई दिनों से बंद पड़ी हैं। जिससे अंधेरा छाया हुआ है। अंधेरे के कारण आम राहगीरों, स्थानीय निवासियों, विशेषकर महिलाओं व बुजुर्गों को रात्रि में आवागमन में अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त क्षेत्र में सीवरेज का कार्य भी जारी है, जिसके कारण सडक़ों पर गड्ढे हो गये हैं। अंधेरे में इन गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। साथ ही असामाजिक तत्वों की गतिविधियों के बढने़ का भी भय है, जिससे क्षेत्रवासियों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है। स्थानीय निवासी प्रफुल रमन ने बताया कि नगर परिषद् आयुक्त को कई बार लिखित में सूचनायें दी गई है इसके बावजूद भी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे है। नगर परिषद् की लापरवाही का नतीजा स्थानीय निवासी लोगों को भुगतना पड़ रहा है। नागाजी मंदिर के पास शहरी पीएचसी, श्मशान रोड़, मेघवाल बस्ती, वाल्मीकि बस्ती, नांगल पंडितपुरा रोड़, ढ़ाणी श्यामावाली, ढ़ाणी पुराना कुंआ व बामनवास रोड़ पर अधिकांश रोड लाईटें बंद पड़ी है।

## सैनी समाज के आम चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न

# रामसिंह सैनी अध्यक्ष,उपाध्यक्ष प्रकाश तोदवाल, सचिव एडवोकेट योगेश कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी बने



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** स्थानीय सैनी सभा संस्था के आम चुनाव रविवार को न्यू परागोंन, कोटपूतली में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुए। मतदान प्रक्रिया के दौरान समाज के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मतदान केंद्र पर लंबी कतारें लगी रहीं और मतदाताओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया।चुनाव अधिकारी डॉ. धर्मवीर सैनी ने बताया कि मतदान प्रक्रिया पूर्णतः शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रही।

सुरक्षा और प्रबंधन के विशेष इंतज़ाम किए गए थे, जिससे संपूर्ण चुनाव व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सका।

चुनाव परिणामों की घोषणा के अनुसार, निम्नलिखित प्रत्याशी विजयी घोषित किए गए-अध्यक्ष रामसिंह सैनी,उपाध्यक्ष प्रकाश तोदवाल,सचिव एडवोकेट योगेश कुमार सैनी 4.कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी परिणामों की घोषणा के साथ ही विजेताओं के समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई।

समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर बधाइयाँ दीं।

नई कार्यकारिणी से समाज को संगठनात्मक सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान की दिशा में नई ऊर्जा और नेतृत्व की उम्मीद है।

## इमरजेंसी सेवा के लिये एसएलटी मुकेश कुमार स्वामी ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी)। कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रविवार को इमरजेंसी सेवा के लिये एसएलटी मुकेश कुमार स्वामी जो कि अस्पताल में कार्यरत हैं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान नर्सिंग अधिकारी मक्खन लाल, मुकेश कुमार वर्मा, उमेश वर्मा, काउंसलर रामसिंह राजपूत, विनोद कुमार, भूपेंद्र सिंह शेखावत समेत अन्य मौजूद रहे। इस नेक कार्य से ना केवल जीवन बचाने की प्रेरणा मिलती है, बल्कि यह समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। अस्पताल प्रशासन ने मुकेश कुमार स्वामी के इस योगदान की सराहना की है और अन्य कर्मचारियों को भी ऐसे सामाजिक कार्यों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर,हादसे में बीस वर्षीय इंजीनियर स्टूडेंट की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** झोटवाड़ा थाना इलाके में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी । इस सड़क हादसे में बीस वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। वहीं इस हादसे के कार चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। सड़क दुर्घटना थाना (पश्चिम) हेड कांस्टेबल महावीर ने बताया कि हादसा झोटवाड़ा थाने इलाके में हुआ था। जहां लोहा मंडी हरमाड़ा निवासी रवि सिंह परीक्षा खत्म होने पर गोविंद देव जी के दर्शन के लिए सुबह घर से निकला था। इसी दौरान अम्बाबाड़ी तिराहे के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रवि उछलकर सड़क पर गिरा और बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को कांवटिया हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां कुछ देर बाद ही रवि की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने बताया कि जहां हादसा हुआ वहां आस-पास के सीसीटीवी खराब है। टक्कर के बाद ड्राइवर विद्याधर नगर की तरफ भागा था। जहां के सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। वहीं परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मृतक रवि बालाजी इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक (कम्प्यूटर साइंस ब्रांच) की पढ़ाई कर रहा था और सेकंड ईयर का स्टूडेंट था। सेमेस्टर परीक्षा खत्म होने पर दर्शन के लिए घर से निकला था।

# यूनानी चिकित्सा पद्धति में 'मछली थैरेपी' क्या है : डॉ. लियाक़त अली मंसूरी





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मछली थेरेपी में एक विशेष प्रकार की मछली का प्रयोग किया जाता है जिसे 'डॉक्टर मछली' या 'गर्रा रूफा मछली ' या ' मालिश मछली' भी कहते है, यह एक अनूठी और सुरक्षित उपचार करने वाली ऐसी मछली है जिसका उपयोग स्पा उपचार में करते है इसे इचथियोथेरेपी या मछली पेडीक्योर कहते हैं । इसे पैरों की मृत त्वचा कोशिकाओं को चूसने या छुड़ाने के लिए जाना जाता है, जिससे त्वचा नरम, साफ़ और स्वस्थ हो जाती है। इस मालिश मछली से सूक्ष्म-सक्शन प्रक्रिया द्वारा रक्त परिसंचरण को उत्तेजित किया जाता हैं, जैसा कि सोरायसिस , एक्ज़िमा , एक आरामदायक और अद्वितीय स्पा के रूप में ।

### मछली थैरेपी चिकित्सा प्रक्रिया

इस थैरेपी को 15 मिनट के लिए करते हैं । मछली पेडीक्योर के दौरान, व्यक्ति अपने पैरों को पानी के बेसिन में डुबोता है जिसमें गर्रा रूफा मछली छोड़ी जाती है । यह मछली पैरों से मृत त्वचा कोशिकाओं को कुतरती है और खाती है, जिससे हल्का छूटना प्रभाव पैदा होता है। इस प्रक्रिया को इचिथियोथेरेपी कहते है। कुछ लोगों को इस प्रक्रिया के दौरान गुदगुदी या सनसनी का अनुभव होता है, क्योंकि मछली उनके पैरों पर कुतरती है।

### फ़ायदें

1. इस छोटी गर्रा रूफा मछली का उपयोग मृत त्वचा की कोशिकाओं को दूर कर अपनी कोमल क्षमता द्वारा त्वचा नरम, चिकनी, साफ और स्वस्थ बनाए रखना होता है जिससे आराम और तरोताज़ा महसूस करते हैं ।
2. यह मसाज मछलियों से सूक्ष्म चूषण रक्त परिसंचरण को उत्तेजित करते हैं, जो एक आरामदायक और पुनर्जीवित करने वाला अनुभव प्रदान करते हैं।
3. मछली पेडीक्योर के ज़रिए सोरायसिस, एक्ज़िमा , गैंगरीन की मृत कोशिकाओं और अन्य त्वचा की स्थितियों के लक्षणों को कम करने में मदद करती है।
4. यह मछली थैरेपी , जोंक थैरेपी से ज़्यादा आसान ,सहज और अधिक कारगर साबित होती हैं।

### नुक़सान

1. विशेष रूप से इनकी खेती करने और परिवहन के बारें में कुछ जोखिम हो सकते हैं।
2. मछली पेडीक्योर के बाद मानव संक्रमण हो सकते हैं हालाँकि इसकी रिपोर्ट अभी तक नहीं मिली हैं ।
3. इन बीमारियों में मछली थैरेपी करने से बचना चाहिए जैसे मधुमेह, प्रतिरक्षादमन, या त्वचा में सरल ब्रेक ।

### सूक्ष्म मालिश क्या है

इस मछली की कुतरने की क्रिया एक कोमल मालिश के रूप में होने से ही इसे सुक्ष्म मालिश कहते हैं । क्योंकि यह मछली मृत स्थान को हटा कर बाक़ी हिस्से में परिसंचरण में सुधार पैदा करता हैं।

**डॉ.लियाक़त अली मंसूरी**
**( यूनानी चिकित्सक एवं हिजामा थैरेपी स्पेशियलिस्ट )**
**सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर ( राज. )**

# महिला को पिकप ने कुचला हुई दर्दनाक मौत

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बर्डोद ।कस्बे के अलवर बहरोड़ स्टेट हाइवे रेवाड़ी मोड़ के समीप महिला की पिकप के कुचलने से मौत हो गई। बांदीकुई अक्षयपुर निवासी केसर पत्नि राजेन्द्र सैनी अपनी बीमारी का झाड़ा लगवाकर वापस बांदीकुई लौट रहे थे बर्डोद अलवर स्टेट हाइवे पर आते ही ट्रोला के अचानक ओवरटेक करने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया जिससे महिला केसर सड़क पर गिर गई। पीछे से आ रही पिकप के वाहन चालक ने लापरवाही बरतते हुए महिला को कुचलते हुए मोके से फरार हो गया। गम्भीर अवस्था मे महिला को कस्बे के सीएचसी में लाया गया। यहां के चिकित्सक ने हालत को गंभीर देखते हुए, रैफर कर दिया। कुछ समय बाद ही महिला ने दम तोड़ दिया। हालांकि पिकप के नम्बर प्लेट की फ़ोटो मोबाइल से ले ली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच दुर्घटना की जामकारी ली। पिकप व चालक की तलाश में जुटी। म्रत महिला सहित चार लोग दो मोटरसाइकिलों पर झाड़ा दिलवाने आये थे। पुलिस ने पीड़ित परिजनों ने मिली । मोके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के चालक ने डेड़ बॉडी को ले जाने से मना कर दिया। जिस पर कस्बेवासीयों व एम्बुलेंस चालक के बीच काफी नोक झोंक व तनातनी भी हुई जिस पर पुलिस ने ऐम्बुलेश चालक को फटकार लगाई। पूर्व डेलिकेट मन्नू सैनी, पूर्व सरपंच सुनील भारद्वाज ने ऐम्बुलेम्स चालक को खरी खोटी सुनाई। तब जाकर ऐम्बुलेश चालक महिला की डेड बॉडी को बहरोड़ ले जाने को राजी हुए।


**जयपुर जिला सहकारी भूमि विकास बैंक लि. शाखा - चाकसू**
**रोडवेज बस स्टैंड के पास फागी मोड़, चाकसू - 01429-243465**

**सूचना**

चाकसू रोडवेज बस स्टैंड फागी मोड़ से कोटखावदा मोड़ क्षेत्र में तीन कमरे मय लेटबाथ के साथ तैयार भवन किराये पर लेना है। इच्छूक व्यक्ति भवन का मानचित्र और किराया प्रार्थना पत्र के साथ 31 मई 2025 तक शाखा कार्यालय में प्रस्तुत करें।

**शाखा सचिव साकसू**



## कार्यालय अति. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग. सभांग-टोंक

क्रमांकः- कैशियर/25-26/डी- 401-410 | दिनांक = 06.05.2025

### सशोधन निविदा सूचना संख्या 03/2025-26 के लिए नोट प्रकाशन करने बाबत् ।

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या 03/2025-26 पत्रांक 193-202 दिनांक 21.04.2025 के द्वारा लगायी गई है। जिसमें कम संख्या 01 से 28 अंकित कार्य जिसमें विमाग द्वारा जारी बीएसआर 2025 के आईटम संख्या 4.6 में लिये गये आईटम रेट संशोधन कर BOQ को पुनः अपलोड करने एवं निविदा की स्पेशल कडीशन के अनुसार संवेदक को 8.00 करोड़ से अधिक प्रति कार्ये हेतु सर्वे निरीक्षण के लिये एक वाहन उपलब्ध की पालना सुनिर्शि्चित करेगें एवं निविदा के कम संख्या 17 पर अंकित्त कार्य हम्मीर सर्किल से गणेशधाम सर्किल किमी 70/0 से 71/0 की निविदा राशि संशोधन अनुसार पढा जावें। Old RO No. DIPR/5671/2025

| क्र.सं. | पूर्व में अंकित | | | | संशोधन जो पढा जावें। | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनुमानित लागत (लाखो में) | धरोहर राशि (लाखो में) | | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अनुमानित लागत (लाखो में) | धरोहर राशि (लाखो में) | | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| | | अन्य विभागों में पंजिकृत संवेदक (2 %) | सा.नि.वि. में पंजिकृत संवेदक (0.50%) | | | अन्य विभागों में पंजिकृत संवेदक (2 %) | सा.नि.वि. में पंजिकृत संवेदक (0.50%) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 17 | 1294.97 | 2589940 | 647485 | 10 माह | 963.17 | 1926340 | 481585 | 8 माह |

भवदीय
( पेमराज मीना )
अति० मुख्य अभियन्ता
सा.नि.वि. संभाग टोंक

## सम्पादकीय

# रिश्वत लेकर सवाल पूछने का नेताओं काला इतिहास रहा है

देश के नेताओं ने आजादी के बाद से भ्रष्टाचार के इतने काले कारनामे किए हैं कि यदि कोई नेता ईमानदारी से अच्छा भी काम करे तब भी उस पर सहज भरोसा करना मुश्किल होता है। देश के लोगों की याद से नेताओ के काले कारनामे की छाप मिटे, इससे पहले ही कोई न कोई नया कांड ऐसा सामने आता है और पूरे तंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो जाते हैं। नया मामला राजस्थान का है। भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के एक विधायक जयकृष्ण पटेल को राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने विधानसभा में सवाल पूछने के बदले 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। राजस्थान की इस क्षेत्रीय पार्टी के दो विधायक और एक सांसद हैं। आदिवासियों के उत्थान के आहवान के साथ इस पार्टी का गठन किया गया। इस पार्टी ने 2023 के विधानसभा चुनाव मे कुल चार सीटें जीती, तीन सीटें राजस्थान मे और एक सीट मध्यप्रदेश मे जीती। बीएपी की टिकट पर डूंगरपुर बांसवाड़ा संसदीय सीट जीतने वाले राजकुमार रोत लोकसभा से सांसद बने। रिश्वत लेने के आरोपी बीएपी विधायक पटेल ने विधानसभा में बीते सत्र के दौरान 11 जुलाई 2024 को अवैध खनन, फार्म हाउस, वन्य जीव और नशा तस्करी को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कुछ सवाल किये गए थे। विधानसभा में इन्हीं खनन से जुड़े सवालों को हटवाने को लेकर रिश्वत का खेल शुरु हुआ। बीएपी विधायक ने इन सवालों को हटाने के लिए 10 करोड़ की डिमांड की थी। अंतत: 20 लाख में सौदा तय हुआ और विधायक पटेल को रंगे हाथों दबोच लिया गया। यह पहला मौका नहीं है जब किसी जनप्रतिनिधि ने सदन की पवित्रता को तार-तार किया है। इससे पहले भी मामले सामने आ चुके हैं, जब विधानसभा हो या लोकसभा में सवाल पूछने या नहीं पूछने के ऐवज में रिश्वत मांग कर समूचे लोकतंत्र को कलंकित करने का काम किया गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा का मामला अभी भी देश के लोगों की स्मृति से मिटा भी नहीं है। महुआ मोइत्रा ने रियल एस्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के व्यवसायिक हितों की रक्षा के लिए संसद में सवाल पूछे। आरोप था कि महुआ मोइत्रा ने हीरानंदानी के इशारे पर 61 सवालों में 50 में अंबानी और अडानी को टारगेट किया। दर्शन हीरानंदानी ने खुलासा किया कि महुआ मोइत्रा ने अपनी संसद लॉगिन और पासवर्ड उनके साथ साझा किया था। उन्होंने महुआ की ओर से सवाल पोस्ट किए थे। एथिक्स कमेटी ने 6-4 के बहुमत से महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता खत्म करने की सिफारिश कर दी। टीएमसी सांसद मोइत्रा से पहले भी जनप्रतिनिधियों के ऐसे कृत्यों से देश में राजनीतिक बवंडर उठ चुके हैं। वर्ष 2005 में ऐसे ही एक अन्य मामले में लोकसभा के 10 और राज्यसभा के एक सांसद की सदस्यता रद्द हुई थी। तब एक वेब पोर्टल ने स्टिंग ऑपरेशन किया था। स्टिंग में 11 सांसद सवाल के बदले में कैश का ऑफर स्वीकार करते दिखे थे। इनमें लोकसभा के 10 और राज्यसभा के 1 सदस्य को निष्कासित कर दिया गया था। तब केंद्र में डॉक्टर मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए-1 की सरकार थी। संसद की सदस्यता गंवाने वालों में 6 बीजेपी के थे, 3 बीएसपी के और 1-1 कांग्रेस के सांसद थे।

स्टिंग में सबसे कम कैश 15000 रुपये की भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह लोढ़ा के सामने पेशकश की गई थी जबकि सबसे ज्यादा कैश 1,10,000 रुपये आरजेडी के सांसद मनोज कुमार को ऑफर की गई थी। 24 दिसंबर 2005 को संसद में वोटिंग के जरिए आरोपी सभी 11 सांसदों को निष्कासित कर दिया गया। लोकसभा में प्रणब मुखर्जी ने 10 सांसदों के निष्कासन का प्रस्ताव रखा था जबकि राज्यसभा में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने एक सांसद को निष्कासित करने का प्रस्ताव रखा था। वोटिंग के दौरान भाजपा वॉकआउट कर गई थी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष एलके आडवाणी ने कहा था कि सांसदों ने जो कुछ किया वह करप्शन कम, मूर्खता ज्यादा है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 20 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ईसवी सदी 526 में आज ही के दिन सीरिया और आँटोचिया में हुए भीषण विनाशकारी भूकंप में लगभग तीन लाख लोगों की मृत्यु हुई थी।
- भारत के समुद्र मार्ग की खोज के बाद पुर्तगाली एक्सप्लोरर, वास्को द गामा, कालीकट (अब कोझिकोड) तक 1498 में पहुंच गया।
- साल 1540 में फोटोग्राफर अब्राहम ऑरटेलियस ने आज के दिन ही 'थॉट्रम ऑर्बिस टेरारम' नामक विश्व का पहला आधुनिक एटलास प्रदर्शित किया था।
- सैन फ्रैंसिस्को के बिजनेसमैन लेवी स्ट्रॉस और दर्जी जेकब डेविस को 1873 में इसी दिन दुनिया की पहली जीन्स बनाने का पेटंट दिया गया।
- विश्वप्रसिध्द वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन ने साल 1891 को 20 मई के दिन 'कीनेटोस्कोप' का पहला प्रोटोटाइप पेश किया था।
- साल 1902 में आज के दिन ही क्यूबा देश अमेरिका से स्वतंत्र हुआ था जिसका नाम 'रिपब्लिक ऑफ़ क्यूबा' रखा गया था।
- साल 1948 को चीन गणराज्य के पहले राष्ट्रपति के रूप में 'चिआंग काई शेक' को आज ही के दिन नियुक्त किया गया था।
- साल 1956 को आज के दिन ही संयुक्त राज्य अमेरिका ने ऑपरेशन रेडविंग में पहली बार हाइड्रोजन बम को प्रशांत महासागर के बिकीनी एटोल नामक जगह पर गिरा दिया था।
- रॉबर्ट वुड्रो विल्सन और अर्नो पेंजियास द्वारा साल 1964 को आज ही के दिन ब्रम्हांडीय माइक्रोवेव पृष्ठभूमि विकिरण की खोज की गई थी।
- ब्रिटेन की पुलिस को 1965 में हथियारबंद अपराधियों और खतरनाक व्यक्तियों के खिलाफ आंसू गैस की बंदूकें और गोले इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई थी।
- साल 1969 में वियतनाम देश में आज के दिन हैमबर्गर हिल नामक लड़ाई की समाप्ति हुयी थी।
- दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रीटोरिया में 1983 को हुए कार बम धमाके में कम से कम 16 लोग मारे गए थे जबकि 130 से ज़्यादा ज़ख्मी हो गए थे।
- रूस द्वारा 1995 में मानव रहित अंतरिक्ष 'स्पेक्त्र' का सफल प्रक्षेपण।
- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री तथा अर्थतज्ञ मनमोहन सिंह जी को देश में अर्थ्यव्यवस्था में किये गए व्यापक सुधार के लिए साल 1996 को आज ही के दिन यानि 20 मई को 'ऑनेस्ट मैन ऑफ़ द ईयर' पुरस्कार के लिए चुने जाने संबंधित की घोषणा हुई थी।
- कुर्द विद्रोही नेता सेमडिम साकिक को 1999 में मृत्युदंड की सज़ा दी।
- साल 2000 में आज के दिन ही पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एम.सी बालयोगी जी की संसद के राष्ट्रकुल संघठन के एशियाई अध्यक्षपद पर सर्वदलों के द्वारा समर्थन द्वारा नियुक्ति की गई थी।
- फिजी में बंदूक़धारियों के नेता जार्ज स्पेट ने 2000 में देश के अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- अफगानिस्तान में तालिबान ने हिन्दुओं की अलग पहचान के लिए 2001 में ड्रेस कोड बनाया।

## (लाभार्थी कौन?)

# आरक्षण : पीढ़ीगत विशेषाधिकार या वास्तविक न्याय?



डॉ सत्यवान सौरभ

**आरक्षण भारतीय समाज में सदियों से व्याप्त असमानताओं को समाप्त करने और वंचित समुदायों को मुख्यधारा में लाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। लेकिन समय के साथ यह एक पीढ़ीगत विशेषाधिकार बनता जा रहा है, जिससे वास्तविक जरूरतमंद वंचित रह जाते हैं। आर्थिक आधार और समय-समय पर समीक्षा की अनिवार्यता इस व्यवस्था को और अधिक न्यायसंगत बना सकती है। यदि हम एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण करना चाहते हैं, तो आरक्षण नीति में सुधार और पुनर्गठन की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे।**

भारत में आरक्षण का मुद्दा हमेशा से एक संवेदनशील और विवादास्पद विषय रहा है। यह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और ऐतिहासिक उत्पीड़न के निवारण का एक महत्वपूर्ण उपकरण माना जाता है। परंतु जैसे-जैसे समय बीतता गया, आरक्षण की अवधारणा अपने मूल उद्देश्यों से भटकती प्रतीत होती है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस बी.आर. गवई का बयान इस बहस को एक नई दिशा में ले जाता है, जिसमें उन्होंने कहा कि संपन्न लोगों को आरक्षण से बाहर करने का निर्णय संसद को करना चाहिए। उनका यह कथन कई सवाल खड़े करता है - क्या आरक्षण का वास्तविक लाभ उस वर्ग तक पहुंच रहा है जिसके लिए यह बनाया गया था? क्या यह व्यवस्था अब सुधार और पुनर्विचार की मांग करती है?

**आरक्षण का मूल उद्देश्य :** आरक्षण का आरंभ भारतीय समाज में व्याप्त गहरी सामाजिक असमानताओं को समाप्त करने और सदियों से वंचित समुदायों को मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से हुआ था। यह एक ऐसा साधन था जिससे सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर कर समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर ने आरक्षण को एक अस्थायी उपाय के रूप में प्रस्तुत किया था, ताकि दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों को न्याय और अवसर मिल सके। उनका उद्देश्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना था जहाँ जातीय भेदभाव और सामाजिक उत्पीड़न का कोई स्थान न हो। यह केवल सरकारी नौकरियों और शिक्षा तक सीमित नहीं था, बल्कि एक समग्र सामाजिक सुधार की दिशा में एक साहसिक कदम था।

**समस्या का असली चेहरा :** लेकिन, धीरे-धीरे यह व्यवस्था उन परिवारों के लिए एक पीढ़ीगत विशेषाधिकार बनती जा रही है जो पहले ही सशक्त हो चुके हैं। न्यायमूर्ति गवई का यह कहना कि जब एक व्यक्ति आईएएस या आईपीएस बन जाता है, तो उसके बच्चे उसी समाज की कठिनाइयों का सामना नहीं करते हैं, एक महत्वपूर्ण सत्य की ओर इशारा करता है। एक अधिकारी का परिवार उच्च शिक्षा, बेहतर जीवनशैली और संसाधनों तक सहज पहुंच के कारण वास्तविक वंचितों से कोसों दूर हो जाता है। यह स्थिति केवल सरकारी सेवाओं में ही नहीं, बल्कि निजी क्षेत्र, उच्च शिक्षा संस्थानों और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में भी देखी जा सकती है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या इन परिवारों को लगातार आरक्षण का लाभ मिलना न्यायसंगत है?

**आर्थिक आधार की अनिवार्यता :** आरक्षण का प्रमुख उद्देश्य केवल जातीय भेदभाव को समाप्त करना ही नहीं था, बल्कि आर्थिक असमानता को भी दूर करना था। परंतु आज आरक्षण का आधार अधिकतर जातीय पहचान पर आधारित है, जबकि वास्तविकता में आर्थिक स्थिति भी एक महत्वपूर्ण कारक होनी चाहिए। संपन्न वर्गों को आरक्षण से बाहर करने की बात करना इस दिशा में एक आवश्यक कदम हो सकता है, ताकि वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके। यह दृष्टिकोण न केवल संसाधनों का अधिक न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करेगा, बल्कि समाज में वास्तविक समता और न्याय की भावना को भी बढ़ावा देगा।

**आरक्षण की सामाजिक चुनौतियाँ :** आरक्षण की व्यवस्था कई बार राजनीतिक लाभ और वोट बैंक की राजनीति का शिकार हो जाती है। इससे वास्तविक जरूरतमंद तबके पीछे छूट जाते हैं। इसके अतिरिक्त, आरक्षित वर्गों में भी एक प्रकार का वर्ग विभाजन उभरने लगा है, जहाँ कुछ परिवार लगातार इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं, जबकि अन्य अब भी हाशिये पर हैं। यह प्रवृत्ति न केवल आरक्षण के मूल उद्देश्य को कमजोर करती है, बल्कि सामाजिक तनाव और अन्याय की भावना को भी बढ़ाती है।

**संसद की जिम्मेदारी :** अब समय आ गया है कि संसद इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करे। यह तय करना होगा कि क्या आरक्षण का लाभ उन परिवारों तक सीमित रहना चाहिए जो वास्तविक रूप से वंचित और पिछड़े हैं। यह बदलाव सामाजिक न्याय की उस मूल भावना के अनुकूल होगा जिसके लिए आरक्षण की व्यवस्था बनाई गई थी। यह निर्णय केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। साथ ही, यह एक ऐसी प्रणाली की मांग करता है जो समय-समय पर आरक्षण की प्रासंगिकता की समीक्षा कर सके।

**समाधान की दिशा :** आरक्षण का लाभ केवल एक पीढ़ी तक सीमित किया जाए। आर्थिक आधार को शामिल कर जातिगत और आर्थिक पिछड़ेपन का समुचित आकलन किया जाए। संपन्न परिवारों के बच्चों को आरक्षण से बाहर रखा जाए, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों तक इसका लाभ पहुंचे। आरक्षण की समीक्षा एक निश्चित अवधि पर की जाए ताकि इसके वास्तविक लाभार्थियों की पहचान हो सके। शिक्षा और रोजगार में समावेशी नीतियों को बढ़ावा दिया जाए ताकि सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके। आरक्षण की प्रभावशीलता पर समय-समय पर पारदर्शी शोध और सर्वेक्षण किए जाएँ ताकि इसके वास्तविक लाभार्थियों की स्थिति का आकलन हो सके। क्षेत्रीय और ग्रामीण स्तर पर शिक्षा और कौशल विकास में सुधार लाया जाए ताकि वंचित वर्गों की वास्तविक क्षमता को निखारा जा सके। राजनीतिक दखलंदाजी को सीमित कर आरक्षण नीति को एक दीर्घकालिक और निष्पक्ष दृष्टिकोण से देखा जाए।

**नया सवेरा:** आरक्षण एक संवेदनशील और जटिल विषय है, लेकिन समय के साथ इसके ढांचे में बदलाव की आवश्यकता है।

# भारतीय संस्कृति की विरासत कैसे बढ़े आगे



यतेन्द्र पाण्डेय

**भारतीय संस्कृति एक समृद्ध और विविध संस्कृति है, जिसमें विभिन्न परंपराएं, मूल्य और रीति-रिवाज शामिल हैं। युवापीढ़ी को इस संस्कृति को समझने और अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है, ताकि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें और भारतीय संस्कृति की विरासत को आगे बढ़ा सकें।**

**परिवार और समुदाय :** भारतीय संस्कृति में परिवार और समुदाय का महत्व बहुत अधिक है। युवाओं को अपने परिवार और समुदाय के साथ जुड़े रहने और उनकी परंपराओं को समझने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

**धार्मिक और सांस्कृतिक त्योहार :** भारत में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक त्योहार मनाए जाते हैं, जो हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। युवाओं को इन त्योहारों के महत्व और उनके पीछे की कहानियों को समझने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

**संगीत, नृत्य और कला :** भारतीय संस्कृति में संगीत, नृत्य और कला का महत्वपूर्ण स्थान है। युवाओं को इन कला रूपों को सीखने और उनकी सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

**मूल्य और नैतिकता :** भारतीय संस्कृति में मूल्यों और नैतिकता का महत्व बहुत अधिक है। युवाओं को इन मूल्यों को अपनाने और अपने जीवन में लागू करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

### युवापीढ़ी और भारतीय संस्कृति

**सांस्कृतिक ज्ञान :** युवाओं को अपनी संस्कृति के बारे में जानने और समझने के अवसर प्रदान करना चाहिए।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम :** युवाओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्रदान करना चाहिए, जैसे कि नृत्य, संगीत और नाटक।

**सांस्कृतिक आदान-प्रदान :** युवाओं को विभिन्न संस्कृतियों के बारे में जानने और उनकी तुलना करने के अवसर प्रदान करना चाहिए।

**सांस्कृतिक संरक्षण :** युवाओं को अपनी संस्कृति की विरासत को संरक्षित करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। हम भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण पहलूओं से युवापीढ़ी को भारतीय संस्कृति के महत्व और उसकी समृद्धि के बारे में जागरूक कर सकते हैं और उन्हें अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

**भारतीय संस्कृति पर पश्चात संस्कृति की सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव :** भारतीय संस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव एक जटिल और बहुस्तरीय विषय है। संस्कृति भारतीय संस्कृति पर सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव के साथ संतुलन के लिए हमें क्या करना चाहिए किसको समझाना प्रत्येक भारतीय के लिए आवश्यक है।

**सकारात्मक प्रभाव :** पश्चात संस्कृति पर सकारात्मक प्रभावों का हम अवलोकन करें तो पाते हैं कि यह आधुनिकता और प्रगति की भावना को बढ़ावा देती है पश्चात शिक्षा प्रणाली और प्रौद्योगिकी की ने भारत में शिक्षा और विकास को बढ़ावा दिया है व्यक्तिगत स्वतंत्रता कि जहां तक बात आती है पश्चात सभ्यता ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा दिया है।

**नकारात्मक प्रभाव :** पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण भारतीय संस्कृति की पारंपरिक मूल्यों और रीति-रिवाज की हानि का भय बना हुआ है इस संस्कृति के प्रभाव से भारतीय मूल्यों और नैतिकता में परिवर्तन आ रहा है इसके प्रभाव से पारंपरिक कला और शिल्प की अपेक्षा महसूस हो रही है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

**नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्गों की आँखों के तारे के स्वरूप में समाजसेवा कर खुद को संतुष्टि का प्रमाणपत्र देने वाले समुंदर सिंह।**

समुंदर सिंह गुर्जर का जन्म 18 जुलाई 1990 को उमरैण गांव में हुआ एमए की शिक्षा के बाद स्काउट गाइड राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हुए। नेहरू युवा केंद्र खेलकूदख कार्यक्रम विभाग अलवर से सम्मानित हुए। डॉ. श्रॉफ चैरिटी ऑई हॉस्पिटल अलवर में नोकरी शुरू की। ये मध्यमवर्गीय परिवार से आते हैं इनका परिवार खेती और पशुपालन पर निर्भरता करता है। शुरू से इनकी विचारधारद्य देश सेवा और समाज सेवा थी। इन्होंने अपने जीवन में प्राथमिकता के साथ समाज सेवा को ही अपना लक्ष्य माना इन्हीं विचारों के साथ ये 2008 में डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी ऑई हॉस्पिटल की संस्था से जुडे जिसमें उन्होंने शुरुआती दौर मेंअलवर जिले के उमरैण ब्लॉक में दिव्यांगजन के लिए अपने सेवार्थ कार्य को प्राथमिकता दी और उनका भरपूर सहयोग करने के लिए उन सभी दिव्यांगजन के लिए डिसेबिलिटी प्रमाण पत्र बस पास रेलवे पास पेंशन शिक्षा आदि के लिए सभी सरकारी संस्थाओं के संपर्क में रहे और आम दिव्यांगजन को उनकी सुविधा उपलब्ध कराने में डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सौजन्य सुविधा उपलब्ध कराई गई वह सरकारी और नॉन सरकारी संस्थाएं व सभी समाजसेवियों के संपर्क में रहकर उन सभी को सुविधा उपलब्ध कराई गई यह सभी कार्यों के लिए डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल का पूरा सहयोग था और उन्होंने उनको नियुक्त भी किया आम दिव्यांगजन की सेवा के लिए समुंदर सिंह के द्वारा गांव ढाणी शहर आदि में उन्होंने जाकर आम दिव्यांगजन को शिविर आदि के माध्यम से सेवा की गई। डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सौजन्य से दिव्यांगजन के उत्थान के लिए समुद्र सिंह को एशिया के सबसे बड़े बीपीए सेंटर अहमदाबाद गुजरात में दिव्यांगजन के उत्थान के लिए स्पेशल ट्रेनिंग डॉ श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सौजन्य से दिलाई गई दिव्यांगजन के जीवन मे उत्थान के लिए यह सेंटर एशिया का सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है दिव्यांगजन के रिहैबिलिटेशन के लिए उन्होंने दिव्यांगजन के उत्थान के लिय यहा से प्रारंभिक शिक्षाएं प्राप्त की गई यह सभी शिक्षाएं डॉ श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से प्राप्त कराई गई।। आज श्रॉफ ऑई हॉस्पिटल के सहयोग से जिले को अंधता से छुटकारा दिलाने के लिए अलवर जिले में छोटे-छोटे प्राथमिक नेत्र जांच केंद्र आमजन की सुविधा के लिए खोले गये यह अंधता से छुटकारा पाने के लिए विस्थापित किए गए। लाचार व निर्धन ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हुए हैं समुन्दर सिंह। टीम बढ़ता राजस्थान ऐसे ओजस्वी युवा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।



समुंदर सिंह
(डॉ.श्रॉफ आई हॉस्पिटल)

## Suduko

2025_018 — बढ़ता राजस्थान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 5 | | 9 | | 4 | 6 | |
| | 4 | 9 | | 6 | | | | 8 |
| | 2 | 6 | 8 | 3 | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 2 | | | 9 |
| | 1 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | | 2 |
| 5 | | | 3 | 1 | 9 | 7 | | 4 |
| 7 | | | | | 3 | 5 | | 6 |
| 2 | 5 | | | 4 | 6 | | 9 | |
| | 3 | 1 | 9 | | 5 | 8 | 4 | |

Ans_2025_017

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 2 | 7 | 4 | 5 | 9 | 8 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 7 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 8 | 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 7 | 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 4 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
विदेश जाने के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण होगा। स्नेहीजनों के समाचार मिलने से आनंद होगा। भाई-बहनों से आर्थिक रूप से लाभ होगा। आप की वाणी पर संयम रखें। नियम विरुद्ध काम ना करें। इससे आपका मन प्रसन्न रखेगा।

**वृष**
आज का दिन शुभ फलदायी है। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। मानसिक रूप से आज आप वैचारिक स्थिरता का अनुभव करेंगे। इसके परिणामस्वरूप आप लगन के साथ काम कर पाएंगे।

**मिथुन**
समाज में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। मित्रों और स्वजनों के साथ घूमना-फिरना आनंदप्रद हो सकता है। परिवार के साथ अच्छा समय गुजरेगा। आज आपके लिए आर्थिक लाभ का दिन है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा।

**कर्क**
ईश्वर की आराधना एवं आध्यात्मिकता आपके मन को शांति प्रदान कर सकती है। आज आप दैनिक कामों से दूर आनंद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। किसी मनोरंजन स्थल या पर्यटन स्थल पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। आज कोई भी काम बिना विचारे नहीं करें।

**सिंह**
आज आप खर्च में संयम बनाए रखें। धन संबंधी एवं लेन-देन संबंधी सभी कामों में सावधानी रखने की जरूरत है। किसी के साथ विवाद न हो, इसका ध्यान रखें। मित्रों एवं परिवारजनों के साथ मनमुटाव होने की आशंका बनी रहेगी।

**कन्या**
शारीरिक कष्ट, विशेषकर आंखों में पीड़ा होने की आशंका रहेगी। परिजनों और स्नेहियों के साथ किसी घटना की संभावना है। आपकी बात-चीत या व्यवहार से किसी को कोई भ्रम न हो इसका ध्यान रखें। नए संबंधों से नुकसान हो सकता है।

**तुला**
चिंता से मुक्ति का अनुभव करेंगे। मित्रों के साथ किसी प्राकृतिक स्थान पर जाने की योजना बन सकती है। आज का दिन भोजन सुख के लिए अच्छा है। आपके दृढ़ मनोबल और भरपूर आत्मविश्वास से हर काम सफलतापूर्वक संपन्न होंगे।

**वृश्चिक**
व्यापार के क्षेत्र में आपकी प्रतिभा बढ़ सकती है। पदोन्नति की संभावना है। पिता की संपत्ति से लाभ होगा। कला एवं खेल-कूद में निपुण व्यक्तियों को अपनी प्रतिभा दर्शाने का मौका मिलेगा। सरकार के साथ धन का व्यवहार सफल रहेगा।

**धनु**
दुर्घटना में संभलना अनिवार्य है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा। मानसिक चिंता के कारण मन व्यग्र रहेगा। अनुचित कार्यों में शक्ति का व्यय होगा। आध्यात्मिकता और ईश्वरीय शक्ति आपकी सहायक सिद्ध होगी।

**मकर**
अपने उत्तदायित्व अच्छी तरह से निभा पाएंगे। आर्थिक योजना बना सकेंगे। आभूषण, सौंदर्य प्रसाधन और मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। परिवार के सदस्यों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। आप के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बहुत लाभकारी है। किसी अन्य तरीके से भी आर्थिक लाभ होगा। मित्रों के साथ मुलाकात हो सकती है। व्यपार में लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मीन**
जमीन जायदाद के काम में सावधानी रखें। आज आप का दिन बहुत शुभ है। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय अनुकूल है। मित्रों एवं सम्बंधियों से हुई मुलाकात के कारण आनंद होगा। मित्रों से लाभ होगा। संतान और जीवनसाथी से सुख मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# लाडो प्रोत्साहन योजना : राशि 1 लाख से बढ़कर 1 लाख 50 हजार रुपये हुई

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,( का.स. )।** गरीब परिवार में जन्म लेने वाली बालिकाओं के पालन-पोषण के लिए शुरू की गई लाडो प्रोत्साहन योजना की राशि राज्य सरकार ने 1 लाख से बढ़ाकर 1 लाख 50 हजार रुपये कर दी है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस संबंध में संशोधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस अभिनव योजना में गरीब परिवार की बालिकाओं के जन्म पर 1 लाख 50 हजार रुपये का संकल्प पत्र राज्य सरकार की ओर से दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 12 मार्च 2025 को वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान राशि बढ़ाकर 1 लाख 50 हजार करने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने के साथ ही जन्म से लेकर वयस्क होने तक बालिकाओं के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने 1 अगस्त 2024 से लाडो प्रोत्साहन योजना पूरे प्रदेश में लागू की थी।

**बालिका जन्म के प्रति सोच बदलेगी यह योजना :** बालिका के जन्म के साथ ही अक्सर मां-बाप को उसके लालन-पालन और भविष्य के खर्चों की चिंता हो जाती है। माता-पिता की चिंताओं को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने लाडो प्रोत्साहन योजना लागू की थी। इसका उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना और बालिका शिशु मृत्यु दर में भी कमी लाना है। योजना के सकारात्मक पहलू को देखें तो भविष्य में घटते शिशु लिंगानुपात में भी सुधार आएगा। बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव बढ़ेगा। माता-पिता उनकी पढ़ाई जल्दी छुड़वाकर कम उम्र में शादी नहीं करवाएंगे जिससे बाल विवाह में कमी लाने में भी मदद मिलेगी।

**किस्तों में होगा राशि का भुगतान :** इस योजना में बालिका के जन्म पर 1 लाख 50 हजार की राशि का संकल्प पत्र प्रदान किया जाएगा। बालिका के जन्म से लेकर 21 वर्ष आयु पूरी करने तक इस राशि का भुगतान 7 किस्तों में डीबीटी के माध्यम में ऑनलाइन किया जाएगा। पहली छह किश्तें बालिका के माता-पिता अथवा अभिभावक के बैंक खाते में तथा 7वीं किश्त बालिका के बैंक खाते में ऑनलाइन हस्तांतरित की जाएगी। पात्र चिकित्सा संस्थानों में संस्थागत प्रसव के तहत बालिका का जन्म होने पर पहली किश्त 2500 रुपए, आयु एक वर्ष एवं समस्त टीकाकरण होने पर दूसरी किश्त 2500 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में पहली कक्षा में प्रवेश लेने पर तीसरी किश्त 4000 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में छठी कक्षा में प्रवेश लेने पर चौथी किश्त 5000 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में 10वीं कक्षा में प्रवेश लेने पर पांचवी किश्त 11,000 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में 12वीं कक्षा में प्रवेश लेने पर छठी किश्त 25,000 रुपए तथा राजकीय एवं राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 7वीं किश्त 1 लाख रुपए (राशि बालिका के बैंक खाते में ऑनलाईन ट्रांसफर होगी) मिलेगी। योजना के पात्रता के तहत बालिका का जन्म राजकीय चिकित्सा संस्थान अथवा जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाय) के लिए अधिस्वीकृत निजी चिकित्सा संस्थान में होना आवश्यक है। साथ ही, प्रसूता का राजस्थान की मूल निवासी होना भी जरूरी है। गर्भवती महिला की एएनसी जांच के दौरान राजस्थान की मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र अथवा विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र, बैंक खाते का विवरण आदि दस्तावेज प्राप्त कर उनका चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संधारण किया जाएगा और पीसीटीएस पोर्टल पर विवरण दर्ज किया जाएगा।

## बिजली से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए करें सम्पर्क

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में बिजली से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु विद्युत विभाग ने अधिकारियों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए है। अधीक्षण अभियंता बी.एल. मीना ने बताया कि उपभोक्ता बिजली से जुड़ी किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे संबंधित अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण जिले की विद्युत शिकायतों हेतु टोल फ्री नंबर 1800-180-6507 एवं 9413383132 पर 24 घंटे सहायता प्राप्त की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि सवाई माधोपुर शहरी क्षेत्र की विद्युत शिकायतों के लिए सहायक अभियंता सुदर्शन मीना 9413390434, बजरिया, खेरदा, मानटाउन, कलेक्ट्री, बालमंदिर कॉलोनी एवं आस पास के क्षेत्र हेतु कनिष्ठ अभियंता मानटाउन राहुल मंगल 9413390454, सीमेन्ट फैक्ट्री, आदर्श नगर, चकचैनपुरा, मीणा कॉलोनी, एमपी कॉलोनी, साहूनगर के लिए कनिष्ठ अभियंता अशोक मीना 9413390192, रणथम्भौर रोड़, विज्ञान नगर, रेलवे कॉलोनी, कुतलपुरा जाटान के लिए कनिष्ठ अभियंता शफाहद अख्तर 9413390450, हाउसिंग बोर्ड, मण्डी रोड़, सर्किट हाउस रोड़, हॉस्पीटल, आलनपुर, पटेल नगर, नीमली रोड़, तिलक नगर, बम्बोरी के लिए कनिष्ठ अभियंता धर्मराज मीना 9413390453, पुराना शहर सवाई माधोपुर के लिए कनिष्ठ अभियंता धीरज महावर 9413390452 एवं सवाई माधोपुर ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत शिकायतों के लिए सहायक अभियंता सत्यनारायण मीना 9413390435 पर सम्पर्क कर बिजली से संबंधित समस्याओं का निस्तारण करवाया जा सकता है।

इसी प्रकार मलारना डूंगर में सहायक अभियंता बृज राज मीना 9413389363, बौंली में राजेंद्र सिंह मीना 9413389719 एवं नरेन्द्र कुमार 9413390437, बामनवास में अजय मीना 9413390438, खण्डार में अशोक कुमार मीना 9413388086 एवं फरीद खान 9413390436, चौथ का बरवाड़ा में मनीष बबेरवाल 9413388084, गंगापुर सिटी में रूप सिंह गुर्जर 9413346032, राकेश वर्मा 9413390439 एवं राम चरण मीना 9414022958 तथा वजीरपुर में धनराज मीना 9413388048 पर सम्पर्क कर बिजली से संबंधित समस्याओं का निस्तारण करवाया जा सकता है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

## यातायात नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे बड़ा उपाय : शुभम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों की प्रभावी पालना एवं सड़क सुरक्षा उपायों को धरातल पर उतारने पर चर्चा की गई।

जिला कलक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और यातायात नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने जिले में सघन हेलमेट एवं सीट बेल्ट जागरूकता अभियान चलाने तथा उड़नदस्तों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी पी.आर. मीणा एवं सीओ ट्रैफिक पिंटू कुमार को दिए। उन्होंने ऑटोमेटिक ड्राइविंग ट्रैक का निर्माण शीघ्र आरंभ कराने, चालानों की संख्या में वृद्धि करने एवं एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस (आईआरएडी) ऐप का प्रत्येक थाना स्तर पर नियमित उपयोग सुनिश्चित करने पर बल दिया। जिला कलक्टर ने स्कूल एवं कॉलेजों में छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा स्पीड ब्रेकरों पर रिफ्लेक्टर और जेब्रा कलर पेंटिंग कराने के निर्देश भी दिए।

**ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर रोकथाम के निर्देश :** बैठक में ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर तत्कालिक व स्थाई सुधार कार्य कराने, दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों में सरकारी गाइडलाइन अनुसार सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक सड़क की मासिक दुर्घटना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरिसिंह मीणा सहित संबंधित विभागों को दिए गए।

**दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर रोकथाम की कार्रवाई के निर्देश :** जिला कलक्टर ने विगत तीन वर्षों में अधिक दुर्घटना वाले स्थलों के थानों से रिपोर्ट मंगवाकर, दुर्घटनाओं के कारणों की तह तक जाकर स्थाई समाधान के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करते हुए, सड़क सुरक्षा को केवल कागजों में सीमित न रखकर जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समय रहते कारगर कदम उठाए जाएं, ताकि किसी भी परिवार को अपनों की असामयिक मृत्यु का दु:ख न झेलना पड़े।

### जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित

## पर्यावरण संरक्षण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : जिला कलक्टर



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला पर्यावरण समिति की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माध राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई और संबंधित विभागों को दिए गए निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण नियमों की अवहेलना करने वाले क्लीनिकों और अस्पतालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए और सॉलिड वेस्ट निस्तारण हेतु कम्पोस्टिंग मशीन की स्थापना के भी निर्देश प्रदान किए। शहर में कचरा संग्रहण पॉइंट निर्धारित करने, कचरा जलाने वाले कार्मिकों के विरूद्ध कार्रवाही करने, डंपिंग यार्ड के समीप हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण एवं पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना को दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णत: रोक लगाने, इसके वितरकों पर सख्त कार्रवाई करने और जुर्माना वसूलने के निर्देश देते हुए कहा कि इस संबंध में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अवैध बजरी खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, उप वन संरक्षक सामाजिक वानिकी सुनील कुमार, सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सुग्रीव मीना, क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बलजीत मीना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में मां वाउचर का किया वितरण योजना के तहत गर्भवतियों की हो रही निशुल्क सोनोग्राफी

### निरामय राजस्थान के तहत मई माह की थीम को लेकर किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच की गई साथ ही मां वाउचर योजना के तहत निशुल्क सोनोग्राफी हेतु वाउचर वितरित किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9, 18, 27 तारीख को गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच की जाती है। 18 मई को वकाश होने कब कारण 19 मई को अभियान का आयोजन कर वजन, उंचाई, पेट की जांच, खून की जांच, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, शुगर, एचआईवी, सिफलिस, हदय स्पंदन, यूरिन, सोनोग्राफी आदि जांच कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। चिकित्सकों द्वारा विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवतियों की जांच के साथ ही गर्भावस्था के दौरान किसी भी गर्भवती में जटिलता पाए जाने पर उच्च संस्थानों पर भी रेफर किया गया साथ ही चिकित्सकों ने गर्भावस्था में आने वाली जटिलताओं के बारे में जागरूक किया। साथ ही सभी को भोजन की अच्छी आदतों को अपनाने, पोषक तत्वों युक्त भोजन करने, हरी सब्जियों, फलों, आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने की संबंधी जानकारी दी गई। निरामय राजस्थान के तहत मई माह की थीम के संबंध मे किया जागरूक- निरामय राजस्थान के तहत मई माह की थीम के संबंध मे गर्भवतियों को जागरूक किया गया। अभियान के तहत मई माह की थीम पानी है जीवन का आधार के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। भीषण गर्मी को देखते हुये पर्याप्त मात्रा में शुद्ध जल का सेवन करने की सलाह दी गयी और इसी के साथ मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिला की दूसरी या तीसरी तिमाही में गर्भकाल के दौरान सोनोग्राफी निरूशुल्क कराई जा रही है। इसमें जिले के सभी निजी सोनोग्राफी सेंटर जुड़े हुए है ताकि गर्भवती महिलाओं को उन्हीं के क्षेत्र में सोनोग्राफी करवाने की सुविधा मिल सके।

## कुहू इंटरनेशनल स्कूल में लगाया नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर, 246 अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने लिया लाभ




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले के कुहू इंटरनेशनल स्कूल, गंगापुर सिटी में विप्र फाउंडेशन (जोन 1डी) एवं सीपी हॉस्पिटल मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ केयर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में एक नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 246 अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य जांचों का लाभ उठाया। इस शिविर में विशेष रूप से हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, नेत्र रोग, जनरल मेडिसिन तथा दंत रोग से संबंधित परामर्श और जांच की सुविधाएं प्रदान की गईं। विद्यार्थियों द्वारा मुख्यत: आँखों एवं दांतों की जांच कराई गई जबकि अभिभावकों ने बीपी, शुगर एवं अन्य सामान्य बीमारियों की जांच करवाई। शिविर के समापन पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा ने सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं सीपी हॉस्पिटल के प्रबंधन टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विप्र फाउंडेशन भविष्य में भी इसी प्रकार के निशुल्क जांच शिविर आयोजित करता रहेगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। शिविर में शिविर संयोजक डॉ. क्षितिज गुप्ता (निदेशक, सीपी हॉस्पिटल), सहयोगी संस्था पीजीआई सोनीपत तथा मनोज शर्मा की भी सराहनीय भूमिका रही।

## असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सीएम स्वनिधि योजना से मिलेगा ऋण

### नगरपालिका में मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना शुरू

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में शहरी क्षेत्र के जरूरतमंद व असहाय परिवारों के लिए मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना शुरू करने की घोषणा की है। इसका मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में सेवाएं देने वाले लोगों को आर्थिक मदद देना है। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि योजना के तहत नगर पालिका की सीमा में रहने वाले गिर्ग वर्कर, ट्रांसपोर्ट वर्कर, घरेलू कामगार, भवन निर्माण श्रमिक, हॉकर, कचरा बीनने वाला, कचरा पृथक करने वाले, दस्तकार जैसे लोग, जिन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ नही मिला है, उन्हें इस योजना मे शामिल किया जाएगा। ऐसे पात्र व्यक्तियों को कुल 80 हजार रूपये तक का ऋण मिलेगा। 18 से 60 वर्ष की उम्र वाले लोग इस योजना के लिए पात्र होंगे। उन्हें बैंक के माध्यम से 10 हजार, 20 हजार और 50 हजार रूपये का ऋण 12 माह, 18 माह और 36 माह की अवधि के लिए मिलेगा। इस पर ब्याज में 7 प्रतिशत छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पालिका ने पात्र लाभार्थियों की पहचान कर चिन्हित किया जा रहा है। आवेदन पत्र के साथ जनआधार, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, पेन कार्ड व व्यवसाय शपथ-पत्र लगाना जरूरी होगा। इच्छुक व्यक्ति ई-मित्र या एसएसओ राजस्थान जीओवी आईएन के माध्यस से आवेदन कर सकते है।

## चोर कुओं पर लगी मोटरों के तार काट कर चुरा ले गए

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। बरोनी थानांतर्गत गांव दादिया की ढाणी में कुओं पर लगी हुई मोटरों के तार काट ले गए। इस बाबत पीड़ित किसानों ने चोरी का मामला दर्ज करने के लिए थाने में अर्जी लगाई है। किसान छीतरमल, रामनारायण, ग्यारसीलाल व कजोड़ गूर्जर ने पुलिस थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि ढाणी के खेतों कुओं पर लगे हुए थ्री फेस मोटरों के कॉपर वायर जिनकी लंबाई करीब 400 मीटर है।

## यूनिवर्सिटीज के दीक्षांत समारोह की तर्ज पर वितरित किए प्रगति पत्र, राहोली के राजकीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत राहोली के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अम्बेडकर कॉलोनी सहित समस्त राजकीय विद्यालयों में परीक्षा परिणाम घोषित कर प्रगति पत्र वितरित किए गए। पीईईओ व प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि राहोली के समस्त राजकीय विद्यालयों में पीटीएम आयोजित कर, सत्र पर्यन्त हुई शैक्षणिक-सह शैक्षणिक गतिविधियों से अभिभावको को अवगत करवाया गया तथा परीक्षा परिणाम घोषित कर विद्यार्थियों को प्रगति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम प्रभारी पूजा पाटीदार ने बताया कि परीक्षा परिणाम व प्रगति पत्र वितरण कार्यक्रम को रोचक बनाते हुए कॉलेज व यूनिवर्सिटीज की दीक्षांत समारोह की तर्ज पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसको देखकर विद्यार्थियों, अभिभावकों व ग्रामीणों ने सराहना की।

## विद्युत वोल्टेज कम आने से फ्रिज, कूलर, पंखे व एसी बने हुए है शोपीस, कॉलानीवासियों में आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** शिवाजी कॉलोनी में विद्युत वोल्टेज कम आने से फ्रिज, कूलर, पंखे व एसी सहित कई उपकरण नहीं चल रहे है। जिससे कॉलोनी वासियों को इस भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि कॉलोनी में करीब एक सप्ताह से विद्युत सप्लाई पूर्ण रूप से नहीं हो आ रही है। पावर में कमी होने के कारण फ्रिज, कूलर, पंखे व एसी सहित कई उपकरण शोपीस बने हुए हैं। जिससे कॉलोनीवासी एवं बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिन विद्यार्थियों की परीक्षाएं चल रही है। उनको तेज गर्मी से पढाई में व्यवधान हो रहा है।

## बरोनी से सिरस सडक मार्ग पर रोजाना दौड रहे है 30-40 बजरी से भरे ओवर लोड ट्रेक्टर ट्रोली, तेज गति से आवाजाही से दुर्घटना होने की है आशंका

बढ़ता राजस्थान



**निवाई /सिरस )।** बरोनी से सिरस सडक मार्ग पर से रोजाना करीब 30-40 बजरी से भरे ओवर लोड ट्रेक्टर ट्रोलियों की तेज गति से आवाजाही से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि बरौनी सिरस सडक मार्ग पर बनास नदी से अवैध बजरी भर कर तेज गति से आने वाले ट्रेक्टर ट्रोलियों से आमजन परेशान है। पराना से सिरस तक ट्रैक्टरों के आवागमन से श्योसिंहपुरा, वजीराबाद, खलीलाबाद, सिरस व बस्सी सहित कई गांवों के लोगों को समस्या बनी हुई है। लोगों ने बताया कि ओवरलोड बजरी से भरी ट्रोलियों के साथ ट्रेक्टर के संचालन से सडक मार्ग जगह जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है। ट्रेक्टर के तेज गति से संचालन से गांवों में दुर्घटना की सम्भावनाएं बनी हुई है। बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रोलियों के संचालन मे रोक लगाने के लिए प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी ध्यान नहीं देने से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से बजरी से भरे अवैध ट्रेक्टरों पर रोक लगाने की मांग की है।

# मुख्यमंत्री के आगे कोंग्रेसियों ने आमजन की समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलवर आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में आमजन की समस्याओं को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। जिला प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया कि दोपहर 12 बजे कांग्रेसजन मौजपुर हॉउस से कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा की जा रही अघोषित बिजली कटौती, बिजली की दरों में की गई बढ़ोतरी, अलवर जिले में व्याप्त पेयजल एवं सिंचाई की पानी की समस्या, सरेआम हत्या, लूट, डकैती, साइबर ठगी, छेड़खानी, चैन स्कैनिंग, जिले की बिगड़ी कानून व्यवस्था, जिले में हो रहे बड़े पैमाने पर अतिक्रमण रोकथाम एवं जिले की सफाई व्यवस्था में सुधार आदि मांगों के शीघ्र निराकरण का ज्ञापन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा देने जा रहे थे। रास्ते में ही कांग्रेस जनों को पुलिस प्रशासन में जबरदस्ती रोक लिया गया, जिस पर कांग्रेसजनों की जिला प्रशासन से तीखी नोक झोक हो गई,



कांग्रेसजनों ने राजस्थान सरकार एवं जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और रोड़ पर बैठ गये। मामला गर्माता देख प्रशासन ने सभी कांग्रेसजनों को गिरफ्तार करके पुलिस के वाहन से रामगढ़ विधानसभा के रंडवापूठ ले जाकर छोड़ दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन का यह तानाशाही रवैया है, लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है।सैंकड़ों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर प्रजातंत्र की हत्या करने की कोशिश की लेकिन कांग्रेस का कार्यकर्ता आमजन की समस्याओं के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करता रहेगा, ना झुकेगा, ना डरेगा। उन्होंने कहा कि आशा है कि सीएम भजनलाल शर्मा जी अलवर में फैली बदहाली का संज्ञान लेंगे। अलवर की जनता जिस तरह से बिगड़ी कानून व्यवस्था,पानी, बिजली, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से जूझ रही है, उस पर ठोस काम करेंगे। अलवर जिले की जनता इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या से त्रस्त है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 1 वर्ष पूर्व रामगढ़ के बड़ौदा मेव में ईआरसीपी का शिलान्यास करके गए थे, जिसका कोई कार्य नहीं हुआ, आज सिलीसेढ़ में बोरिंगों का शिलान्यास होना है। कहीं बड़ौदा मेव की पुनरावृत्ति ना हो जाए, उम्मीद है कि काम जल्द पूरा होगा और सिलीसेढ़ का पानी अलवर शहर को मिलने लगेगा। लचर कानून व्यवस्था का ही परिणाम है कि मुख्यमंत्री को ही तीन बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा जी, विधायक मांगेलाल मीणा, विधायक प्रत्याशी इमरान खान, संजय यादव,आर्यन जुबेर, रोहिताश चौधरी, बलराम यादव, अनूप शर्मा, रिपु दमन गुप्ता, रामप्रकाश शर्मा, प्रधान जाकिर हुसैन, मुकेश सारवान, विक्रम यादव, मनीष कोली, डालचंद वर्मा, राकेश बैरवा, साजिद अनवर, जगदीश अवस्थी, जमशेद खान,राजेश मीणा, संदीप पाटिल, भीम गुर्जर, दयाराम सरपंच, दयाराम गुर्जर , रवि मीणा, राजेश कृष्ण सिद्ध, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, इकबाल खान, लिली यादव, कमलेश सैनी, नीमा चौधरी, बसमीना, मिस्कीना, गुलफ्शा, पवन खटाना,महेश कुमार गुर्जर, निहाल सिंह, प्रभुदयाल,हुकम सिंह,रामकिशन बेरवा, सुरज्ञानी मीणा, सुरेंद्र बागड़ी रणवीर चौधरी, अब्दुल रहमान, देवेंद्र कुमार शर्मा , सोनू गोपालिया, रमन सैनी अंकित गोयल,लोकेश मीणा, रमेश मीणा, विष्णु मीणा, दीपक रावत, महिपाल सोडल, पहलवान, दिनेश पहलवान, आदि मौजूद रहे।

## कोल्ड ड्रिंक में नशीला पेय पिलाकर युवती से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुहाना थाना इलाके में परिचित दोस्त ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पेय पिलाकर एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान आरोपी से उसका अश्लील वीडियो भी लिए। पीडिता द्वारा विरोध करने पर मारपीट कर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इस संबंध में पीडिता थाने पहुंची और थाने में आरोपी दोस्त के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि बजाज नगर की रहने वाली 24 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी और बातचीत के दौरान उससे दोस्ती कर ली। आरोप है कि करीब 6 महीने पहले मिलने के बहाने आरोपी दोस्त ने उसे पत्रकार कॉलोनी बुलाया। जहां मिलने पहुंचने पर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के दौरान उसका अश्लील वीडियो मोबाइल में बना लिया। होश आने पर विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। इससे परेशान होकर पीड़िता ने आरोपी दोस्त के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## भगवान शनि देव की मूर्ति स्थापना समारोह का धूमधाम से हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**तिजारा (नि.स.)।** तिजारा कस्बे में खटीक समाज की ओर से खटीक धर्मशाला में भगवान शनि देव की मूर्ति स्थापना समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। खटीक समाज के अध्यक्ष मुरारी लाल ने बताया कि शनि देव महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा तिजारा कस्बे के विद्वान पंडित राम अवतार शर्मा द्वारा विधि विधान के साथ स्थापित की गई और 17 मई की रात्रि को शनि देव महाराज का विशाल जागरण किया गया तथा 18 मई को इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस कार्यक्रम में तिजारा नगर परिषद के उपसभापति हरीश सांवरिया, श्री चंद, बिरजू पहाड़िया, फकीरचंद पहाड़िया, मोहन, कालू प्रजापत, कब्बू, प्रीतम पहाड़िया, पूर्व पार्षद मुंशीलाल, नेमीचंद मंदिर पुजारी सहित समाज के अनेक लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## अण्डनपुरा रेतीलाल सैनी बने महावीर जी सैनी समाज 12 गांव के तहसील अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)। श्री महावीर जी सैनी समाज तहसील अध्यक्ष का चुनाव हुआ सम्पन्न जिसमें तहसील अध्यक्ष के लिए तीन नाम आए सामने प्रेमसिंह सैनी फुलवाड़ा,अमरचंद सैनी अन्डनपूरा और रेतीलाल सैनी अलीपुर जिसमें प्रेमसिंह सैनी ने रेतीलाल को दिया समर्थन उसके बाद रेतीलाल सैनी अलीपुर को निर्विरोध महावीर जी सैनी समाज का तहसील अध्यक्ष चुना गया इस अवसर पर सैनी समाज के प्रमुख लोग मौजूद थे रेतीलाल जी को राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड टीम की तरफ से हार्दिक बधाई दी एवम् अन्य समाज गण मौजूद थे।



सवाई माधोपुर में हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान सोमवार को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए प्रसिद्ध कथावाचक श्री कैलाश तहरिया द्वारा राकेश शर्मा को सम्मान प्राप्त होने का अवसर प्राप्त हुआ।

फोर्टी और साउथ कोरिया के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक बैठक

# दक्षिण कोरिया और राजस्थान के बीच व्यापार की नई संभावनाओं पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के उद्योगपति और व्यापारी सीधे तौर पर साउथ कोरिया के साथ व्यापार कर सकेंगे इसके लिए फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री(फोर्टी ) की ओर से साउथ कोरिया और राजस्थान के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, उपउपाध्यक्ष आनंद पोद्दार उपाध्यक्ष डॉ संजय पाराशर, ब्रांच डेवलपमेंट चेयरमैन मनीष अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य धर्मपाल अग्रवाल फोर्टी सदस्य राहुल खंडेलवाल मिलन अग्रवाल इसमें दक्षिण कोरिया से कॉस्मेटिक, मेडिसिन और फाइनेंस सेक्टर से जुड़े हुए उद्योगपति संग जून, किम जोंग वॉन, चोई हक जू शामिल हुए । सुरेश अग्रवाल ने बताया कि फोर्टी



ने सरकार के सहयोग से राजस्थान के निर्यात को अगले 3 साल में दुगना करने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में राजस्थान का निर्यात लगभग 80 हजार करोड रुपए का है हम उम्मीद करते हैं अगले 3 साल में यह आंकड़ा 150 हजार करोड़ के पार होगा। इस मिशन के तहत फोर्टी निरंतर दूसरे देशों के साथ व्यापारिक संभावनाओं को तलाश रहा है। फोर्टी यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि साउथ कोरिया राजस्थान का व्यापारिक मित्र देश है यहां नीमराना में राज्य सरकार ने जापानी इंडस्ट्रियल पार्क की तरह कोरियन इंडस्ट्रियल पार्क भी बनाया है ,जहां कोरियन कंपनियों ने अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाए हैं, इस बैठक का उद्देश्य राजस्थान के व्यापारियों को जापानी कंपनियों के साथ व्यापार बढ़ाने की जानकारी साझा करना था,जिसमें हम काफी सफल रहे । कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजय पाराशर ने बताया कि फोर्टी और सरकार दोनों का प्रयास है कि चीन से आयात पर निर्भरता कम की जाए और चीन की जगह मित्र देशों के साथ व्यापारिक संबंध बढ़ाए जाएं इसके लिए दक्षिण कोरिया सबसे बेहतर विकल्प है। जल्दी ही फोर्टी का एक प्रतिनिधिमंडल द्विपक्षीय व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए दक्षिण कोरिया की यात्रा करेगा ।

उच्च रक्तचाप जागरूकता मैराथन आयोजित

## एनसीडी क्लिनिक और शहीद भगत सिंह डिफेन्स एकेडमी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में मैराथन का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़ (नि.स.)।** उच्च रक्तचाप जागरूकता माह के अंतर्गत आज सोमवार को एनसीडी क्लिनिक और शहीद भगत सिंह डिफेन्स एकेडमी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर अकादमी के कोच सलीम अली ने कहा कि अकादमी के युवा अभ्यर्थी इस तरह के आयोजन में उत्साह के साथ भाग लेते हैं। वर्तमान समय में हाइपरटेंशन हर घर की समस्या बन चुका है। अगर अभी हम जागरूक नहीं हुए और समय पर इलाज शुरू नहीं किया तो आने वाले समय में हाइपरटेंशन के मरीजों की संख्या बढ़ेगी। इस अवसर पर एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा ने मैराथन दौड़ में शामिल होने वाले युवाओं को फास्ट फूड और नशीले पदार्थों से दूरी बनाने की सलाह दी गई ताकि युवाओं का भविष्य उज्जवल हो सके। और हाइपरटेंशन के लक्षण उपचार के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर अकादमी कोच सलीम अली, कोच भवानी सिंह, काउंसलर दीपक शर्मा और युवा धावक मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित खैरथल जिले मे जिला तिलहन मिशन की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल/तिजारा (नि.स.)।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसके साथ ही खाद्य तेलों की फसलों को बढ़ावा देने हेतु जिला तिलहन मिशन एवं जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक भी सम्पन्न हुई। जिला कलेक्टर ने योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा पंचवर्षीय नेशनल मिशन ऑन एडिबल आयल तिलहन योजना शुरू की गई है। जिला कलेक्टर ने बताया कि नेशनल मिशन ऑन एडिबल आयल तिलहन योजना के तहत तिलहन फसलों को बढ़ावा देने का कार्य किसान उत्पादक संगठन संस्था के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने मिशन के तहत




तिलहनी फसलों को उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषको को जागरूक करने के निर्देश दिए। जिले मे तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानो की आय मे इजाफा करने के उद्देश्य से जिले में सरसों की फसल को शामिल किया गया है। जिले को वर्ष 2025-26 के लिए 4500 हैक्टर का लक्ष्य जारी किया गया है। जिला कलक्टर किशोर कुमार ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को पीएम सूर्य घर योजना का प्रचार प्रसार कर पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजली एवं पानी की व्यवस्था को सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन की प्रगति कि समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी जगह पेयजल पूर्ति हेतु संकटग्रस्त क्षेत्रों में टैंकर द्वारा की जा रही सप्लाई की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल , कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, उप चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग आदेश कुमार, बिजली विभाग, पीएचईडी, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## औद्योगिक निवेश को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन, उद्यमियों तथा निवेशकों को दी गई योजनाओं तथा नीतियों की जानकारी




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की ओर से राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के संबंध में आज जयपुर में राज्य सरकार की औद्योगिक निवेश को लेकर हाल ही में जारी नीतियों एवं योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला उद्योग केन्द्र, जयपुर एवं बाइस गोदाम इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में निवेश प्रोत्साहन और औद्योगिक विकास से जुड़ी आठ महत्वपूर्ण योजनाओं तथा नीतियों के संबंध में उद्यमियों तथा निवेशकों को जानकारी दी गई।

जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबन्धक जयपुर शहर, शिल्पी पुरोहित ने बताया कि कार्यशाला में अतिरिक्त आयुक्त एस.एस.शाह ने विभागीय योजनाओं के विषय में अवगत कराया एवं उद्यमियों के सवालों का जवाब दिया तथा इन योजनाओं एवं नीतियों से उद्योग जगत पर पड़ने वाले अनुकूल प्रभाव की जानकारी दी। इस दौरान विषय विशेषज्ञों ने योजनाओं तथा नीतियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में प्रतिभागियों को उद्योग रजिस्ट्रेशन, जैम पोर्टल की जानकारी एवं उद्यम स्थापना में आवश्यक दस्तावेजों और एनओसी प्रमाण पत्र के विषय में जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में 8 महत्वपूर्ण योजनाओं एवं नीतियों जिनमें एक जिला एक उत्पाद, एमएसएमई पॉलिसी-2024, रिप्स- 2024, लॉजिस्टिक पॉलिसी-2024, डेटा सेंटर पॉलिसी-2025, एकीकृत क्लस्टर विकास योजना, राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2024, राजस्थान टैक्सटाइल एण्ड एपेरल-2025, पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। इस दौरान एक जिला एक उत्पाद एवं तद्रूरू योजना के तहत ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। आज की कार्यशाला में जिला महाप्रबंधक ग्रामीण सुभाष शर्मा, एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल किशोर सारड़ा और पदाधिकारियों के साथ ही औद्योगिक संघटनों से जुडे उद्यमी, छोटे व्यापारी, स्वयं सहायता समूह तथा हस्तशिल्पी तथा औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि, बैंकर्स और सीए एसोसिएशन के प्रतिनिधि मौजूद रहें। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा इन दिनों सभी जिलों में औद्योगिक जिला स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिससे उद्यमी, निवेशक तथा व्यापारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी हासिल कर इनका लाभ उठा सके।

संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा : कृष्ण रुक्मिणी के विवाह में श्रद्धालुओं ने लगाए ठुमके

# विश्वास ही जीवन का आधार : ताराचंद शास्त्री

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** विश्वास ही जीवन का आधार है। विश्वास के अभाव में जीवन धूप में कुम्हलाई लता के समान हो जाता है। सब कुछ चले जाने के बाद भी जिसके बल पर पुन: वह सब कुछ पाया जा सकता है वह आपका विश्वास ही है। स्वयं पर विश्वास, अपने कर्म पर विश्वास और परमात्मा के प्रति विश्वास रखने से सब कुछ फिर से प्राप्त किया जा सकता है। यह विचार आचार्य पंडित ताराचन्द्र शास्त्री ने ठींगला में आयोजित हो रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा व सवालक्ष महामृत्युंजय मंत्र जाप के दौरान व्यक्त किए। आचार्य ताराचंद शास्त्री ने कहा कि यदि विश्वास ही नहीं होगा तो जीवन में आनंद और सौंदर्य के पुष्प भी नहीं खिल सकेंगे। विश्वास न होने पर जीवन, मूल विहीन वृक्ष के समान है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विश्वास आवश्यक है। अपने में विश्वास हो, अपनों में विश्वास हो और प्रभु में विश्वास हो तो जीवन शांत, सुखी और आनंदमय बन जाता है। विश्वास में अद्भुत सामर्थ्य है। विश्वास के बल पर मनुष्य को ही नहीं अपितु परमात्मा को भी वश में किया जा सकता है। इस मौके पर कथावाचक कैलाश तहरिया ने भगवान श्री



कृष्ण- रूक्मिणी विवाह, कंस वध व उद्धव प्रसंग संबंधित सारांश सुनाया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। मंगलवार को सुदामा चरित्र की कथा के साथ भागवत कथा का विश्राम होगा। यजमान गिरिराज तेहरिया एडवोकेट ने बताया कि सवा लक्ष्य महामृत्युंजय अनुष्ठान व भागवत की महाप्रसादी 21 मई को सम्पन्न होगी।

## शहीद स्मारक पर गर्मियों में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

बढ़ता राजस्थान

**तिजारा (नि.स.)।** देश भक्ति, समाज सेवा और लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले जन जागृति संस्थान तिजारा द्वारा देखरेख किए जाने वाले शहीद स्मारक पर, गर्मियों में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए फतह सिंह सैनी प्रधान आर्य समाज, तारा चंद सैनी, इंदर सिंह दहिया, ने सचिव जन जागृति संस्थान राधे श्याम धानका, अध्यक्ष किशन लाल यादव की उपस्थिति में 2 परिंडे लगाए गए। परिंडे लगाकर पक्षियों की दुआ भी प्राप्त करेंगें। परमार्थ



कार्य के लिए इन्हें बहुत बहुत बधाई। इस अवसर पर प्रत्येक दिन प्रात: काल परिंडे में पानी भरने की जिम्मेदारी भी सदस्यों को दी गई।

### जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में विभागीय समन्वय बैठक आयोजित

# लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जनसुनवाई, मुख्यमंत्री जनसंपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों, विभिन्न योजनाओं तथा बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपर्क पोर्टल पर एक वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का निस्तारण 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से किया जाए। सभी विभागीय अधिकारियों को राज्य सरकार की प्राथमिकताओं तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करते हुए आमजन को अधिकतम लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे आने वाले परिवारों का शत-प्रतिशत चिह्नीकरण किया जाए। साथ ही गरीबी रेखा के ऊपर आने वाले परिवारों को स्पष्ट रूप से वर्गीकृत करते हुए बीपीएल से एपीएल में स्थानांतरित करने के प्रयास किया जाए। जिला कलक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि धरती आभा योजना के अंतर्गत केकड़ी-सावर क्षेत्र के 12 जनजातीय गांवों में सभी योजनाओं का सैचुरेशन स्तर शीघ्रता से प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लंबित आवेदनों का सत्यापन समयबद्ध रूप से किया जाए। इससे पात्र व्यक्तियों को लाभ समय पर मिल सकेगा। बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि अवाप्ति की प्रक्रिया में गति लाते हुए इसे शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए तथा संवेदनशील चिन्हित स्थानों पर आकस्मिक निरीक्षण एवं कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई तथा जनसंपर्क पोर्टल पर तीन माह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों की मुख्यमंत्री स्वयं समीक्षा करेंगे। इसके लिए संबंधित अधिकारी इन प्रकरणों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत कार्यकारी विभाग द्वारा निर्धारित टास्क जैसे भूमि अधिग्रहण, पेयजल लाइन, विद्युत आपूर्ति आदि से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की जाए और आवश्यकतानुसार समयबद्ध समाधान किया जाए। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अभिषेक खन्ना, अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी एवं श्रीमती वंदना खोरवाल, लोक सेवाओं की सहायक निदेशक श्रीमती विनीता स्वामी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## भारतीय सेना के शौर्य का सम्मान है तिरंगा यात्रा

### जगह-जगह पुष्प वर्षा स्वागत द्वारों से तिरंगामय हुआ शहर



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य से अभिभूत भाजपा नेतृत्व एवं आम नागरिकों के द्वारा सोमवार को केशवपुरा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई । 5 किलोमीटर लंबी यात्रा मार्ग में जगह-जगह फूलों स्वागत द्वारों से यात्रा का स्वागत किया गया पैदल यात्रा के रूप में सबसे आगे कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा के साथ में नेता प्रतिपक्ष कोटा दक्षिण विवेक राजवंशी चल रहे थे । भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश और तिरंगे का समारोह पूरे शहर को भारत माता की जय के नारों से गुंजायमान कर रहा था । शहर वासियों ने भी यात्रा का पूरे मार्ग में स्वागत किया बड़े-बड़े स्वागत द्वार लगाए गए पानी व ठंडाई की स्टाल भी लगाए गए। 3 घंटे चली यात्रा में करीब 3000 लोगों ने देश के प्रति सम्मान प्रकट करने मे कोई कोर कसर नहीं रखी। यात्रा के समापन स्थल परविधायक संदीप शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना प्रारम्भ से ही साहसी, तेजस्वी और पराक्रमी रही है,लेकिन आजादी के बाद अधिकांश सरकारें सेना के हाथ बांधे रही और सेना की जीती बाजी को समझौतों की मेजों पर हारती रही। मोदी सरकार आने के बाद सेना को आतंकवादियों और उनके आकाओं के खिलाफ कार्रवाई की खुली छूट के साथ ही अत्याधुनिक हथियार भी मिले और सेना ने भी आतंकवाद को मिट्टी में मिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसी का परिणाम है कि आज लाल चौक पर शान से तिरंगा फहरा रहा है। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि जहां दुनिया के कई देशों में सेनाएं सरकारों को कमजोर करती है,वहीं भारत में सरकार और सेना एक दूसरे की ताकत है जिससे भारत दुनिया के शक्तिशाली देशों में गिना जाने लगा है।

यात्रा संयोजक विवेक राजवंशी ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में घुसकर की गई कार्रवाई से सभी भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है, वहीं दुनिया भी अब समझ चुकी है कि आतंक की हर कार्रवाई का ऐसा ही जवाब दिया जाएगा। तिरंगा यात्रा केशवपुरा चौराहे से प्रारम्भ होकर घास भैरू वाटिका, रामजानकी मंदिर व सैंट्रल पब्लिक स्कूल होते हुए तलवण्डी चौराहे पर समाप्त हुई।

## कोटा विश्वविद्यालय के पदोन्नत कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

# कुलपति सचिवालय पर प्रदर्शन कर दिया धरना

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा विश्वविद्यालय में सोमवार को विश्वविद्यालय के नव पदोन्नत कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार करते हुए कुलपति सचिवालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया। कर्मचारियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और आक्रोश जताया ।कर्मचारी संघ अध्यक्ष हरीश नागर ने बताया कि पिछले वर्ष अगस्त माह में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आदेश जारी कर मंत्रालयिक संवर्ग के 26 कर्मचारियों को पदोन्नत किया था। उसके बाद आज दिनांक तक भी वेतन निर्धारण के आदेश जारी नहीं किए है और ना ही उन आदेश को प्रत्याहारित किया है। प्रशासन द्वारा भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है। कर्मचारी नेता चमन तिवारी ने बताया कि मंत्रालयिक संवर्ग के विश्वविद्यालय कार्मिकों हेतु राज्य सरकार ने पदों का पुनर्गठन करने के आदेश दिए थे जिस पर राज्य सरकार की मंशानुरूप विश्वविद्यालय प्रशासन ने पदोन्नति की थी। जिसके आदेशों को प्रबंध मंडल में अनुमोदित किया जाना था। पुनर्गठन में चार नवीन पद अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के गठित हुए थे जिस पर चार कार्मिकों को तत्कालीन कुलपति से अनुमोदन उपरांत वरिष्ठ सहायक पद से पदोन्नति प्रदान की गई थी। इस बिंदु पर प्रबंध मंडल की बैठक में वित्त नियंत्रक द्वारा आपत्ति दर्ज कराने पर प्रकरण को पुनः विभागीय पदोन्नति समिति के समक्ष रखने का निर्णय हुआ। उक्त निर्णय के बाद फिर प्रबंध मंडल की बैठक में इसी निर्णय पर सहमति बनी लेकिन आज तक भी दोबारा आदेश जारी नहीं हुए हैं। इससे नाराज कार्मिकों को मजबूरन आंदोलन का रुख अपनाना पड़ा। कार्मिकों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की तानाशाही से कार्मिकों को मानसिक और आर्थिक नुकसान हो रहा है।




## हाथी भाटा में बनेगा 132 केवी गैस आधारित विद्युत सब स्टेशन, 147 करोड़ की स्वीकृति जारी

### विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रयास लाए रंग, देवनानी के आग्रह पर अजमेर की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए हुई थी बजट घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** 19 मई को शहर की बिजली व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार के लिए हाथी भाटा स्थित पावर हाउस में गैस आधारित 132 केवी जीएसएस बनेगा। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने अजमेर की बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए यह घोषणा की थी। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी के प्रयासों से जीएसएस के लिए 147 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो गई है। शीघ्र ही जीएसएस निर्माण का काम शुरू होगा। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड ने हाथी भाटा में 132 केवी गैस इमुलेटैड पावर हाउस के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। इसके तहत 147 करोड़ रूपये की लागत से जीएसएस से संबधित विभिन्न कार्य करवाए जाएंगे।

अजमेर शहर में वर्तमान बिजली व्यवस्था शहर के आसपास स्थित जीएसएस पर निर्भर है। ऐसे में लम्बे समय से यह आवश्यक्ता महसूस की जा रही थी कि शहर के बीच में 132 केवी जीएसएस स्थापित किया जाए। शहर के मध्य भाग में जीएसएस के लिए आवश्यक जगह उपलब्ध नहीं होने पर यह प्रस्ताव तैयार किया गया कि गैस आधारित जीएसएस स्थापित किया जाए जो कम जगह घेरेगा। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने बजट घोषणा में यह जीएसएस स्वीकृत कराने के लिए आग्रह किया। श्री देवनानी के आग्रह पर मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने बजट घोषणा में अजमेर को गैस आधारित जीएसएस की सौगात दी। विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी बजट घोषणा के साथ ही इसकी वित्तीय स्वीकृति जारी करवाने के लिए प्रयासरत थे। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम ने इस संबंध में आदेश जारी किए है।

#### अजमेर शहर को होगा फायदा

वर्तमान में अजमेर शहर की बिजली व्यवस्था शहर के आसपास स्थित विभिन्न जीएसएस पर आधारित है। ऐसे में फाल्ट आदि आने पर उसे सही करने एवं मॉनिटरिंग में परेशानी आती है। हाथी भाटा में गैस आधारित जीएसएस बनने से शहर के बीचों बीच बिजली का केन्द्र बनेगा। शहर की अधिकांश बिजली आपूर्ति, नया कलक्ट्रेट भवन, नया अस्पताल भवन एवं अन्य निर्माणों को विद्युत उपलब्ध शहर के मध्य से ही सुनिश्चित हो जाएगी। यह आकार में कम होने से जगह भी कम घेरेगा। नया जीएसएस स्थापित होने से शहर में बिजली की गुणवत्ता भी सुधरेगी।

## भिनाय -अजमेर रोडवेज बस तुरंत चालू करवाने की ग्रामीणों ने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय कस्बे से प्रात: 6.30 बजे व दोपहर एक बजे प्रस्थान कर अजमेर जाने वाली व पुन: भिनाय आने व भिनाय रात्रि विश्राम करने वाली वर्षो से जमी जमाई बस बंद होने के चलते देवलिया कलां -अजमेर बस अत्यधिक यात्री भार के चलते दुर्घटना का शबब बनी हुई है। वहीं दुसरी ओर अजमेर आगार प्रबंधक व प्रशासन भिनाय कस्बे वासियों की मांग को नजर अंदाज कर दुर्घटना का इन्तजार कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि देवलिया कलां से अजमेर जाने वाली लगभग 50 सीटों वाली रोडवेज बस में प्रतिदिन लगभग 80 से 100 यात्री ठसाठस भरकर, खिड़की पर लटक कर यात्रा करने को मजबूर हैं। देवलिया कलां से अजमेर जाने वाली बस प्रात: 7.15 बजे ज्यों ही भिनाय पहुंचती है भिनाय से अजमेर जाने वाले यात्रियों की बस में चढ़ने की मशक्कत शुरू हो जाती। क्योंकि बस पहले से ही खचाखच भरी हुई होती है। ज्यों ही भिनाय से यात्री बैठते हैं बस में पैर रखने की भी जगह नहीं रहती फिर भी यात्री दरवाजे पर लटकते हुए चढ़ते। इतने में बस रवाना हो जाती है तथा 15-से 20 यात्री भारी मशक्कत के बावजूद बस में नहीं चढ़ पाते हैं। जिन्हें मजबूरन अन्य वाहन से अजमेर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि अत्यधिक यात्री भार के चलते बस यात्री कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। इस संदर्भ में भिनाय के ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत व अजमेर आगार प्रबंधक से भिनाय -अजमेर रोडवेज बस तुरंत चालू करवाने की मांग की है। ग्रामीणौं ने बताया कि भिनाय -अजमेर रोडवेज बस चालू नहीं करने पर अत्यधिक यात्री भार के चलते देवलिया कलां -अजमेर रोडवेज बस दुर्घटना का शिकार होती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी अजमेर आगार प्रबंधक व प्रशासन की होगी।

## डरा-धमका कर ज़मीनों पर कब्जा करने वाला गिरोह पकड़ा

### हथियारों के दम पर करते थे अवैध कब्जा, आठ आरोपी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** बोरखेड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध तरीके से लोगों की ज़मीनों पर कब्जा करने वाले भूमाफिया गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जो हथियारों के बल पर लोगों को डराते-धमकाते और ज़मीनों पर कब्जा कर लेते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी हथियारों के बल पर तोड़फोड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देकर ज़मीनों पर अवैध कब्जा कर मालिकाना हक़ जताने की कोशिश करते थे।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शामिल हैं- जमील खान,मुकेश अहीर,नंद गोपाल,सियाराम सुमन,जाकिर हुसैन,राजू गुर्जर,मुकेश मेहरा,नरेश कुमार चौबदार । ये आरोपी छावनी, मानस गांव, चारचौमा गांव, कोटड़ा दीपसिंह, विज्ञान नगर, करणी नगर, आहूजा नगर और अर्जुनपुरा गांव के निवासी हैं। इस गिरोह का सरगना कौशल मीणा (निवासी- देवखेड़ली, हाल निवासी- शक्तिनगर) को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में 13 मई को प्रतापनगर निवासी बालचंद कुशवाहा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अर्जुनपुरा क्षेत्र में उनकी 13 बीघा जमीन पर आरोपियों ने हथियारों के बल पर कब्जा कर लिया।

उन्होंने मारपीट, तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे अवैध जमीन कब्जे के गोरखधंधे के बारे में पूछताछ जारी है।

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म मामले में डेढ़ माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** फुलियां कलां थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को फुलियां कलां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष माया बैरवा के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी बाबूलाल कीर पुत्र रामकिशन कीर को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि मंगलवार 1 अप्रैल 2025 को यह मामला तब सामने आया जब एक निजी विद्यालय की 15 वर्षीय कक्षा 9वीं की छात्रा के पेट में दर्द होने पर परिजन उसे विजयनगर अस्पताल ले गए। जहां जांच में बच्ची के गर्भवती होने का पता चला। चिकित्सा विभाग ने इसकी सूचना विजयनगर थाने को दी। विजयनगर थाने से सूचना फुलियां कलां थाने में देने के बाद फुलियां कलां थाना पुलिस हरकत में आई। बिजयनगर अस्पताल में पीड़िता ने शिशु को जन्म दिया। इस मामले में परिजनों द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाए जाने पर थानाधिकारी बैरवा ने संज्ञान लेकर स्वयं मामला दर्ज कराया। थानाधिकारी माया बैरवा ने जच्चा और बच्चा दोनों को डीएनए जांच के लिए भीलवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया। इधर, पीड़िता से पुलिस पूछताछ और कोर्ट में बयान दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था। घटना के 23वें दिन 23 अप्रैल को आरोपी बाबूलाल ने फुलियां कलां थाने में अपने आप को सरेंडर कर दिया। उस समय पुलिस ने डीएनए टेस्ट के लिए उसका सैंपल लेकर उसे छोड़ दिया था। अब डीएनए जांच रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी बाबूलाल कीर को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को फुलिया कला थाना पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जिसे जेसी करते हुए जेल भेज दिया गया।



## नेशनल हाईवे 148डी को जोड़ने वाली ईटडियां सड़क खुर्द-बुर्द, क्षेत्र के ग्रामीण परेशान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** जिले के फुलिया कला क्षेत्र में विगत 6 माह से बंद पड़े ईंटडियां ग्राम पंचायत से नेशनल हाईवे 148 ष्ठ तक 2 किलोमीटर का रास्ता ठेकेदार व जनप्रतिनिधियों की लापरवाही की वजह से अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीण अपनी फरियाद किसे सुनाए कोई सुनने वाला नहीं है। इस रास्ते पर आए दिन हादसे होते रहते हैं और रास्ते में जगह-जगह गिट्टी उखड़ी हुई हैं। सड़क को खोदकर छोड़ देने से आवागमन बाधित हो रहा है। लेकिन न तो जनप्रतिनिधि, न हीं ग्राम पंचायत, न हीं लोकतंत्र का चौथा स्तंभ ग्रामीणों की आवाज व पुकार कोई नहीं सुन रहा है। चुनाव के समय जनता को लोलीपोप देकर तरह-तरह के वादे करते हैं।

लेकिन जब जनता वाजिब मांग करती है तो ध्यान ही नहीं देते। यह रास्ता दो जिलों की सीमाओं को आपस में जोड़ता है। इस सड़क पर लगभग 25 से 30 गांव आवागमन से बाधित हो रहे हैं।

प्रशासन इस और ध्यान देकर तुरंत संज्ञान लेकर इस समस्या का समाधान करने में अपना सहयोग प्रदान करें। रुके हुए कार्य में अगर ठेकेदार की लापरवाही बरतीं जा रही हो तो विभाग के माध्यम से उक्त टेंडर को निरस्त कर ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड किया जाए और अन्य ठेकेदार को टेंडर देकर कार्य को सुचारू किया जाए।



### पुलिस थाना फुलिया कलां व डीएसटी टीम द्वारा पेट्रौल पम्प पर डकेती करने की योजना बनाते हुऐ चार आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा ग्रामीण (के एम कुरेशी)। जिले के भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक आईपीएस धर्मेन्द्र सिंह यादव के आदेशानुसार चोरी, लूट, डकैती जैसी घटनाओं व सम्पत्ति सम्बंधी अपराध की रोकथाम हेतु जिले में चलाये जा रहे विशेष अभियान व प्रभावी चैकिंग की जाने हेतु आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य व आरपीएस वृताधिकारी वृत शाहपुरा ओमप्रकाश विश्नोई के निकटतम सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी व फुलिया कला थाना थानाधिकारी माया बैरवा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गश्त के दौरान शुक्रवार 16 मई को डीएसटी टीम प्रभारी एवं थानाधिकारी फुलियाकलां की सयुंक्त कार्यवाही पर एएसआई भागचन्द वैष्णव व गठित पुलिस टीम द्वारा गश्त दौरान ग्राम कोठिया में एक बौलेरो देवनारायण मन्दिर के पिछे की तरफ नाडी में उगे हुए बबुल की आड मे खडी थी।

## अजमेर जिले में किशनगढ़, हनुमानगढ़ मेगा हाइवे पर ओवर लोड सवारी भर कर संचालित हो रही निजी बसें

### परिवहन विभाग और प्रशासन का नहीं है इस और ध्यान

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के रूपनगढ़ मैं यातायात के साधनों के अभाव में आमजन को जान जोखिम में डाल निजी वाहनों में यात्रा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। यहा के वाहन चालकों को परिवहन विभाग और पुलिस विभाग का बिल्कुल खौफ नहीं हैं। पर्सनल वाहन चालकों ने बिना खौफ के वाहन परिवहन कर रहे हैं। अब परिवहन विभाग और पुलिस विभाग की इन वाहन स्वामियों पर क्या कार्रवाई रहती हैं। यहा संसाधनों की कमी और आमजन इस तेज गर्मी में ऊपर नीचे बैठ कर निजी वाहनों में सफर करने को मजबूर हो रहे हैं। अजमेर जिले में किशनगढ़, रूपनगढ़ हनुमानगढ़ मेगा हाइवे पर ओवर लोड सवारी भर कर संचालित हो रही निजी बसें। अब देखते हैं यहां की पुलिस और प्रशासन को किस बड़े हादसे का इंतजार हो रहा हैं।





## ज्ञान, वैराग्य, विचार और प्रभु से मिलने का मार्ग बताती है कथा : आचार्य योगेश तिवारी जी महाराज

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** स्थानीय नाना साहब का वाड़ा स्थित कायस्थपाड़ा स्कूल में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शुकदेव और परीक्षत कथा सहित विदुर प्रसंग की व्याख्या करते हुए कथा व्यास आचार्य योगेश तिवारी जी महाराज ने कहा कि भगवान की कथा ज्ञान, वैराग्य, विचार और प्रभु से मिलने का मार्ग बताती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं।

शुकदेव-परीक्षित प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया।

श्रीमद्भागवत कथा को आगे बढ़ाते हुए आचार्य योगेश तिवारी महाराज ने बताया कि भागवत पुराण एक ऐसा ग्रंथ है जो भक्ति, ज्ञान और कर्मयोग के माध्यम से मुक्ति का मार्ग दिखाता है। भागवत कथा के श्रवण से पापों का नाश होता है व भगवान के प्रति प्रेम और समर्पण को बढ़ावा मिलता है, जिससे व्यक्ति को सांसारिक दुखों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि भगवान भक्त के प्रेमभाव के भूखे होते हैं। विदुर प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम की व्याकुलता के बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण विदुरजी की कुटिया में भोजन करने गए और वहां केले के छिलकों का भोग स्वीकारा। इससे पहले वे दुर्योधन के महल में छप्पन भोग का त्याग कर आए थे। भगवान तो प्रेम के भूखे होते हैं और विदुर-विदुरानी ने भगवान को प्रेम से भोजन करवाया तो उन्होंने केले के छिलके भी प्रेम से खा लिए।

कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु जम कर झूमें। कथा में दूसरे दिन बड़ी संख्या में महिला-पुरूष कथा सुनने पहुंचे। कथा के अंत में समस्त भक्त मंडल बजरिया, श्रीकृष्ण गौ सेवा समिति और माँ रैहना वाली भक्त सेवा समिति के कार्यकर्ताओं सहित श्रद्धालुओं ने कथा पीठ की आरती की और प्रसादी का वितरण किया।

### युवक के पेट में हुआ दर्द तो दिखाने पहुंचा झोलाछाप के पास

# इंजेक्शन लगाते ही बिगड़ी तबियत अस्पताल लेकर पहुंचे तो हो गई मौत

### मृतक युवक के मामा ने कराया पुलिस में मामला दर्ज, झोलाछाप दुकान से गायब

बढ़ता राजस्थान





**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के सिंगोरई गांव निवासी एक 24 वर्षीय युवक की झोलाछाप चिकित्सक से उपचार कराने के बाद तबियत बिगड़ने पर मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है मि युवक को सोमवार की सुबह पेट दर्द हुआ था जो बाड़ी दिखाने आया और झोलाछाप के पास पहुच गया। जब झोलाछाप ने उसे इंजेक्शन लगाया तो उसकी तबीयत ओर बिगड़ गई। इस पर झोलाछाप दुकान को बंद कर गायब हो गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सूचना पर ग्रामीण और परिजन अस्पताल पहुचे जिन्होंने कंचनपुर पुलिस को मामले की जानकारी दी और झोलाछाप चिकित्सक की लापरवाही को लेकर शिकायत की है। कंचनपुर पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार सिंगोरई गांव निवासी 24 वर्षीय युवक अविनाश पुत्र खेमराज मीणा को आज सुबह पेट दर्द हुआ था। इस पर परिजन उसे लेकर बाड़ी आये जहां जल्द स्वास्थ्य लाभ को लेकर अंबेडकर पार्क के पास स्थित एक गली में झोलाछाप चिकित्सक डॉ ठाकुर दास को दिखाने पहुचे। जिसने भर्ती कर जब इंजेक्शन लगाया तो तबियत और बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन लगने के बाद युवक अविनाश की तबीयत और बिगड़ गई। इस दौरान झोलाछाप ने एक दो इंजेक्शन और लगा दिए जिससे युवक अचेत हो गया। इस पर कहीं और ले जाने की कहकर दुकान बंद कर गायब हो गया। परिजन तुरंत युवक को लेकर बाड़ी सामान्य अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना को लेकर मृतक अविनाश के मामा शिवजी पुत्र रामखिलाड़ी मीणा निवासी सुनीपुर ने कंचनपुर थाने में रिपोर्ट दी है। फर्जी चिकित्सक डॉ ठाकुरदास पर लापरवाही और गलत उपचार देने का आरोप लगाया है।

कंचनपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामा शिवजी ने बताया अविनाश के पिता का पूर्व में निधन हो चुका है। वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा लड़का था। ग्वालियर में बीएससी नर्सिंग कर रहा था। किसी काम से अपने गांव आया था। घटना के बाद कंचनपुर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# हिंसा का शिकार महिलाएं सखी वन स्टॉप सेंटर का अधिकाधिक लाभ उठाएं : रेखा यादव

### सचिव ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीजे रेखा यादव ने जिले में पीड़ित महिलाओं की सहायता हेतु महिला अधिकारिता विभाग द्वारा निर्भया योजना के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया एवं वन स्टॉप सेंटर द्वारा संधारित रजिस्टरों का अवलोकन किया। वन स्टॉप सेन्टर मे दो बालिका मिलीं उन बालिकाओं से उनके प्रकरण के बारे में जानकारी लीं एवं मौके पर ही निस्तारण के आदेश दिऐ। जिसमें सेन्टर के कर्मचारियों ने बताया कि एक बालिका के प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए गर्मी से बचाव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। सचिव ने सखी वन स्टॉप सेन्टर पर आने वाली पीड़ित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम आदि के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर के स्टॉफ को निर्देशित किया। जिससे हिंसा का शिकार महिलाएं सखी वन स्टॉप सेंटर का अधिकाधिक लाभ उठा सकें एवं सचिव ने बताया कि निजी एवं सार्वजनिक स्थानों पर परिवार, समुदाय, कार्यस्थल के अंदर महिलाओं के साथ होने वाले यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक दुर्व्यवहार एवं हिंसा से पीड़ित महिलाओं के सहयोग के लिए वन स्टॉप सेन्टर की शुरूआत की है।

निरीक्षण के दौरान सचिव की ओर से वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा, विधिक सहायता एवं परामर्श, पुलिस सहायता इत्यादि सुविधाओं का निरीक्षण कर जानकारी ली गई। निरीक्षण में अस्थाई आश्रय स्थल में बैड उचित संख्या में पाये गये। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने, साफ-सफाई के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर स्टेनो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राहुल डंडौतिया, विधि महाविद्यालय के हर्ष श्रोती, सुनील कमार व वन स्टॉप सेंटर का स्टॉफ मौजूद रहा।

## पंचायत समिति प्रशासन कमेटी की बैठक राज्य वित्त आयोग एवं केंद्रीय वित्त आयोग का प्लान पास



बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर ( नि.स. )।** रूपवास पंचायत समिति सभागार मे पंचायत समिति प्रशासन कमेटी की मीटिंग का आयोजन प्रधान नीतू नवल किशोर गुर्जर की अध्यक्षता में किया गया।

इसमें राज्य वित्त आयोग और केंद्रीय वित्त आयोग का प्लान पास किया गया ।

साथ ही विकास अधिकारी रूपवास की कार्य के प्रति लापरवाही और उदासीनता को देखते हुए उनके ख़िलाफ़ निंदा प्रस्ताव पास किया गया और ढाना पंचायत के टेंडर प्रक्रिया में मिली अनिमियत्ता की शिकायत की जांच करने का निर्देश दिए गए। स्स्न्न के कार्यों की पिछली पत्रावली जो कि 7मार्च 2025 को विकास अधिकारी के हस्ताक्षर के बाद रूपबास पंचायत समिति प्रधान नीतू नवल किशोर द्वारा अनुमोदित की जा चुकी है लेकिन परन्तु आज दिनांक 19मई 2025 तक इस पत्रावली का निस्तारण नहीं हो सका है इससे यह प्रतीत होता है कि विकास अधिकारी रूपबास अपने कार्यों के प्रति उदासीनता एवं अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर पा रही हैं इस कारण बैठक में विकास अधिकारी रूपबास के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत (ढाना)धाना के टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं अपनाए जाने की शिकायत मिलने पर कमेटी गठित तीन दिन में रिपोर्ट अध्यक्ष को भेजने के निर्देश दिए।

## स्वदेशी जागरण मंच ने तुर्की के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी( राजू शर्मा )। स्वदेशी जागरण मंच ने तुर्की के साथ-साथ विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों अमेजन और फिलप कार्ट के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ के नारे लगाते हुए आमजन से स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। प्रदर्शन शहर के प्रमुख जगन चौराहे पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए और हाथों में तख्तियां लेकर विदेशी कंपनियों के विरुद्ध विरोध जताया। विभाग विचार प्रमुख विजय श्रीवास्तव ने कहा कि तुर्की द्वारा भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता और अमेज़ॉन, फिलपकार्ट जैसी कंपनियों द्वारा देश के छोटे व्यापारियों को नुकसान पहुंचाना चिंता का विषय है। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक मुकेश गोयल ने बताया कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमें विदेशी उत्पादों और कंपनियों का बहिष्कार करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी आंदोलन केवल नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक ठोस कदम है। मंच के जिला सह संयोजक अरविंद तिवारी एवं रूपेश मोदी ने कहा कि देश में गरीबी को मिटाने एवं बेरोज़गारी दूर के लिए छोटे छोटे कुटीर उद्योगों लगाने होंगे, जो देश की अर्थ व्यवस्था में मील के पत्थर साबित होंगे। प्रदर्शन के दौरान मंच के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय नागरिकों को पर्चे वितरित किए और उन्हें स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए प्रेरित किया।

## सैनिकों के सम्मान में रक्तदान शिविर में वीरांगनाओं ने लिया हिस्सा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** बृज भूमि फार्म हाउस गांधी नगर सेवर में भारतीय अमर सैनिकों के सम्मान में युवाओं ने रक्तदान किया विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ भरतपुर जिले की वीरांगना माया देवी, रतन देवी, ज्ञानवती, सीमा कुमारी, जयललिता इस अवसर पर वीरांगनाओं का सम्मान पुष्पगुच्छ एवं सॉल उड़ा कर किया गया भरतपुर के जाबाज अमर शहीदों को याद किया इस अवसर पर बृज भूमि कल्याण परिषद के प्रदेश महासचिव अनिल भारद्वाज पूर्व सैनिक परिषद के कैप्टन सुदेश शर्मा टेक्नोलोजी पार्क के निदेशक डॉ आलोक शर्मा , मुरारी लाल सैनी जिलाध्यक्ष, पवन शर्मा जिला महामंत्री अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा, जीवन लाल शर्मा जिला महामंत्री विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगा राम पाराशर कच्चा परकोटा के संयोजक इंद्रजीत भारद्वाज ( भूरा) समता आंदोलन के केदार पाराशर पूर्व ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष कौशलेश शर्मा डॉ राहुल शर्मा मालीपुरा (नगर अध्यक्ष) , कृष्ण गोपाल कटारा नौगाया, कोमल शर्मा मालीपुरा, गौरव शर्मा मड़ौली रुदावल, राहुल फौजदार कुम्हा आदि ने रक्तदान के महत्व के विषय में बताया सभी रक्तदाताओं को बृज भूमि कल्याण परिषद एवं अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा भरतपुर द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र दिया गया अंत में डॉ राहुल शर्मा मालीपुरा समाजसेवी, कृष्ण गोपाल कटारा नौगाया सभी का आभार प्रकट किया ।

### रामसागर बांध नहर मरम्मत में घटिया सामग्री का आरोपः भाजपा पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, मौका जांच और कार्रवाई की मांग



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** बाड़ी में रामसागर बांध की मुख्य और माइनर नहरों की मरम्मत को लेकर भाजपा ने घटिया सामग्री के आरोप लगाए हैं। बिजौली मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौंपा। सिंचाई विभाग की ओर दी गई इस परियोजना में वर्तमान में बसेड़ी रोड स्थित बटेश्वर कला गांव के पास मरम्मत कार्य चल रहा है। मंडल अध्यक्ष के अनुसार, ठेकेदार निम्न गुणवत्ता की ईंट, सीमेंट और गिट्टी का उपयोग कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे सिंचाई के दौरान नहरों में रिसाव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। साथ ही पानी के दबाव से दीवार के ढहने का भी खतरा है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य का विरोध किया, लेकिन ठेकेदार काम जारी रखे हुए है। भाजपा ने एसडीएम से निर्माण सामग्री की जांच, मौका निरीक्षण और कार्य को तत्काल रोकने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान मंडल महामंत्री बद्री मीणा, संतोष शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रूपबास के शनिदेव मंदिर से कलश यात्रा 21मई को

बढ़ता राजस्थान

रूपवास/ भरतपुर(नि.स.)। रूपबास के धौलपुर साइड के बाईपास ह॥123 पर स्थित शनिदेव मंदिर प्रांगण में मूर्ति स्थापना का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राधा कृष्ण तथा लवकुश भगवान की मूर्तियों की स्थापना की जा रही है। मंदिर के व्यवस्थापक भगवत भगत ने बताया कि दिनांक 21मई 2025को कलश यात्रा निकलेगी तथा 23मई 2025 को रामायण पाठ शुरू होगा एवं 25मई 2025 को मूर्ति स्थापना के साथ ही प्रसादी वितरण किया जाएगा। भगवत भगत ने कहा कि भगवान लवकुश तथा राधा कृष्ण जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना के लिए आचार्य दुर्गेश राजमुनि जी को आमंत्रित किया गया है और वह कार्यक्रम पूर्ण कराएंगे।

### गोवंशों के अचानक गायब होने से किसान परेशान

बढ़ता राजस्थान

वैर / भरतपुर । गाँव जटवलाई व आसपास के गावों सें गौवंश अचानक गायव हो रहें है। गांव जटवलाई निवासी एवं राजस्थान किसान कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि किसानों की गाय कई दिनों से मिल नही रही है। इससे किसानों की चिंता बढ गई है। लोग हैरान है कि आखिर इतने गौवंसो को कौन ले जा रहा है और कहाँ पर ? ऐसे कई सबाल उठ रहें है।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिले में सुचारु रहे पेयजल, विद्युत एवं स्वास्थ्य व्यवस्था- जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने जिले में विद्युत, पेयजल एवं स्वास्थ्य व्यवस्था सहित विभागवार योजनाओं एवं विभिन्न विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने गर्मी के मौसम के मध्यनजर जिले में पेयजल, विद्युत एवं स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा कर सुचारु व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिला कलक्टर ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक कार्य प्रगति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का निस्तारण तय समय सीमा के अन्दर किए जाने के निर्देश दिए। नरेगा के तहत किए जा रहे कार्यो पर निगरानी रखते हुए नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीपीएल परिवारों का भौतिक सत्यापन करते हुए ग्रामों के सभी बीपीएल परिवारों की समीक्षा कर आकलन किया जाना सुनिश्चित करें। खाद्य सुरक्षा के तहत किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को एक टीम गठित करने का निर्देश दिया जो पेयजल आपूर्ति की 24 घंटे निगरानी करेगी और पेयजल संबंधी समस्याओं का तुरंत समाधान करेगी। उन्होंने आंधी और बरसात से बाधित विद्युत आपूर्ति को शीघ्र बहाल करने के भी निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को नालों की सफाई अभी से शुरू करवाने के निर्देश दिए गए ताकि बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या से बचा जा सके। इस दौरान बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भगवत भक्ति ही मनुष्य के कल्याण का साधन : शास्त्रीजी

बढ़ता राजस्थान



**वैर/भरतपुर ( नि.स. )।** पंचायती अथाई भुसावर गेट पर चल रही राम कथा में आठवें दिन धर्म गुरु लक्ष्मी नारायण शास्त्री रुदावल ने बताया कि भगवत भक्ति ही मनुष्य के कल्याण का साधन है। प्राणी को जीवन में किसी भी एक भक्ति में साधना का अनुकरण करना चाहिए। संतों की संगति, भगवान की कथाओं में प्रेम, गुरु चरण कमल की सेवा, कपट रहित प्रभु कीर्तन, कल्याणकारी मंत्रों का जाप, इंद्रिय विग्रह, संसार को ईश्वर में देखना, तृष्णा का परित्याग एवं सरल चित्तवृत्ति ये भगवान की नौ भक्ति हैं। मन की निर्मलता व परोपकारी जीवन से ही भगवान की प्राप्ति होती है। इसी नवधा भक्ति का उपदेश श्री राम ने शबरी को दिया था। बाली वध प्रसंग में शास्त्री जी ने बताया कि मित्र के दुखों में साथ देने वाला ही सच्चा मित्र है। वर्तमान परिवेश में स्वार्थ सिद्धि की मित्रता करने वालों का जीवन अंत में दुखदाई बन जाता है। व्यक्ति को प्रकृति के प्रति प्रेम वृक्षारोपण गाय एवं अपनी सनातन धर्म के संरक्षण का प्रयास करना चाहिए। छल कपट रहित जीवन जीना चाहिए। ब्राह्मण समाज के शहर अध्यक्ष शशिकांत शर्मा एवं पार्षद मुकेश सैनी ने कथावाचक शास्त्री जी का साफा एवं पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया। श्रीराम कथा में

# किसान संगठनो का सुझाव सिंधु जल समझौते का निलंबन उचित

बढ़ता राजस्थान




**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** देश भर के किसान संगठनों के प्रतिनिधि पूसा परिसर में ए.पी.शिंदे सभागार में आयोजित किसान सम्मेलन भारत के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान पूरे समय उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति में सभी किसान संगठनों की ओर से एक प्रस्ताव किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने प्रस्तुत किया। जिसे उपस्थित सभी किसान संगठनों के उपस्थित प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से पारित किया। प्रस्ताव में सिंधु जल संधि को निरस्त कर उसके पानी का देश के किसानों के हित में उपयोग करने के लिए अविलंब समुचित प्रबंध करने का सरकार से आग्रह किया गया। प्रस्ताव में यह भी प्रकट किया कि समझौते के उपरांत से ही पाकिस्तान का व्यवहार प्रतिकूल रहा तब भी भारत ने इस समझौते का अक्षरशः पालन किया। इस कारण विश्व में इस समझौते ने सबसे लंबी अवधि तक बने रहने की प्रतिष्ठा प्राप्त की। प्रस्ताव में यह भी प्रकट किया गया कि भारत ऊपरी तटीय राष्ट्र है सिंधु ,झेलम एवं चिनाब नदियां भारत में बहने के उपरांत भी पाकिस्तान में प्रवेश करती है। वर्ष 1960 में हुए समझौते का आधार वर्ष 1947 का कृषि मे सिंचित क्षेत्र था । उसे समय की परिस्थितियों में मूलभूत रूप से परिवर्तन आ चुका है ऐसी स्थिति में समझौते की समीक्षा समीचीन है । इस कारण ही सिंधु संधि में संशोधन के लिए प्रावधान किया हुआ है। प्रस्ताव में यह भी प्रकट किया है कि सिंधु जल समझौते का निलंबन तो सर्वथा उचित कदम है किंतु देश की जनता के भावना के अनुसार इस समझौते को निरस्त करना अपरिहार्य है । प्रस्ताव में किसानों के हितों में इन तीनों नदियों के पानी के उपयोग हेतु समुचित प्रबंध अविलंब करने का आग्रह किया गया है। प्रस्तावक द्वारा आलेख में उरी एवं पुलवामा से पहलगाम तक आतंकी आक्रमणों के समय भारत सरकार की ओर से पानी एवं खून एक साथ नहीं बह सकता इसलिए पाकिस्तान में एक बूंद भी पानी नहीं जाने देंगे । जैसी घोषणा होने के 9 वर्ष उपरांत भी पानी के उपयोग के लिए कोई योजना आरंभ नहीं की गई। अब उस अवधि की भरपाई करने की भी आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में किसान महापंचायत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किशन डागर, रोहतास बोहरा , हरियाणा के प्रदेश महामंत्री नवनीत रोज, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष राजेश धाकड़, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चैधरी, प्रदेश मंत्रियों में मनजिंदर सिंह अटवाल बत्तीलाल बैरवा एवं महेश जाखड़ प्रदेश, प्रवक्ता सुरेश बिजारणिया जिला अध्यक्षों में सीकर के कैप्टन बलदेव यादव , अजमेर के प्रहलाद खुरडिया, खैरथल तिजारा के वीरेंद्र क्रांतिकारी , जयपुर जिले के महामंत्री नंदलाल मीणा, अजमेर जिले के उपाध्यक्ष चतुर्भुज चैधरी एवं सुगनाराम खोखर खैरथल तिजारा जिले के ग्राम हरसोली के सेवा निवृत थानेदार तहसील मुंडावर के अध्यक्ष शेर सिंह, तहसील अध्यक्षों में नीम का थाना के श्री कृष्ण यादव पाटन के कमल कुमार सैनी जयपुर जिले में मोजमाबाद तहसील के संयोजक बजरंग लाल जाजुंदा, एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने संबोधित करते हुए। 1960 के सिंधु जल समझौते का संसद में विरोध करने एवं अनेक समाचार पत्रों द्वारा उसके विरोध में संपादकीय सहित टिप्पणियां लिखने का भी उल्लेख किया है। संबोधन में किसानों के साथ मैदान में शक्ति प्रदर्शन कर देश विरोधी एवं आतंक वाद समर्थितो को सावचैत करने का आवाह्न किया। इनके साथ ही भारत के कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी कृषि अनुसंधान केंद्र के निर्देशक मांगीलाल जाट भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन अविनाश ने किया ।

भाजपा ने मनाई पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती

## सनातन की पुनर्स्थापना की अग्रदूत रही रानी अहिल्याबाई होलकर - विशाल पार्थ



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ ( नि.स. ) ।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष में जिला कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं महापौर राकेश पाठक के सान्निध्य में हुआ। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ ने कार्यशाला में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताते हुए कहा कि वे भारतीय सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थी। उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम तक तीर्थ स्थलों का पुनरूद्धार करवाया, वह भारतीय इतिहास का अद्धितीय अध्याय है। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि रानी अहिल्या बाई धर्म के प्रति संवेदनशील थी, उतनी ही न्यायप्रिय थी।

वे सुशासन, सामाजिक सुरक्षा एवं सांस्कृतिक उत्थान के क्षेत्र में किए गए अपने कार्यों के लिए लोकमाता के रूप में समाज में पूजित एवं प्रतिष्ठित हुई। उन्होंने अपने जीवन में शुचिता एवं सादगी की ऐसी मिशाल कायम की, जिसकी आज भी शपथ ली जा सकती है। महापौर राकेश पाठक ने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासन काल में अपने पराक्रम के साथ-साथ समाज की कुरीतियों को समाप्त करने और समाज को समर्थ बनाने की दिशा में अभिनंदनीय कार्य किया। कार्यशाला का संचालन युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने किया। आभार कार्यशाला संयोजक ऋतुशेखर शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजकुमार आंचलिया, भगवती प्रसाद जोशी, कार्यशाला सहसंयोजक श्रीमती मंजू पालीवाल, सदस्य भगवत सिंह खैराबाद, नंदलाल गाडरी, आरती कोगटा सहित प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, अमित सारस्वत, सुरेंद्र सिंह मोटरास, अमरसिंह चौहान, गोपाल तेली, महावीर समदानी, घनश्याम सिंघीवाल, लालाराम गाडरी, ललित व्यास, मनीष जांगिड़, आकाश मालावत, ज्योति आशीर्वाद, सुमित्रा पोरवाल, इंदु बंसल, मधु शर्मा एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर ने की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** मानसून वर्ष 2025 के दौरान अतिवृष्टि एवं बाढ़ से बचाव हेतु किए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों की तैयारियों के संबंध में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए बचाव एवं राहत कार्यों की तैयारी रखें।बैठक में जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश से पूर्व नाले एवं नालियों की सफाई करवाएं एवं जहां कहीं भी अतिक्रमण हों उसे हटवाएं। बारिश के दौरान इकट्ठे होने वाले पानी को निकालने के लिए पम्प की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि पशुओं के लिए गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। आगामी मानसूनकाल में भीमलत बांध, बरधा बांध एवं अन्य पर्यटक स्थलों पर पर्याप्त संख्या में सिविल डिफेंस टीम लगाने के निर्देश समस्त उपखंड अधिकारियों को दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को बरधा बांध तक जाने वाली सड़क को जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आगामी मानसून के दौरान हर स्थिति पर नजर रखें।

खासतौर से उन स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जावें, जहां पूर्व के वर्षों में जलभराव की स्थितियां बनी हों। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी मानसून में अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति पैदा होने पर आवश्यक इंतजाम पहले ही पूर्ण कर लिए जावें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को ढ़ीले व लटके हुए तारों एवं क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को ठीक करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरपालिका के अधिकारियों को आगामी नौतपे को देखते हुए पेयजल के अतिरिक्त टैंकर व ग्रीष्मकालीन आश्रय गृहों में पानी के कैंपर व ओआरएस के पैकेट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उपखंड अधिकारियों से कहा कि उनके क्षेत्र में कहीं भी अगर टैंकर से गन्दे पानी की सप्लाई हो रही है, तो इस पर कार्यवाही करें। इस दौरान समस्त उपखंड अधिकारीगण, तहसीलदार एवं विकास अधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित रहें।

बैठक में उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग आवश्यकतानुसार चिकित्सा दल एवं पर्याप्त दवाइयों का स्टॉक सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रवि वर्मा, उपखंड अधिकारी बूंदी एचडी सिंह, जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता के.के.शुक्ला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओपी सामर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महावीर कुमार शर्मा, जिला रसद अधिकारी शिवजीराम जाट एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## कांग्रेस सेवादल ने अंता विधानसभा बीजेपी विधायक कंवर लाल मीणा की सदस्यता को बर्खास्त करने के लिए दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बारां ( लेखराज शर्मा )।** कांग्रेस सेवादल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता चारमूर्ति चौराहे पर इकठ्ठा होकर कांग्रेस सेवादल ज़िलाध्यक्ष शिवशंकर यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए और कलेक्ट्रेट पहुंचकर उप जिला कलेक्टर को अंता विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी विधायक कंवर लाल मीणा जिन्हें अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अकलेरा जिला झालावाड़ द्वारा विधायक कंवर लाल मीणा को धारा 353,506 भारतीय दंड संहिता एवं 3 पी. डी. पी. एक्ट के तहतनियमानुसार दंडित किया गया इसके पश्चात उच्च न्यायालय राजस्थान ने भी दंडादेश को यथावत रखा

अतः अंता विधानसभा बीजेपी विधायक कंवर लाल मीणा की विधानसभा सदस्यता निर्योग्य घोषित करने में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा की जा रही देरी पर राज्यपाल का ध्यान आकर्षित करवाने के लिए उप जिला कलेक्टर को महामहिम राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा। मीडिया प्रभारी पार्षद ज़ाकिर खान ने बताया कि ज्ञापन देने में संगठन महामंत्री कैलाश जैन, प्रदेश सचिव अशरफ देशवाली, किसान कांग्रेस शिवराज मीना, यंग ब्रिगेड प्रभारी नासिर मिर्ज़ा, महिला जिलाध्यक्ष दुर्गेश धनवंतरी, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कमल कुमार यादव, कांग्रेस महासचिव हेमलता सोन, ब्लॉक अध्यक्ष लेखराज शर्मा, उपाध्यक्ष कुलदीप मीणा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार ओझा, नरेंद्र कुमार यादव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय बैरवा, अजय सुमन, पार्षद ज्योति यादव, पार्षद यशवंत अर्जुन यादव, पार्षद अनवर अली, समीर खान, मारूफ लाला, रोहित बैरवा, मांगरोल नगर अध्यक्ष आसिफ पठान आदि मौजूद रहे।

## महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन पहुंचे हरिद्वार देवलोक वासी महंत अमृत मुनि की अस्थि विसर्जन में हुए शामिल



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ ( नि.स. ) ।** हरि शेवा उदासीन आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन जो इन दिनों हरिद्वार यात्रा पर हैं, देवलोक वासी महंत अमृत मुनि (मानसा वाले) की अनेक संतों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर के माँ गंगा में उनकी अस्थियाँ विसर्जित की।सभी संतों एवं श्रद्धालुओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं हरिद्वार स्थित श्री राम शंकर आश्रम के 54 वे वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह आयोजन के पावन अवसर पर भी स्वामी हंसराम उदासीन ने आश्रम पहुंचकर कथा में भाग लिया। व्यास पीठ पर आचार्य डॉ. स्वामी श्रवण मुनि जी महाराज विराजमान रहे, जिन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण के विविध प्रसंगों की हृदयस्पर्शी व्याख्या करते हुए भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के गूढ़ रहस्यों को उजागर किया। सम्पूर्ण कथा राम शंकर आश्रम के पूज्य महंत प्रकाश मुनि एवं कोठारी स्वामी गोपाल मुनि के सान्निध्य में आयोजित की जा रही है। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने अनेक संतों के साथ श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के घाट पर माँ गंगा की आरती की। दीपों की रौशनी, वेद मंत्रों की गूंज और माँ गंगा के जयकारों से समस्त वातावरण दिव्यता से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर महंत राम नवमी दास, महामंडलेश्वर कपिल मुनि, महामंडलेश्वर जगदीश दास, महामंडलेश्वर रूपेन्द्र प्रकाश, महंत कमल दास, महंत जमना दास, मुकामी महंत हनुमान दास, मुकामी महंत सूर्यांश मुनि, मुकामी महंत राघवेंद्र दास, मुकामी महंत गोमती दास, मुकामी महंत गोविंद दास, हरिशेवा उदासीन आश्रम भीलवाड़ा के संत गोविंद राम, ब्रह्मचारी इंद्रदेव, सिद्धार्थ एवं कुणाल ने माँ गंगा की आरती की।

## 'एम्बुलेंस को रास्ता देना' जनजागरूकता रैली का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ ( नि.स. )।** Indian Trinity, SIMS हॉस्पिटल एवं जिला परिवहन विभाग, भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में एक अत्यंत महत्वपूर्ण जनजागरूकता रैली "Give Way to Ambulance" का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को यह संदेश देना था कि आपातकालीन परिस्थितियों में एंबुलेंस को तत्काल रास्ता देना हर जिम्मेदार नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। अक्सर देखा गया है कि ट्रैफिक जाम या जागरूकता की कमी के चलते एंबुलेंस समय पर अस्पताल नहीं पहुँच पाती, जिससे कई अनमोल जिंदगियाँ संकट में पड़ जाती हैं। यह रैली इसी गंभीर मुद्दे को लेकर समाज को जागरूक एवं संवेदनशील बनाने का एक सशक्त प्रयास थी। कार्यक्रम में नवाचार के तहत एम्बुलेंस की विधिवत पूजा-अर्चना कर रैली की शुरुआत की गई, जो सामाजिक चेतना को धार्मिक भावनाओं से जोड़ते हुए एक प्रेरणादायक पहल रही।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री प्रशांत मेवाड़ा जी, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स होल्डर जादूगर आँचल, तथा भीलवाड़ा विधायक श्री अशोक कोठारी जी के कार्यालय से पधारे प्रतिनिधि श्री बाबूलाल टांक, एडवोकेट श्री अर्पित कोठारी, श्री कमल कोठारी, श्री सौरभ माहेश्वरी, श्री सागर व्यास, श्री अमित शर्मा सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, चिकित्सा विशेषज्ञ, परिवहन विभाग के अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे। रैली ने शहरवासियों को एक सशक्त संदेश दिया कि एम्बुलेंस को रास्ता देना - जीवन बचाने का पहला कदम है।

## महिलाओं को भी दिया जा रहा निजी क्षेत्र में रोजगार, पुरुषों की तरह महिला भी कर रही आगे बढ़कर कार्य



बढ़ता राजस्थान

बारां (लेखराज शर्मा)। जिले के शाहबाद कस्बे में एक मात्र पेट्रोल पंप होने के साथ ही वाहन चालक की रहती है भीड़ पंप मैनेजर कुलदीप सिंह और आकाश गोस्वामी ने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं को पचास प्रतिशत नौकरी के लिए प्रतिबद्धता रखता है तो उसकी को देखते हुए हमारे नेशनल हाईवे के जियो पेट्रोल पंपो पर भी महिलाओं को रोजगार को लेकर प्राथमिकता दी जाने लगी है, शाहबाद पेट्रोल पंप पर काफी सुविधाएं उपलब्ध है वाहन चालकों के लिए गर्मी को देखते ठंडे पानी की व्यवस्था सुलभ शौचालय छाया आदि की सुविधाएं दी जाती है । वही अन्य पेट्रोल पंप की अपेक्षा जियो पेट्रोल पंप पर एक रुपए सस्ता पेट्रोल मिलता है वही 8-8 घंटे की 3 शिफ्ट है हर शिफ्ट में करीब 6 कर्मचारी लगाए हुए है जिससे वाहन चालकों को ज्यादा देरी नहीं लगे वही पेट्रोल पंप सरकार की योजनाओं में महिलाओं को बढ़ावा दिया जा रहा । उसी के मध्यनजर रखते हुए पेट्रोल पंप पर महिलाओं को भी लगाया जा रहा है और रोजगार भी दिया जा रहा है।

## जिला कलक्टर ने घटना स्थल जलवाड़ा तलाई का किया निरीक्षण, बोले - ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए

बढ़ता राजस्थान



बारां (लेखराज शर्मा)। बारां जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने सोमवार को जलवाड़ा तलाई घटना स्थल का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उनके साथ विद्युत विभाग के एसई एन.एम. बिलौटिया, तहसीलदार अभयराज सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। किशनगंज ब्लॉक के ग्राम जलवाड़ा में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में 68 से अधिक भैंसों की मौत हो गई थी। यह हादसा तलाई (तालाब) में अचानक करंट फैलने से हुआ। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में उन सभी जल स्त्रोतों और तलाईयों का तत्काल सर्वे किया जाए, जिनके पास से विद्युत लाइनें या ट्रांसफॉर्मर गुजरे हैं। उन्होंने स्पष्ट आदेश दिए कि जहां भी जोखिम की संभावना हो, वहां तुरंत प्रभाव से विद्युत संरचनाओं को स्थानांतरित किया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## प्रस्तावित मुख्यमंत्री दौरे की तैयारियों को लेकर कपासन में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा आगामी 29 मई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे संबंधित तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली गयी। भाजपा मंडल महामंत्री सोहनलाल खटीक ने बताया कि कपासन ग्रामीण,शनिमहाराज मंडल एवं कपासन नगर की आयोजित संयुक्त बैठक में विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने कहा कि आगामी 29 मई को भूपालसागर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ पन्नाधाय,राणा पूंजा,चंदन,उदय सिंह आदि प्रतिमाओं का अनावरण मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा,केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह,सांसद सीपी जोशी, सहकारिता मंत्री गौतम दक के आतिथ्य में होगा। इस बैठक में कपासन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर,शनिमहाराज मंडल अध्यक्ष रतननाथ योगी, ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# गर्मियों में घर पर बनाएं ये स्पेशल हेयर सीरम, बाल नहीं होंगे चिपचिपे

गर्मी में धूल, मिट्टी और प्रदूषण की वजह से कई तरह की प्रॉब्लम होती है। इस मौसम में कुछ लोग ऑयली स्किन से परेशान रहते हैं, कुछ को पिंपल्स, एक्ने की प्रॉब्लम होती है, तो कुछ फ्रीजी और चिपचिपे बालों से परेशान होते हैं। चेहरे पर प्रॉब्लम हो तो इंसान फिर भी कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन जब बातें बालों की आती है तो नैचुरल सॉल्यूशन ही बेस्ट मानें जाते हैं। इस हेयर सीरम का इस्तेमाल करके आप बालों की चिपचिपाहट से भी छुटकारा पा सकते हैं और बालों को घना भी बना सकते हैं।



### चिपचिपे बालों के लिए सीरम

**सामग्री की लिस्ट :**

- जोजोबा तेल - 2 से 3 चम्मच
- पेपरमिंट ऑयल - 4-5 बूंदें (आप अपनी पसंद का तेल भी इस्तेमाल कर सकते हैं)

### बनाने की विधि

- सबसे पहले एक बाउल में पेपरमिंट ऑयल को निकालें।
- अब इसमें जोजोबा ऑयल को डालकर मिक्स करें।
- जब दोनों तेल अच्छे से मिक्स हो जाए, तो इसे एक बोतल में स्टोर करें।
- इस्तेमाल करने के लिए आपका हेयर सिरम तैयार हो चुका है।
- इस सिरम का इस्तेमाल बालों को हल्का गीला करके करें।
- आप चाहें तो बालों को धोने के बाद भी इस सीरम को बालों में लगा सकते हैं।
- इस सीरम के इस्तेमाल से आपको कुछ ही दिनों में चिपचिपे बालों से छुटकारा मिल जाएगा।

### डल बालों के लिए सीरम

गर्मी के मौसम में जिन लोगों के बाल बेजान और सुस्त नजर आते हैं, उन्हें भी एक खास तरह के सीरम की जरूरत पड़ती है। आइए जानते हैं डल बालों के लिए सीरम कैसे बनाएं।

**सामग्री की लिस्ट :**

- एवोकाडो ऑयल - 4 चम्मच
- बादाम का तेल - 2 चम्मच
- आर्गन ऑयल - 2 चम्मच
- जोजोबा तेल - 2 चम्मच

### बनाने का तरीका

- सबसे पहले एक बाउल में एवोकाडो ऑयल लें और इसे हल्का गुनगुना कर लें।
- जब एवोकाडो ऑयल ठंडा हो जाए, तो इसमें बादाम का तेल और आर्गन ऑयल डालें।
- इसके बाद इस मिश्रण में जोजोबा तेल डालकर मिक्स करें और थोड़ी देर के लिए छोड़ दें।
- जब यह हेयर सीरम तैयार हो जाए, तो इसे स्कैल्स से लेकर नीचे तक लगाएं।
- एक बार बनाने के बाद आप इस हेयर सीरम को 2 सप्ताह तक स्टोर कर सकते हैं।

# आंख आने (कंजंक्टिवाइटिस) पर अपनाएं ये घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा आराम

आंखें हमारे शरीर का एक अहम अंग हैं इसलिए इनकी खास देखभाल करना जरूरी है। हालांकि, धूल-मिट्टी और प्रदूषण की वजह से कई बार आंखों में संक्रमण की शिकायत हो जाती है। इसे आम भाषा में आंख आना कहते हैं। वहीं, अंग्रेजी में इसे कंजंक्टिवाइटिस कहा जाता है। कंजंक्टिवाइटिस होने पर आंखों में एलर्जी और सूजन हो जाती है। आंख आने की स्थिति में आंखें लाल दिखने लगती हैं, जिसकी वजह से इसे पिंक आई के नाम से भी जाना जाता है। साथ ही, आंखों में जलन, खुजली और पानी निकलने जैसी समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है।



### गुलाब जल

आंख आने की समस्या में गुलाब जल का उपयोग काफी लाभदायक साबित होता है। गुलाब जल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो आंखों की सूजन और रेडनेस को कम कर सकते हैं। साथ ही, इससे आंखों को ठंडक भी मिलती है। इसके लिए अपनी आंखों में गुलाब जल की दो बूंदें डालें। कुछ देर तक आंखों को बंद करके रखें। ऐसा करने से आंखों में गए दूषित कण भी निकल जाएंगे।

### टी बैग

आंख आने पर घरेलू उपचार के लिए टी बैग का इस्तेमाल किया जा सकता है। एनसीबीआई पर प्रकाशित एक शोध के मुताबिक ब्लैक टी और ग्रीन टी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सूजन को दूर करने में मददगार हो सकते हैं। इनमें मौजूद टैनिन आंख में होने वाली खुजली से राहत दिला सकता है। इसके लिए एक टी बैग को पानी में डालकर उबाल लें। फिर ठंडा होने के लिए रख दें। जब यह ठंडा हो जाए, तो इसे आंखों पर लगभग 10 मिनट तक रखें। इस प्रक्रिया को दिन में 2-3 बार दोहराएं।

### एलोवेरा

एलोवेरा औषधीय गुणों से भरपूर होता है। एलोवेरा जेल में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो संक्रमण को रोकने में मदद करते हैं। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जिससे सूजन दूर होती है। आंखों के आस-पास एलोवेरा जेल लगाने से कंजक्टिविटिस की शिकायत में काफी आराम मिल सकता है।

### ठंडी सिकाई

आंख आने पर ठंडी सिकाई करने से काफी राहत मिलती है। इसके लिए कॉटन के कपड़े में बर्फ के टुकड़े डालकर बांध लें। अब इसे अपनी आंखों पर रखें और 5 से 10 मिनट सिकाई करें। ऐसा करने से आंखों की सूजन और खुजली कम होगी और आंखों को रिलैक्स मिलेगा।

### धनिया

आंख आने पर धनिया के पत्तों का प्रयोग भी काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, धनिया के पत्ते एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होते हैं, जो सूजन को कम करने में मददगार हो सकते हैं। इसके लिए धनिया के पत्तों को पानी में उबालना लें।फिर इसे छानकर ठंडा कर लें। जब ठंडा हो जाए, तो इस पानी से आंखों को धो लें। इससे आपको काफी राहत मिल सकती है।

# गर्मियों में घमौरियों से छुटकारा पाने के लिए इन तरीकों से करें शहद का इस्तेमाल



गर्मियों का सीजन आते ही स्किन संबंधी कई समस्याएं हो जाती है। गर्मियों में पसीना निकलने की वजह से कई बार घमौरियों के साथ त्वचा में जलन, खुजली और रेशैज की समस्या भी हो जाती है। ये समस्याएं होने पर कई लोग पाउडर और क्रीम आदि का इस्तेमाल करते हैं। इन चीजों का ज्यादा इस्तेमाल स्किन के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में गर्मियों में घमौरियों को दूर करने के लिए शहद का प्रयोग किया जा सकता है। शहद में एंटीबैक्टीरियल गुण होने के साथ ये इंफेक्शन को आसानी से खत्म करता है।



### शहद और नींबू


घमौरियों की समस्या से बचने के लिए आप शहद और नींबू का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच शहद में 1 चम्मच नींबू का रस को मिलाएं। अब इस मिश्रण को प्रभावित जगह पर 10 मिनट के लिए लगाएं। उसके बाद इसे पानी से वॉश करें। ऐसा करने से घमौरियों में आराम मिलेगा।

### शहद और ऑलिव ऑयल

शहद और ऑलिव मिलाकर लगाने से आपको घमौरियों से राहत मिलेगी। शहद एंटी बैक्टीरियल गुण से भरपूर होता है तो ऑलिव ऑयल में एंटीऑक्सीडेंट के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल को लेकर मिश्रण बनाएं और प्रभावित जगह पर लगाएं। उसके बाद नॉर्मल पानी से वॉश करें।

### शहद, बेसन और हल्दी

शहद, बेसन और हल्दी की मदद से भी घमौरियों से छुटकारा पाया जा सकता है। शहद में मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण बैक्टीरिया को दूर करते हैं और त्वचा को मुलायम बनाते हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच शहद में 1/2 बेसन मिलाना है और 1/4 चम्मच हल्दी मिलाकर इसे प्रभावित जगह पर लगाना है। इस उपाय को करने से इरिटेशन, जलन से निजात मिलेगी।



### शहद और चीनी

शहद और चीनी की मदद से भी घमौरियों, जलन और खुजली आदि को दूर किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच शहद में 1/4 चौथाई चम्मच चीनी को मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को घमौरियों वाली जगह पर लगा लें। उसके बाद इस जगह को पानी से वॉश करें। ऐसा करने से घमौरियां से आराम मिलेगा।

### शहद और दही

दही त्वचा को ठंडक देकर घमौरियों को दूर करता हैं। शहद और दही का इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच शहद और 2 चम्मच दही को मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को प्रभावित जगह पर लगाएं। इस पेस्ट को लगाने से त्वचा को ठंडक मिलेगी और घमौरियां दूर होगी।

# गर्मियों में कच्चा आम खाने से मिल सकते हैं ये फायदे

गर्मी का मौसम आते ही हम सभी आम खाना शुरू कर देते हैं। अमूमन हम आम को फल के रूप में खाते हैं। लेकिन कच्चे आम से रायता से लेकर चटनी व आम पन्ना आदि बनाकर इसका सेवन करते हैं। जहां एक ओर आम का टैंगी टेस्ट बेहद ही टेस्टी लगता है, वहीं यह हेल्थ के लिए भी बेहद ही लाभदायी है। यह विटामिन, खनिज और एंटी-ऑक्सीडेंट से भी भरपूर होता है जो हमारे शरीर को स्वस्थ रहने में मदद करता है।

**शरीर को करें हाइड्रेट :** गर्मी के मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी होता है और इस लिहाज से कच्चे आम का सेवन करना यकीनन अच्छा विचार है। दरअसल, कच्चा आम सोडियम क्लोराइड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, विटामिन सी, कैल्शियम और आयरन से भरपूर होता है जो गर्मियों में अत्यधिक पसीने के कारण खो जाने वाले इलेक्ट्रोलाइट्स को फिर से भरने में मदद करता है। इतना ही नहीं, यह थकान को दूर करने के साथ-साथ आपको ऊर्जावान भी बनाता है।

**इम्यून सिस्टम को करे बूस्ट :** कच्चा आम आपके इम्यून सिस्टम के लिए काफी अच्छा है। इसके सेवल से आपको विटामिन ए और सी पर्याप्त मात्रा में मिलता है, जिसके कारण यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। इतना ही नहीं, यह संक्रमण और फ्लू को रोकता है जो वायरस और बैक्टीरिया के कारण होता है।

**हड्डियों को मिलती है मजबूती :** आपको शायद पता ना हो, लेकिन कच्चा आम हड्डियों के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, यह विटामिन सी से भरपूर है, जो कोलेजन बनाने में मदद करता है। साथ ही, यह कनेक्टिव टिश्यू को भी बेहतर बनाए रखने में मदद करता है। इसलिए, अगर आप कच्चे आम को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो इससे आपकी हड्डियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**कब्ज से बचाए :** अगर आप अपने पाचन तंत्र का बेहतर तरीके से ख्याल रखना चाहते हैं तो ऐसे में आपको कच्चे आम का सेवन करना चाहिए। कच्चा आम फाइबर से भरपूर होता है।

# उड़द की दाल से लाएं चेहरे पर निखार

हर कोई चाहता है कि उसकी स्किन चमकदार और दमकती हुई हो। लेकिन, इन दिनों जैसा मौसम है, इसका सबसे बुरा असर आपकी त्वचा पर ही पड़ रहा है। दरअसल, बढ़ती गर्मी और खराब जीवनशैली की वजह से स्किन की चमक खो जाती है। स्किन की चमक बरकरार रखनी है, तो इसके लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन की प्रॉपर केयर करें, सही स्किन केयर रूटीन बनाएं और अच्छे प्रोडक्ट यूज करें। कई बार यह सब करने के बावजूद स्किन पर अच्छा असर नजर नहीं आता है। ऐसी सिचुएशन में, आप अपनी स्किन पर उड़द की दाल से बना फेस मास्क लगा सकते हैं।

**कैसे बनाएं फैस पैक :** उड़द की दाल का फेस पैक बनाने के लिए आप आधा कप उड़द की दाल को रात में ही भिगोकर रख दें। सुबह भीगी हुई दाल को अच्छी तरह ग्राइंड कर लें। ध्यान रहे कि दाल इतनी अच्छी तरह पिस जाए, ताकि उसमें जरा भी साबुत दाल का टुकड़ा न बचे। साबुत दाल को चेहरे पर फेस पैक की तरह लगाना मुश्किल रहता है। आप दाल को तब तक ग्राइंड करें,



जब तक आपको एक कंसीस्टेंट मिश्रण मिल जाए। इसके बाद, पिसी दाल में दो से तीन चम्मच कच्चा दूध, दो से तीन चम्मच घी या मक्खन डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें।

**लगाने का तरीका :** अब उड़द की दाल से बने फेस पैक को अपने चेहरे पर अच्छी तरह लगा लें। आप चेहरे के आसपास के हिस्से में भी इस फेस पैक को अप्लाई कर सकते हैं। करीब आधे घंटे के लिए मिश्रण को लगा रहने दें। जब लगे कि मिश्रण अच्छी तरह से सूख गया है, तो गुनगुने पानी से चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। अच्छे रिजल्ट के लिए आप इस मिश्रण को सप्ताह में कम से तीन बार अप्लाई करें। इससे चेहरे पर अलग ही चमक दिखेगी और निखार भी आएगा।

**कील-मुंहासे खत्म होते हैं :** उड़द की दाल से बने इस फेस पैक को अगर आप नियमित रूप से यानी प्रत्येक सप्ताह में तीन बार लगाते हैं, तो इससे कील-मुंहासों की समस्या मे कमी आती है। वास्तव में, उड़द की दाल में नेचुरल एंटीसेप्टिक प्रोपर्टीज होती है, जो कि उन बैक्टीरिया को मारते हैं, जिसकी वजह से चेहरे पर कील-मुंहासे होते हैं। इसके अलावा, कील-मुंहासों की एक वजह ऑयली स्किन भी है। जिन लोगों की स्किन ऑयली होती है, उन्हें इसका उपयोग करना चाहिए।

**चेहरे का निखार बढ़ता है :** अगर आपकी स्किन मौसम या काम के प्रेशर की वजह से अक्सर डल नजर आती है, तो आपको चाहिए इस फेस पैक का उपयोग जरूर करें। यह फेस आपकी अनइवेन स्किन टोन या डल स्किन में निखार लाने का काम करता है। दरअसल, उड़द की दाल में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो स्किन को ग्लोइंग बनाते हैं। इसके अलावा, उड़द की दाल से बने फेस पैक में ब्लीचिंग प्रोपर्टी भी होती है, जो कि स्किन को इवेन टोन देने में मदद करते हैं।

**सनबर्न रिमूव करता है :** उड़द की दाल में कूलिंग इफेक्ट होता है, जो कि सनबर्न से बचाने में आपकी मदद कर सकता है। आप चाहें, तो उड़द की दाल से बने फेसपैक में दो से तीन चम्मच दही मिलाकर इसे अच्छी तरह ग्राइंड कर लें। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। इससे आपके चेहरे पर हुए सनबर्न की प्रॉब्लम खत्म होगी।



# नवजात बच्चों को जरूर कराएं ये एक्सरसाइज शरीर के साथ बच्चे का दिमाग भी रहेगा स्वस्थ

शरीर को सेहतमंद बनाए रखने के लिए एक्सरसाइज बहुत जरूरी होती है। इसीलिए हर उम्र के लोगों को किसी ना किसी तरह से फिजिकली एक्टिविटी करते रहने की सलाह दी जाती है। वहीं कुछ एक एक्सरसाइज नवजात शिशु को भी करवाई जाती हैं। बच्चे के विकास में कुछ प्रभावी तकनीकें सहायता और फ्लेक्सिबिलिटी में सुधार लाने का काम कर सकती हैं। नवजात बच्चे को एक्सरसाइज करवाने से बच्चे की हड्डियां, जोड़ और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसके साथ ही बच्चे के मोटर स्किल्स को भी मदद मिलती है।

### एक साल से कम उम्र के बच्चे के लिए एक्सरसाइज

बच्चे को पूरा दिन एक्टिव रखने का प्रयास करना चाहिए। आप बच्चे को हर रोज कई तरीकों से एक्टिव रख सकते हैं। उदाहरण के तौर पर घुटनों के बल चलना। यदि बच्चे ने अपने उम्र के हिसाब से अभी तक चलना शुरू नहीं किया है तो आप अपने बच्चे को पुशिंग, उसके सिर का हिलाने, पुलिंग, बॉडी और हाथ-पैरों को स्ट्रेच आदि कुछ एक्टिविटीज करवानी चाहिए।

### बच्चे के लिए टमी टाइम दें

जब बच्चा जागा हुआ हो तो उसे दिनभर में करीब आधे घंटे के लिए टमी टाइम जरूर करवाएं। जब बेबी खुद से मूव करने लगे तो जितना हो सके उतना ज्यादा से ज्यादा खेलने दें और एक्टिव रहने दें।

### बच्चे को ना रखें इनएक्टिव

नवजात बच्चे से लेकर 1 साल तक के बच्चे को सुपरवाईज्ड फ्लोर प्ले जरूर करवाना चाहिए। बच्चे को एक घंटे से अधिक देर तक इनएक्टिव नहीं रखना चाहिए। बता दें कि 1 से 5 साल तक के बच्चों को पूरे दिन में कम से कम 3 घंटे के लिए फिजिकल रूप से एक्टिव रहना चाहिए। वहीं 5 से 17 साल के बच्चों कि पूरे दिन में कम से कम 1 घंटे मॉडरेट से कठिन फिजिकल एक्टिविटीज करनी चाहिए। वहीं सप्ताह में कम से कम 3 दिन ऐसी एक्टिविटीज में हिस्सा जरूर लेना चाहिए, जिससे कि उनकी मांसपेशियां और हड्डियां मजबूत हों।

### बच्चे को कराएं बाईसाईक्लिंग

कई पैरेंट्स अपने बच्चों को कोलिक पेन, कब्ज या गैस आदि से राहत दिलाने के लिए बच्चे के पैरों को साइकिल की तरह चलाते हैं। ये एक्सरसाइज घुटनों, कूल्हों, बच्चे के जोड़ों और पेट की मांसपेशियों के लिए काफी अच्छी रहती है। इससे बच्चों की टांगों में लचीलापन आता है। इसके लिए सबसे पहले आप बच्चे को पीठ के लिए लिटा दें। फिर बच्चे की टांगों को एक-एक कर के अपने हाथों से ऊपर-नीचे करें। यह एक्सरसाइज बच्चों को भी बहुत पसंद होती है।

### क्लाइंब माउंटेन

यदि आपके बेबी ने घुटने के बल चलना शुरू कर दिया है तो क्लाइंब माउंटेन एक्सरसाइज उसके लिए बेहतरीन रहेगी। बेबी को यह एक्सरसाइज कराने के लिए बेड पर कुछ तकिए रख दें। फिर बेबी को उन तकिए के ऊपर से चढ़ कर आने के लिए कहें। यह एक्सरसाइज बच्चों के हाथों-पैरों के जोड़ों को मजबूत बनाने में मदद करती है।

# महिलाओं को केला खाने से मिलते हैं ये खास फायदे

केला शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट और पोटेशिम आदि तत्व पाए जाते है। इसके सेवन से पाचन तंत्र हेल्दी होने के साथ हड्डियां भी मजबूत होती है। अधिकतर लोग केला खाने काफी पसंद करते है। ये शरीर में इंस्टेंट एनर्जी देने के साथ शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते है। लेकिन क्या आप जानते हैं महिलाओं को केला अवश्य खाना चाहिए।



### वजन घटाने में मददगार

कई महिलाएं वजन कम करने को लेकर काफी परेशान रहती है। ऐसे में महिलाएं केला खाकर भी वजन को कम कर सकती है। केले में भरपूर मात्रा में फाइबर पाए जाते है, जो पेट को लंबे समय तक भरकर रखते है और आप अतिरिक्त खाने से बच जाता है। ऐसे में वजन घटाने में मदद मिलती है।

### अनिद्रा दूर करने में सहायक

जी हां, केला खाने से अनिद्रा को दूर करने में मदद मिलती है। केले में ट्रिप्टोफैन नामक तत्व पाया जाता है, जो अनिद्रा को दूर करने के साथ गहरी नींद को लाने में मदद करता है। महिलाएं रोज दिन में एक केला आसानी से खा सकती है।

### पाचन दुरुस्त होता है

केले में प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो क्बज की समस्या को दूर करने के साथ पाचन को दुरुस्त करता है। इसके सेवन से गैस, कब्ज और एसिडिटी की समस्या आसानी से दूर होती है। ये पचने में भी काफी आसान होता है, जो शरीर को हेल्दी रखता है।

### शरीर को एनर्जी मिलती है

महिलाओं को रोज 1 केले का सेवन करना चाहिए। इसके सेवन से शरीर को ऊर्जा मिलने के साथ शरीर स्वस्थ रहता है। ये शरीर की कमजोरी को भी दूर करता है और शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसका सेवन नाश्ते में भी किया जा सकता है।

### एनीमिया से बचाव करे

केला खाने से एनीमिया से बचाव होता है और शरीर में हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है। कई बार महिलाओं में खून की कमी के कारण कमजोरी का अनुभव होता है। ऐसे में रोज 1 केला खाने से एनीमिया और कमजोरी दूर होने के साथ शरीर हेल्दी भी रहता है।

# नवाजुद्दीन@51

## कई लड़कियों से रिलेशन, सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप

**डेढ़ साल पारले-जी खाकर गुजारा, भूख से बिगड़ी सेहत; सेट से भगाए गए, सुसाइड का सोचा**



**आज पूरी दुनिया नवाजुद्दीन सिद्दीकी के एक्टिंग टैलेंट का लोहा मानती है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के एक छोटे से गांव बुढ़ाना में एक किसान परिवार में जन्मे नवाज के लिए बॉलीवुड का सफर इतना भी आसान नहीं था। कभी वॉचमैन की नौकरी की, तो कभी बिस्किट खाकर गुजारा किया।**

**कड़े संघर्ष के बावजूद नवाज ने कभी हिम्मत नहीं हारी। उनका एक ही सपना था, एक्टर बनना। भले ही इस सपने को पूरा होने में 50 साल क्यों ना लग जाते। इसलिए उन्होंने अपने करियर के लिए प्लान बी नहीं बनाया था। अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के बाद नवाज ने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अब तक कई यादगार किरदार निभा चुके नवाज का विवादों से भी गहरा नाता रहा है। पूर्व मिस इंडिया अर्थ और बॉलीवुड एक्ट्रेस निहारिका सिंह ने उन पर सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप लगाए थे।**

### गार्ड ने सेट में घुसने से रोक दिया था

दिल्ली से मुंबई आने के बाद भी नवाजुद्दीन सिद्दीकी को काफी स्ट्रगल करना पड़ा। एक इंटरव्यू के दौरान नवाज ने बताया था कि करियर के शुरुआती दौर में जब वो ऑडिशन के लिए जाते थे, तो लोग कहते थे कि वे अभिनेता जैसे नहीं दिखते। इससे उन्हें गुस्सा और दुख होता था। आमिर खान की फिल्म तलाश का एक किस्सा शेयर करते हुए नवाज ने कहा था कि फिल्म की शूटिंग के दौरान एक गार्ड ने उन्हें सेट में घुसने से रोक दिया था। गार्ड को समझाने के बाद ही उन्हें अंदर जाने दिया गया।

### शक्ल से लोग नफरत करते थे

नवाजुद्दीन के रंग और शक्ल को लेकर लोगों ने उनके साथ बहुत बुरा बर्ताव किया। न्यूज 18 को दिए इंटरव्यू के दौरान नवाज ने कहा था- कुछ लोग मेरी शक्ल से नफरत करते हैं, पता नहीं क्यों? शायद इसलिए कि मैं बुरा दिखता हूं। मैं आईने में देखता हूं तो सोचता हूं कि इतनी खराब शक्ल लेकर फिल्म इंडस्ट्री में क्यों आया?

### सेट से कॉलर पकड़कर निकाले गए

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने हाल ही एक इंटरव्यू में उस दौर को याद किया, जब वह फिल्मों में छोटे-मोटे रोल किया करते थे। तब शूटिंग के दौरान सेट पर उनके साथ बुरा बर्ताव किया जाता था। एक बार नवाजुद्दीन सिद्दीकी को सिर्फ इस बात पर कॉलर से पकड़कर बाहर निकाल दिया गया था, क्योंकि वह उस जगह खाना खा रहे थे, जहां मेन लीड एक्टर्स खाते थे। सेट पर खाने की व्यवस्था और खुद के साथ हुए बर्ताव पर नवाजुद्दीन ने कहा था- इंडस्ट्री में खाने का अरेंजमेंट भी अलग-अलग होता है।

### एक साल तक अंधे बने रहे

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से पहले लखनऊ स्थित भारतेंदु नाट्य अकादमी से एक्टिंग की पढ़ाई की थी। इसके बाद उन्होंने दिल्ली में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में दाखिला लिया और वहां एक्टिंग की पढ़ाई की। लखनऊ में एक्टिंग की पढ़ाई के दौरान नवाज ने सस्ती सब्जी खरीदने के लिए एक साल तक अंधे की एक्टिंग की। इस दौरान सब्जी वाला नहीं समझ पाया कि वे अंधे नहीं हैं।

### बिस्किट देखकर ही कंपकपी छूट जाती है

दिल्ली में संघर्ष के दिनों में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और विजय राज साथ रहते थे। शुरुआत में उन्होंने दिल्ली में वॉचमैन की नौकरी भी की थी। उस दौरान एक ऐसा भी समय आया जब उन्हें बिस्किट खाकर गुजारा करना पड़ा। पिंकविला को दिए इंटरव्यू में नवाजुद्दीन ने कहा था कि संघर्ष के दिनों में पारले-जी बिस्किट ही इनका नाश्ता, लंच और डिनर था। जब भी भूख लगती तो ये पारले-जी बिस्किट खाते थे। नवाज ने अपने जीवन में इतने पारले-जी बिस्किट खाए कि उन्हें अब इस बिस्किट को देखकर ही कंपकपी छूट जाती है।

### नवाज ने मान लिया था कि वह नहीं बचेंगे

**एक समय ऐसा भी था जब नवाज के पास खाने तक के लिए पैसे नहीं होते थे। इसकी वजह से उनकी सेहत बिगड़ने लगी थी। अपनी बिगड़ती सेहत को देखकर उन्होंने मान लिया था कि वह नहीं बचेंगे। फिर भी उन्होंने बॉलीवुड को नहीं छोड़ा। वो डटे रहे, उन्हें इस बात का भरोसा था कि उनके लिए बॉलीवुड के दरवाजे जरूर खुलेंगे। भले ही 50 साल क्यों न लग जाएं। इसलिए उन्होंने अपने करियर के लिए कोई दूसरा प्लान भी नहीं बनाया था।**

### अनुराग कश्यप ने जमकर फटकार लगाई थी

अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी की किस्मत चमका दी थी। शुभंकर मिश्रा के पॉडकास्ट में नवाज ने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से जुड़ा दिलचस्प किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान अनुराग ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को जमकर फटकार लगा दी थी। नवाज ने बताया कि एक दिन अनुराग ने फोन कर कहा कि मैं एक फिल्म बना रहा हूं। मैं तुझे एक स्क्रिप्ट भेज रहा हूं। मैं कैरेक्टर की 10-15 लाइन पढ़कर समझ गया था कि ये शानदार रोल है। मैं किसी भी हाल में ये रोल नहीं छोड़ूंगा।

### निहारिका सिंह ने लगाए थे सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप

फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' की सफलता के बाद नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस फिल्म के बाद उन्होंने कई यादगार किरदार निभाए तो वहीं उन पर सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप भी लगे। सस्द्धञ्ञश्रश्च अभियान के तहत पूर्व मिस इंडिया अर्थ और बॉलीवुड एक्ट्रेस निहारिका सिंह ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी पर सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप लगाए थे। निहारिका के मुताबिक एक सुबह जब मैं घर पर थी, नवाज रातभर शूटिंग करके लौटे थे। वो मेरे घर के आसपास ही रहते थे। मैंने उन्हें ब्रेकफास्ट के लिए घर पर बुलाया। जब मैंने गेट खोला तो नवाज ने मुझे जोर से जकड़ लिया। मैंने उन्हें धक्का देने की कोशिश की और काफी झूमाझटकी के बाद मैं उनकी पकड़ से छूट पाई।

### कई लड़कियों के साथ रिलेशनशिप में थे

मुझे समझ नहीं आ रहा था कि इस रिश्ते का क्या करना है। नवाज ने मुझसे कहा- मेरा सपना है कि परेश रावल और मनोज वाजपेयी की तरह उनकी पत्नी भी मिस इंडिया या फिर एक्ट्रेस हो। निहारिका के मुताबिक, उन्हें काफी समय के बाद पता चला कि नवाज कई लड़कियों के साथ रिलेशनशिप में हैं और सबको अलग-अलग कहानियां सुनाते हैं। एक के बाद एक झूठ सामने आने की वजह से मैंने उनसे रिश्ते खत्म कर लिए थे।

### सुसाइड करने की सोचने लगे थे

पंचायत फेम एक्ट्रेस सुनीता राजवार नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पहली गर्लफ्रेंड थीं। इस बात का जिक्र नवाज ने अपनी किताब एन ऑर्डिनरी लाइफ में किया है। नवाज ने अपनी किताब में सुनीता का जिक्र करते हुए लिखा है कि वो उनका पहला प्यार थीं, लेकिन गरीबी के कारण सुनीता ने उन्हें छोड़ दिया। नवाज ने लिखा था कि बेरोजगारी की वजह से जब उनका ब्रेकअप हुआ, उस वक्त वो सुसाइड तक की सोचने लगे थे।

### एक्ट्रेस बोलीं नवाज मुझे तुमसे घिन आती है

जब ये किताब सुनीता ने पढ़ी तो उन्हें इसमें झूठ के सिवाय कुछ ना मिला। तब सुनीता ने नवाज के खिलाफ एक लंबी-चौड़ी पोस्ट लिखी। इन झूठी बातों से नाराज सुनीता ने लिखा था कि नवाज मुझे तुमसे घिन आती है। तुम्हें औरतों की इज्जत करनी नहीं आती। मैंने तुम्हें तुम्हारी गरीबी की वजह से नहीं, तुम्हारी गरीब सोच की वजह से छोड़ा था। तुमने अपनी बायोग्राफी से साबित कर दिया कि मैं जिस नवाज को जानती थी तुम आज उससे ज्यादा गरीब हो। न तुम्हें तब औरतों की इज्जत करनी आती थी और न ही अब सीख पाए हो।

### पतंग से लड़की को चिट्ठी भेजते थे

पिंकविला को दिए इंटरव्यू के दौरान नवाज ने बचपन का एक किस्सा शेयर करते हुए अपने पड़ोस की एक लड़की को पसंद करने की बात कबूल की थी। उन्होंने कहा था- मैं अपने पड़ोस की एक लड़की को पतंग पर चिपकाकर चिट्ठी भेजता था। मैं पतंग उस लड़की की छत की तरफ उड़ाता था। वह लड़की पतंग से चिट्ठी निकाल लेती थी। कई बार मुझे हवा की दिशा सही होने का इंतजार भी करना पड़ता। एक दिन लड़की के पिता ने एक चिट्ठी पकड़ ली। फिर हम दोनों के लिए थोड़ी मुश्किल हो गई थी।



### लड़की के चक्कर में दोस्त से हुई थी लड़ाई

स्वानंद किरकिरे और नवाजुद्दीन एक साथ एनएसडी में पढ़ते थे और दोनों ही एक लड़की को पसंद करते थे। स्वानंद ने ललनटॉप को दिए इंटरव्यू में बताया था कि वो लड़की के साथ प्रगति मैदान में टहल रहे थे, तभी नवाजुद्दीन भी वहां आ गए। दोनों के बीच उस लड़की को लेकर बहस हुई, जो बाद में झगड़े में बदल गई। स्वानंद का कहना है कि नवाजुद्दीन को यह बात पसंद नहीं आई कि वह लड़की के साथ अकेले टहल रहे थे।

### नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बॉलीवुड पर कसा तंज

बहरहाल, नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज ऐसे मुकाम पर हैं जहां वे अपनी बात खुलकर सामने रख सकते हैं। हाल ही में उन्होंने बॉलीवुड पर तंज कसते हुए कहा कि बॉलीवुड में नए विचारों की कमी है और असुरक्षा की भावना ने यहां क्रिएटिविटी को पीछे धकेल दिया है। बॉलीवुड में एक ही चीज को पांच साल तक घसीटा जाता है। जब लोग बोर हो जाते हैं, तभी उसे छोड़ा जाता है। हमारे यहां असुरक्षा बहुत बढ़ गई है। लोग सोचते हैं कि एक फॉर्मूला चल रहा है, तो उसे बार-बार दोहराओ। अब तो दो, तीन और चार भाग बनने लगे हैं।

# अपनी खुशियां कुर्बान करने से आप अच्छी मां नहीं बन जाएंगी, आपको भी हक है : सुरवीन चावला

छोटा पर्दा हो या ओटीटी, पंजाबी सिनेमा या बॉलिवुड, सुरवीन चावला ने बतौर कलाकारा हर माध्यम में अपनी छाप छोड़ी है। वह इस बात की भी नज़ीर हैं कि एक पत्नि और मां के दायित्व के बावजूद आप करियर में और ऊंची उड़ान भर सकती हैं।

**हेट स्टोरी 2 हो, उंगली हो या सेक्रेड गेम्स, आपके किरदार बड़े कॉम्पलेक्स रहे हैं। आपके आने वाले चारों शोज क्रिमिनल जस्टिस 4, मंडला मर्डर्स, राणा नायडू 2 और अंधेरा भी डार्क जोन में ही हैं। क्या आपको ऐसे कॉम्प्लेक्स किरदार ही लुभाते हैं?**

शायद, मुझे ऐसा लगता है और मुझे उसमें मजा भी आता है, क्योंकि असल जिंदगी में भी इंसान सिंपल नहीं होता। लोगों की अपनी-अपनी जटिलताएं होती हैं तो जब ऐसे किरदार आते हैं तो मुझे लगता है कि इसमें खेलने को ज्यादा मिलेगा, क्योंकि वे जिंदगी के बहुत करीब होते हैं। ये सही है कि मेरे पास ऐसे ही किरदार आते हैं जो बहुत कॉम्प्लेक्स और लेयर्ड होते हैं, मगर ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ वैसे ही किरदार करना चाहती हूं। मेरा भी मन करता है कि कभी डार्क और हैवी किरदारों के बजाय थोड़े हल्के-फुल्के किरदार करूं। मैं कमर्शल मसालेदार काम भी करना चाहती हूं। जैसे, डीकपल्ड में मुझे बहुत मजा आया, वो हल्का फुल्का, फन शो था। हालांकि, उसमें भी रिश्तों की काम्प्लेक्सिटी थी। ऐसे किरदारों को रियल बनाना ज्यादा चैलेंजिंग है, क्योंकि हमें रियलिस्टिक किरदार करने की इतनी आदत हो जाती है कि उसमें ज्यादा मेहनत लगती है।

**एक 6 साल की बेटी की मां होने के साथ-साथ चार-चार वेब शोज करना भी एक चैलेंज हैं। कैसे तालमेल बिठाती हैं? आपके पति अक्षय ठक्कर इस मामले में कितने सर्पोटिव हैं?**

मैं आपको बहुत ईमानदारी से कहूंगी कि शादी का रिश्ता बराबर पार्टनरशिप के साथ ही निभ सकता है। जैसे, मेरे पति और मेरा प्रफेशन बिल्कुल अलग है। उनके काम की टाइमिंग और जरूरतें अलग हैं। मेरी अलग हैं। उनकी



टाइमिंग निश्चित है, क्योंकि वे अपना बिजनेस चलाते है। मेरे साथ ऐसा नहीं है, मतलब मुझे अगर 30 या 40 दिन शूट करना है, तो कई दिन ऐसे भी होते हैं जब मैं अपनी बेटी को मिल भी नहीं पाती, उन दिनों में अगर मेरे हस्बैंड मुझे सपोर्ट नहीं करें तो मैं काम कर ही नहीं पाऊंगी। वैसे ही, रोज के दिनों में, जब मैं शूट नहीं कर रही हूं, मैं बेटी को ना देखूं तो वे काम पर नहीं जा सकेंगे, तो हमें एक-दूसरे का सहारा और सपोर्ट बनना पड़ेगा। ये श्रेय दोनों पार्टनर्स को जाता है। अगर मर्द बिना किसी तनाव के काम पर जाता है कि उसे घर-बच्चे के बारे में नहीं सोचना तो वही चीज औरत के लिए भी लागू होती है कि वो भी काम पर जाए तो घर और बच्चे के बारे में ना सोचना पड़े कि हां, मेरा पति घर पर है।

**शूटिंग के बिजी शेड्यूल में जब बेटी को नहीं मिल पातीं तो कभी मॉम गिल्ट भी होता है?**

यार, पता नहीं इस बात के लिए मुझे अच्छी नजर से देखा जाएगा या बुरी नजर से, मगर इन 6 सालों में मुझे कभी मॉम गिल्ट नहीं हुआ है। मॉम गिल्ट क्यों होना चाहिए? मैं अपने को पीछे नहीं रख सकती हूं। निश्चित तौर पर हम माओं को बच्चे के लिए बहुत सी चीजें करनी पड़ती हैं। अपनी प्राथमिकताएं बदलनी पड़ती हैं, जिसमें ज्यादातर समय बच्चा सबसे ऊपर होता है, लेकिन मेरे बच्चे से पहले से मेरी एक पहचान है। मैं एक इंसान हूं। मैंने अपनी एक जिंदगी जी है। मेरी भी कुछ चाहतें हैं, तमन्नाएं हैं, ये कुर्बानियां देने से आप अच्छी मां नहीं बन सकती हैं, क्योंकि वो कुर्बानी कहीं ना कहीं आपकी अपनी खुशी को मार रहा है और अपनी खुशी को मारकर आप किसी और को खुशी नहीं दे सकते। आपका नर्वस सिस्टम रेगुलेट नहीं होता है, क्योंकि आप अपनी खुशी या जो चीज आपको संतुष्टि देती है, उसे मारकर किसे खुशी दे सकते हैं? तो मेरा मानना है कि बच्चे और पार्टनर के बाद भी अपनी जरूरतों को आगे रखना जरूरी है।

**क्रिमिनल जस्टिस 4 में घरेलू हिंसा जैसा गंभीर मुद्दा उठाया गया है। आज के आधुनिक दौर में भी तमाम औरतें ऐसी हिंसा और गैर-बराबरी सह रही हैं। आप इस बारे में क्या सोचती हैं?**

इस समस्या के पीछे बहुत सारे कारण हैं। हमारे लिए बात करना बहुत आसान है, मगर जो ये सब सहती हैं, उन पर क्या बीतती है, उनकी क्या मजबूरी है! वो आप नहीं जानते। कोई इंसान बिना वजह कुछ नहीं झेलता है। हम शहरी, पढ़े लिखे, आर्थिक रूप से सक्षम लोग हैं। हम अपनी सोच में भी आजाद ख्याल औरतें हैं तो हम अपने घर पर बैठकर बोल सकते हैं कि उन्हें आवाज उठानी चाहिए, सहना नहीं चाहिए, लेकिन जिनके हालात ऐसे नहीं हैं, उनकी आवाज निकलेगी कैसे? उनके ईको सिस्टम में सपोर्ट क्या है? जो औरत आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है, वो जाएगी कहां? तो इसका एक बड़ा पहलू ये भी है कि अगर आप आर्थिक रूप से स्वतंत्र होंगी तो आप आवाज उठा पाएंगी।



# सेल्फी के लिए भीड़ ने तमन्ना भाटिया को घेरा

## एक्ट्रेस को परेशान देख भड़के फैंस, बोले- आखिरकार सिक्योरिटी आखिर है कहां?

तमन्ना भाटिया का एक वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह भीड़ के बीच फंसी हुई नजर आ रही हैं। फोटो खिंचवाने की होड़ में लोगों ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया, जिससे एक्ट्रेस असहज महसूस करने लगीं। इस वीडियो को देखने के बाद उनके फैंस नाराज हो गए और लोगों के इस व्यवहार पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

### भीड़ के बीच फंसी तमन्ना :

दरअसल, 17 मई को मुंबई में 23वें जी सिने अवॉर्ड 2025 का आयोजन किया गया था, जहां तमन्ना भाटिया ने 'आज की रात', 'चिकनी चमेली' जैसे बॉलीवुड गानों पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी। इसी बीच अब एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना को इवेंट के बाद बाहर निकलते हुए देखा जा सकता है। इसी दौरान फोटो खिंचवाने और सेल्फी लेने की कोशिश में लोगों ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया, जिससे वह काफी परेशान और असहज नजर आईं।

जैसे ही यह वीडियो सामने आया तो सोशल मीडिया पर यूजर्स भड़क गए। एक ने लिखा, उनकी सिक्योरिटी कहां है?', दूसरे ने लिखा, वो अनकंफर्टेबल हो रही है भाई, समझे नहीं तुम लोग।', इस अलावा कई और लोगों ने एक्ट्रेस की सिक्योरिटी को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

### राशा और अनन्या की परफॉर्मेंस भी चर्चा में

फिल्म आजाद से बॉलीवुड डेब्यू करने वालीं रवीना टंडन की बेटी राशा ने इस साल जी सिने अवॉर्ड में करियर की पहली परफॉर्मेंस दी थी। इसे यादगार बनाने के लिए उन्होंने मां का सबसे आइकॉनिक गाना टिप-टिप बरसा पानी चुना।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060





कोई भी जन्म से बुद्धिमान नहीं होता,
ज्ञान अपने प्रयासों से ही प्राप्त होता है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# सेना बोली- पाकिस्तान ने गोल्डन टेंपल को निशाना बनाया था

## ऑपरेशन सिंदूर के लिए बने सांसदों के डेलिगेशन में शामिल नहीं होंगे यूसुफ पठान

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली/श्रीनगर। भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान ने अमृतसर के गोल्डन टेंपल पर निशाना बनाकर मिसाइल दागी थी। इसे भारतीय एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया था। सेना के जवानों ने पंजाब में मार गिराए गए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल का मलबा भी दिखाया। वहीं पंजाब में इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात एक जवान ने कहा कि 8-9 मई की रात को पाकिस्तान ने अचानक फायरिंग की और घुसपैठ की कोशिश की। जिसे हमने नाकाम कर दिया। हमारी फायरिंग का नतीजा ये हुआ कि सुबह होते-होते दुश्मन घुटनों के बल पर आ गए और अपनी पोस्ट पर सफेद झंडा फहरा दिया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने एक और नया वीडियो जारी किया। इसमें सेना ने दिखाया कि पाकिस्तान की तरफ से दागे गए ड्रोन को कैसे मार गिराया। वेस्टर्न कमांड ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- हमने जमीन से आसमान की रक्षा की।

जम्मू-कश्मीर में शोपियां के डीके पोरा इलाके में आर्मी और सीआरपीएफ ने जॉइंट ऑपरेशन में आतंकियों की मदद करने वाले दो सहयोगियों को अरेस्ट किया है। इनके पास से दो पिस्तौल, चार ग्रेनेड, 43 कारतूस बरामद किए गए।

इधर, तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का संदेश देने जाने वाले डेलिगेशन के साथ जाने से मना कर दिया है। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि टीएमसी तय करेगी कि उनकी तरफ से डेलिगेशन में कौन जाएगा। केंद्र सरकार या भाजपा नहीं।



### सेना प्रमुख द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर में जुटे जवानों से मिले

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने राजस्थान के लौंगेवाला में सीमावर्ती इलाके का दौरा किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले जवानों की सराहना की और भारतीय वायुसेना व क्स्त्र के साथ मिलकर की गई संयुक्त कार्रवाई की समीक्षा की। जैसलमेर से कच्छ तक फैले रेगिस्तानी इलाकों में सेना, वायुसेना और क्स्त्र ने मिलकर दुश्मन के इरादों को नाकाम किया। भारतीय सेना ने कहा कि इन कार्रवाइयों से पश्चिमी मोर्चे पर ऑपरेशनल दबदबा और भी मजबूत हुआ है।

### संजय राउत को शरद पवार की सलाह- अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर पार्टी पॉलिटिक्स नहीं हो

एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने शिवसेना (उद्धव) नेता संजय राउत की उस मांग पर आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा विदेशों में भेजे जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का बहिष्कार करने की बात कही थी। पवार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर दलगत राजनीति नहीं होनी चाहिए। पवार ने बताया कि वे खुद पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव के कार्यकाल में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र गए थे। पहलगाम हमले और पाकिस्तान की हरकतों को लेकर भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र कुछ प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है। ऐसे में हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए।

### यूसुफ पठान का डेलिगेशन में शामिल से इनकार, टीएमसी बोली- पार्टी तय करेगी प्रतिनिधि

तृणमूल कांग्रेस के सांसद यूसुफ पठान ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का संदेश देने जाने वाले डेलिगेशन के साथ जाने से मना कर दिया है। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि टीएमसी तय करेगी कि उनकी तरफ से डेलिगेशन में कौन जाएगा। केंद्र सरकार या भाजपा नहीं। पार्टी चाहती है कि उससे पूछकर उनकी पार्टी का सदस्य डेलिगेशन में शामिल किया जाए। पूर्व क्रिकेटर और सांसद यूसुफ पठान के नाम जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय झा के नेतृत्व वाले डेलिगेशन में था। यह डेलिगेशन इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर जाएगा।

### गहलोत बोले- ऑल पार्टी डेलिगेशन सरकार की शरारत

ऑपरेशन सिंदूर के लिए बनाए गए ऑल पार्टी डेलिगेशन को राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सरकार की शरारत बताया। गहलोत ने कहा- शशि थरूर की ड्यूटी थी कि पार्टी को बताते। हम सब उनका सम्मान करते हैं, उनका अपना अनुभव है, उन्हें यूएन का भी अनुभव हैं, वे विदेश राज्य मंत्री भी रहे हैं, अच्छे इंसान हैं। वे कांग्रेस से सांसद होने हैं। ऐसे में सरकार उनको कोई ऑफर करें, तो उन्हें पार्टी हाईकमान से इसके बारे में बात करनी चाहिए थी।

# कोरोना के नए वैरिएंट ने बढ़ाई चिंता

## सिंगापुर में 14,000 केस, भारत में अभी 93 मामले; जेएन1 वैरिएंट के सबसे ज्यादा मरीज

बढ़ता राजस्थान

**सिंगापुर (एजेंसी)।** एशिया के सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, चीन और थाईलैंड में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। इन देशों में नए मामलों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सिंगापुर में 1 मई से 19 मई के बीच 3000 मरीज सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते तक ये संख्या 11,100 थी। यहां मामलों में 28% का इजाफा हुआ है।

हॉन्गकॉन्ग में जनवरी से अब तक 81 मामले सामने आए हैं। इनमें से 30 की मौत हो चुकी है। चीन और थाईलैंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, यहां मरीजों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। भारत में अब तक इससे जुड़े 93 मामले सामने आए हैं।

इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वेरिएंट जेएन1 और उसके सब-वेरिएंट्स एलएफ7 और एनबी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वेरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है।



### चीन-थाईलैंड भी अलर्ट पर, वायरस के मामले दोगुने

चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं। चीन में बीमारियों की जांच करवाने जा रहे मरीजों में कोरोना वायरस पाए जाने के मामले दोगुने हो गए हैं।

लोगों को बूस्टर शॉट लेने की सलाह दी गई है। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज हो सकती है।

वहीं, थाइलैंड में दो अलग-अलग इलाकों मे तेजी से कोविड केस बढ़ने का मामले आए हैं।

### इम्यूनिटी को कमजोर करता है जेएन1 वेरिएंट

जेएन1, ओमिक्रॉन के बीए2.86 का एक स्ट्रेन है। जिसे अगस्त 2023 में पहली बार देखा गया था। दिसंबर 2023 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट घोषित किया।

इसमें करीब 30 म्यूटेशन्स हैं, जो इम्यूनिटी को कमजोर करते हैं। अमेरिका के जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के अनुसार जेएन1 पहले के वैरिएंट्स की तुलना में ज्यादा आसानी से फैलता है, लेकिन यह बहुत गंभीर नहीं है। यह दुनिया के कई हिस्सों में सबसे आम वेरिएंट बना हुआ है।

# सेना पर कमेंट करने वाले हरियाणा के प्रोफेसर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

## गिरफ्तारी को गलत बताया; कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बोले- भाजपा विचारों से डरती है

बढ़ता राजस्थान

**सोनीपत (एजेंसी)।** सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर कमेंट करने वाले सोनीपत की अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। उनके एडवोकेट कपिल सिब्बल ने चीफ जस्टिस बीआर गवई की बेंच से जल्द सुनवाई की मांग की है। 20 या 21 मई को इस मामले की सुनवाई हो सकती है। उधर, कांग्रेस भी अली खान के समर्थन में आ गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, मैं किसी भी व्यक्ति की ट्रोलिंग और गैर कानूनी गिरफ्तारी की निंदा करता हूं। अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी से पता चलता है कि भाजपा किसी भी राय (विचार) से कितना डरती है, जो उन्हें पसंद नहीं है।

मूल रूप से उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रहने वाले अली खान के दादा विभाजन से पहले मुस्लिम लीग के कोषाध्यक्ष थे। उन्होंने मुस्लिम लीग की आर्थिक मदद भी की थी। अली खान ने उच्च शिक्षा विदेश में ली। लखनऊ से शुरुआती पढ़ाई करने के बाद उन्होंने इंग्लैंड की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से पीएचडी की। फिर ईरान-इराक जैसे देशों में भी अध्ययन किया। यूनिवर्सिटी और प्रोफेसर के करीबियों से बात कर उनकी पूरी कहानी पता की।

**लखनऊ में जन्मे, दादा रियासत के अंतिम शासक, मुस्लिम लीग में रहे**-अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान का जन्म 2 दिसंबर 1982 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में हुआ था। उनके पिता का नाम मोहम्मद आमिर है। प्रोफेसर अली खान के दादा अहमद खान महमूदाबाद रियासत के अंतिम शासक थे।

# ट्रम्प ने पुतिन और जेलेंस्की से फोन पर बात की

## रूसी राष्ट्रपति बोले- सही समझौते हो जाएं तो यूक्रेन में सीजफायर मुमकिन

बढ़ता राजस्थान

**मॉस्को (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच सोमवार को फोन पर दो घंटे से ज्यादा बातचीत हुई। पुतिन ने इस बातचीत को बहुत ज्यादा अच्छा बताया है। पुतिन ने कहा कि अगर सही समझौते हो जाएं तो यूक्रेन में कुछ समय के लिए युद्धविराम मुमकिन है। पुतिन ने कहा कि संघर्ष की असल वजह को खत्म करना होगा। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक पुतिन ने कहा कि पुतिन ने कहा कि वो यूक्रेन के साथ भविष्य के शांति समझौते पर एक मसौदा तैयार करने के लिए काम करने को तैयार हैं। पुतिन से पहले ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी फोन पर बात की। हालांकि यह बातचीत सिर्फ कुछ मिनट की ही थी।



### रूस पर प्रतिबंध लगाएगा यूरोपीय यूनियन

ट्रम्प और पुतिन के बीच बातचीत की खबर ऐसे वक्त पर आई है जब कल यूरोपीय यूनियन रूस पर नए प्रतिबंधों को ऐलान करने वाला है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 16 मई को तुर्किये के इस्तांबुल में हुई यूक्रेन शांति वार्ता में शामिल नहीं हुए थे। इस वजह से यह प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। मर्त्ज ने कहा था- यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की का इस्तांबुल जाना एक बड़ा सद्भावना संदेश था। पुतिन नहीं आए और उन्होंने खुद को गलत साबित किया। हम रूस पर मंगलवार को ब्रुसेल्स में नए प्रतिबंधों का ऐलान करेंगे।

# पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी को मिलेगा संसद रत्न

## पंजाब में पहली बार किसी एमपी को मिलेगा ये अवॉर्ड, किसान हितों की पैरवी पर चयन

**जालंधर (एजेंसी)।** जालंधर लोकसभा सीट से सांसद और राज्य के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी को संसद रत्न के सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। पिछले 16 वर्षों में पहली बार देश की लोकसभा के लिए पंजाब से चुने गए किसी सांसद को संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है।

जालंधर लोकसभा क्षेत्र से भारी बहुमत से जीतकर देश की लोकसभा में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। देश के दिवंगत राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नेतृत्व में प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन द्वारा 2010 में शुरू किए गए इस पुरस्कार के लिए अब तक 17 संसद सदस्यों और दो लोकसभा स्थायी समितियों के अध्यक्षों का चयन किया जा चुका है।

इस पुरस्कार में कृषि एवं किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत चरणजीत सिंह चन्नी को उनके किसान और खेत मजदूर खेल प्रदर्शन को देखते हुए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस संबंध में रविवार शाम संसद रत्न पुरस्कार समिति की ओर से जारी एक बयान में जानकारी साझा की गई। संसद रत्न अवॉर्ड पूरी तरह से सांसदों के कार्य प्रदर्शन पर आधारित होता है। नामांकन के लिए लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय, पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों का विश्लेषण किया जाता है। इसमें देखा जाता है कि संसद में किस सदस्य की कितनी भागीदारी है, पूछे गए प्रश्नों की संख्या क्या है, प्रस्तुत निजी विधेयकों की संख्या क्या है और बहसों में भागीदारी कितनी है। सही पहलुओं को देखते हुए संसद रत्न के लिए मेंबर्स को चुना जाता है।

# हरियाणा में 15-16 साल के 2 लड़कों की हत्या : गला काटकर फेंका

## एक ने 10वीं पास की थी, दूसरा 5 बहनों का इकलौता भाई

बढ़ता राजस्थान

**कैथल (एजेंसी)।** हरियाणा के कैथल में 2 लड़कों की गला काटकर हत्या कर दी गई। इसके बाद लाशें ड्रेन के पास फेंक दी गईं। दोनों रविवार शाम से लापता थे। पहले परिवार को लगा कि इनमें एक लड़का 10वीं के पास हो गया था तो उसकी खुशी मनाने गए होंगे। हालांकि देर रात घर न लौटने पर उनकी तलाश की गई। मोबाइल लोकेशन से परिजन ड्रेन के पास पहुंचे तो हत्याकांड का पता चला। इसके बाद पुलिस बुलाई गई। दोनों लड़कों की पहचान बरेटा गांव निवासी प्रिंस (15) पुत्र रोहताश और अरमान (16) पुत्र प्रीतम के रूप में हुई है। अरमान पांच बहनों को इकलौता भाई था। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने प्रिंस की पिता की शिकायत पर गांव के ही नौ नाबालिग लड़कों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीकर में इश्योरेंस एजेंट ने किया सुसाइड : नोट में लिखा- बहकाकर 90-95 लाख रुपए ऐंठ लिए

बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** सीकर में फाइनेंस और इंश्योरेंस एजेंट ने फंदे पर लटककर जान दे दी। मृतक ने अपने सुसाइड नोट की शुरुआत जय माँ करणी से की और फिर अपनी मौत का कारण बताया। सदर थाना इलाके के सांवलोदा धायलान निवासी धर्मेंद्र धायल (35) को परिजन कमरे में फंदे पर लटका मिला। तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के सुसाइड नोट में लिखा था- मेरी मौत का जिम्मेदार श्रीराम खीचड़ है। इस आदमी ने मुझे बहकाकर 90-95 लाख रुपए के नीचे दे दिया। सत्यता के लिए IDFC FIRST BANK LIMITED सीकर के दो अकाउंट चेक कर लें, पिछले 3-4 साल का। बाकी किसी की कोई गलती नहीं है। मृतक के पिता भागीरथ मल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल परिजन और ग्रामीण एसके अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर जमा हैं। फाइनेंस और इंश्योरेंस एजेंट धर्मेंद्र धायल (35) के पिता भागीरथ मल ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उनके बेटे ने कमरे में रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सुबह उसके कमरे में देखा तो अचेत हालत में मिला। उसे एसके हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# हाईकोर्ट ने संभल जामा मस्जिद सर्वे को सही ठहराया

## सर्वे रोकने की मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज; कहा- हिंदू पक्ष का केस सुनने योग्य है

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज/संभल (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी के संभल की जामा मस्जिद के सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की उस सिविल रिवीजन याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सर्वे पर रोक की मांग की गई थी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की बेंच ने सोमवार को यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा- अब तक इस मामले में जो भी कार्रवाई हुई, वह सही है। हम कोर्ट कमिश्नर सर्वे में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल केस सुनने योग्य हैं। कोर्ट कमीशन सर्वे और दाखिल वाद पहले की तरह जारी रहेगा। यानी, जामा मस्जिद है या मंदिर इसका मुकदमा भी संभल की लोअर कोर्ट (दीवानी अदालत) में चलता रहेगा। दरअसल, हिंदू पक्ष की याचिका पर संभल कोर्ट ने 19 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद के एडवोकेट कमिश्नर सर्वे का आदेश दिया। उसी शाम टीम सर्वे के लिए पहुंच गई थी। रात होने के कारण सर्वे पूरा नहीं हो पाया था।

# मंत्री विजय शाह केस- सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी बनाई : माफी नामंजूर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/भोपाल (एजेंसी)।** कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की माफी सुप्रीम कोर्ट ने नामंजूर कर दी है। कोर्ट ने मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाने का निर्देश दिया है। हालांकि कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर भी रोक लगा दी है। शाह के वकील ने कहा कि उनके क्लाइंट ने माफी मांग ली है। इस पर कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि आप लोगों के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुके हैं। आप पब्लिक फिगर हैं। आपको बोलते समय अपने शब्दों पर विचार करना चाहिए। इसके बाद कोर्ट ने मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाने के आदेश दिए। इसमें तीन आईपीएस अधिकारी होंगे, जिनमें एक आईजी और बाकी दो स्कलेवल के अफसर होंगे। इनमें एक अधिकारी महिला होना अनिवार्य होगा। सभी अफसर मध्य प्रदेश कैडर के हो सकते हैं, लेकिन राज्य के मूल निवासी नहीं होने चाहिए। एसआईटी 28 मई तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करेगी। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 14 मई को शाह के बयान पर नोटिस लेते हुए एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश पर उनके खिलाफ इंदौर के महू थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके खिलाफ शाह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। मंत्री विजय शाह ने 11 मई को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित हलमा कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा था, उन्होंने कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी की तैसी करने उनके घर भेजा।

# दिल्ली हाईकोर्ट बोला- पछताने से बेहतर सतर्क रहें

## सरकार का दावा- सेलेबी में फैसले लेने वाला कौन, यह महत्वपूर्ण; अगली सुनवाई 21 मई को

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामला जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच में लिस्टेड था। सेलेबी के वकील एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कोर्ट को बताया कि बिना कारण बताए सिक्योरिटी क्लियरेंस कैंसिल कर दिया। कंपनी के शेयरहोल्डर्स तुर्किये के हैं, इसी धारणा के कारण ऐसा किया गया।

सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का ही मामला है, क्योंकि कंपनी का कंट्रोल किसके पास है, और उसे कौन निर्देश दे रहा है यह बात ज्यादा मायने रखती है। इस पर कोर्ट ने कहा कि नियम कहता है कि बाद में पछताने से बेहतर है कि सावधानी बरती जाए। इस मामले पर अगली सुनवाई 21 मई को की जाएगी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com